शक्तिं प्रसाद्य नुतिभिः सफला बभूवु-
स्त्वां नाथ ! तद्विधमपीह शिवत्वदाने ॥

सुनिये नाथ ! संसारमें दूसरोंको जीवन-दान करनेमें ही मग्न रहनेवाले एवं आपका वही शवत्व निवारण-कर्ममें संलग्न सप्तर्षिगण अनेकों स्तुति-पूजनादिसे उन्हीं आदि शक्ति पराम्बाको प्रसन्न बनाकर वैसे शव आपको शिवत्व प्रदान करानेमें सफल हुए ।

तत्प्रेरणापरवशेन हिमालयेन
शक्त्यैधितैर्मुनिगणैश्च समर्थितेन ।
गौरी सुताऽप्यखिलशक्तिमयी परास्या
त्वद्धस्तयोः प्रणिहिता जगतोर्हितार्थम् ॥

उन्हींकी प्रेरणासे एवं अन्य शक्तिसम्पन्न मुनि-महर्षियोंके समर्थन करने पर पर्वतराज हिमालयने भी अखिलशक्तिमयी एवं परातत्त्व कही जानेवाली अपनी प्रियपुत्री उन्हीं गौरीको संसारियोंके कल्याणार्थ आपके कर-कमलोंमें रख दिया ।

किन्तु प्रभो ! त्वमसि हन्त ! परार्थवृत्तिः
स्थाणुर्यथा निरवबोध इवाऽऽत्मतृप्तिः ।
गौरी परन्तु भगवंस्त्वयि जातकामा
त्वां संस्मरत्यहह ! सन्निधिमाप्तुकामा ॥

परन्तु आप हो कि प्रभो ! बडी दुःखकी बात है, निरन्तर परमात्मामें ही अपनी इन्द्रिय-वृत्तियां लगाये हुए हो । अतः अपनी आत्मामें ही तृप्त होनेसे केवल स्थाणु (शिव अथवा ठूंठ) जैसे निरवबोध (ज्ञानहीन) बने हो । परन्तु सुनो ए भगवन् ! देवी गौरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आपके प्रति कामभाव जागृत होनेसे आपका सान्निध्य प्राप्त करनेकी आकाङ्क्षासे आपकी याद कर रही है ।

तस्मात् समाधिमपहाय शिवां स्वशक्तिं
प्रेक्षस्व तां स्वशिवताञ्च कृतार्थय त्वम् ।
यस्याःकृते त्वयि रता विबुधा वयञ्च
प्रोद्गाय शङ्कर ! शिवेत्यभिनन्दयामः ।।

इसलिये हे लोक-कल्याण करनेवाले प्रभो ! अब आप उस समाधिको छोड अपनी शक्तिस्वरूपिणी गौरी देवीकी ओर देखो और अपनी संस्तुत शिवत्वको भी कृतार्थ बनाओ । इसीलिये आपमें रत देवगण और हम सब हे भगवन् ! शिव ! शङ्कर ! इत्यादि सन्नामोंको गा-गाकर आपका अभिनन्दन करते हैं ।

गीतिः

शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम् (ध्रुवपदम्)

हे संसारियोंका कल्याण करने वाले भगवान् शङ्कर ! कल्याण कीजिये, कल्याण (ध्रुवपद)

अघहर ! परमेश्वर ! शङ्कर ! जगतां हर कलुषम्
जागृहि नाथ ! परात्पर ! हे शिव ! नः स्मर कुरु शम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

हे पापनाशक ! परमेश्वर ! हे शङ्कर ! विश्वका पाप-ताप हर दीजिये । हे परात्पर! हे शिव ! अब समाधिसे जग जाइये और हम भक्तोंकी याद कीजिये, कल्याण कीजिये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जय जय शिव ! शङ्कर ! पुरहर ! वरकर ! हर दुरितम्
जय जय गिरिजाप्रिय ! मृड ! वरदं स्मर स्वं चरितम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

हे शिव ! शङ्कर ! हे त्रिपुरहर ! वर हातमें लेनेवाले प्रभो ! हमारे पापोंको नष्ट कीजिये । निरन्तर आपकी जय हो । हे गिरिजाप्रिय ! सभीको सुख पहुँचानेवाले भगवन् ! मन चाही वस्तु देनेवाले अपने चरित्रका स्मरण कीजिये । आपकी जय हो, जय हो ।

त्यज संश्रितमाधिहरं प्रवरं स्वसमाधिमिमम्
कुरु देव ! सुरेश्वर ! रागपरं स्वमनस्तदिदम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

हे स्वतः देदीप्यमान सुरोंके भी ईश्वर प्रभो ! मानसिक व्यथा विनष्ट करनेमें समर्थ अपनेमें संधृत इस समाधिको अब छोड दीजिये । वैसे विरक्त ऐसे मनको अब राग (प्रेम) परक बनाइये ।

भज नाथ ! शिवामशिवां मनसा त्वयि रागपराम्
सरसां कुरु तां क्षणतो भगवंश्चरितैरपराम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

हे नाथ ! आपके प्रति अनुराग करने वाली एवं वह पूर्ण न होनेसे मन ही मन अतिदुःखित देवी गौरीकी ओर देखिए और हे भगवन् ! अपने चरित्रोंसे अनुपम उन देवीको क्षणभरमें सरस (रागयुक्त) बनाइए ।

अवलोकय चाऽत्र कृतीं स्वगतस्थिरसत्यधृतिम्
भवकृत्यगतिं जगतः प्रकृतिं ह्यवसन्नसृतिम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस संसारमें व्यवहार-निपुणा और स्थिर-सत्य-धैर्यवाली एवं हर एक कामोंमें निरन्तर सफल जगत्की प्रकृतिरूप उन देवीको जो आपके अनवलोकनसे अपने मार्गसे च्युत हो रही समझिये ।

जागृहि नाथ ! परात्पर ! शङ्कर ! नः स्मर कुरु शम्
हे शिव ! शङ्कर ! शं कुरु हर ! हर कलुषं कुरु शम् ।
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

हे परात्पर शङ्कर भोलेनाथ! हे शिव ! अब जागिये और हमारा कल्याण कीजिये । हमारे ऊपर ध्यान देकर कल्याण कीजिये । पापको हर दीजिये । हमारा कल्याण कीजिये ।

गौरी गिरीश ! भगवंस्तव जातपूर्वैः
कृत्यैररुन्तुदनिभैर्व्यथितान्तरात्मा ।
तूष्णीं विषीदति विभो ! विजयाजयाभ्यां
संसेव्यमानचरणापि न शान्तिमेति ।।

हे गिरीश प्रभो ! आपद्वारा पहले किये गये मर्मविदारक कृत्योंसे अन्तरात्मा व्यथित हुई देवी गौरी अपनी दोनों सखी जया और विजयाद्वारा श्रीचरणोंकी सेवा किये जाने पर भी हे सर्वव्यापक प्रभो ! मन ही मन खिन्न हो रही है । इस स्थितिमें उन देवीको थोडी सी भी शान्ति नहीं मिल रही है ।

इति प्रथमसर्गे प्रथमा लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीया लीला

इत्थं संस्तुत एष दिव्यमहिमस्वोद्भूतशक्त्या स्वतो
ब्रह्मानन्दपरो जगद्धितकरः स्थाणुर्यथैव स्थितः ।
तस्मात्ते स्तुतिपाठका मुनिगणा देवा वयं तद्गताः
कुर्मस्तत्प्रतिबोधनार्थमसमं संयुक्तगानं पुनः ॥

अपनी दिव्य-महिमाद्वारा अपनेमें ही उत्पन्न शक्तिसे स्वतः ब्रह्मानन्द (त्रिकालाबाधित सत्, चित्, आनन्दपरक) में संस्थित लोककल्याणकारी भगवान् शङ्कर इस प्रकार स्तुति किये जाने पर भी स्थाणु (शिव, या ठूंठ) के ठीक ही टिके रहे । तस्मात् स्तुतिपाठक वे मुनिगण देवता तथा उनमें श्रद्धा-भक्ति रखने वाले हम भी उन प्रभुको जगाने हेतु पुनः संयुक्त-रूपसे ऐसी अनुपम स्तुति करते हैं ।

गीतिः

जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे ! (ध्रुवपदम्)

हे लोककल्याण करनेवाले भगवान् शङ्कर ! अब जागिये और कल्याण कीजिये । (ध्रुवपद)

वरगजकरवदनसुशोभितसुतवरलालितपदयुग हे !
सकलसुरासुरमुनि जनवन्दितपदपद्मविराजित हे !
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

श्रेष्ठ हाथीके सूंड-सदृश वदन (श्रीमुख) से सुशोभित पुत्रद्वारा श्रीचरण सेवित हे नाथ ! सारे सुर और असुर एवं मुनिजनों से वन्दित पद-पद्म- विराजित हे प्रभो !

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वधृतविभूतिविभाजितसकलजगत्स्थितिधारणशील !
स्वजनविपद्धर ! शङ्कर ! हर ! सुजनश्रुतिरक्षणलील !
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

अपनेमें संधृत विभूतिद्वारा सारे जगत्की स्थिति धारण करनेमें समर्थ हे नाथ ! आप अपने प्रिय जनोंकी विपदाओंको विनष्ट कर देते हैं और लोककल्याण करते हैं एवं क्लेशोंको हर देते हैं । सुजन और श्रुति (वेद) की रक्षा करना तो आपका स्वभाव ही है । इस स्थितिमें -

सुरमुनिमानवमानसखेलनचतुरां तदिमां च पराम्
गिरमपि मधुरामवलम्ब्य नुतोऽसि विभो ! दिश दृशमपराम् !
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

हे प्रभो ! आप हमद्वारा सुर-मुनि एवं मानवोंके हृदयमें खेलनेमें चतुर सुमधुर इस परावाणीका अवलम्बन कर स्तुति किये गये हो । अतः हे सर्वव्यापक एवं सर्वज्ञनाथ ! हमारे ऊपर दयार्द्र दृष्टि छोडिये ।

प्रथमं जलमेव ससर्ज स चेतिगिरः सततं निगमाः
कथयन्त्यथ ता विबुधा ऋषयो मुनयोऽनुसरन्त्यगमाः ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

विश्वभावन भगवान्ने सृष्टिके आदिकालमें सबसे पहले जलकी सृष्टि की, ऐसी वाणी निगम (वेद) कहते हैं । बादमें निर्णायक देव-महापुरुष और ऋषि-मुनियोंने भी (जिनकी सद्बुद्धि अपार है) उसीका अनुसरण किया ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भगवन् ! स भवान् प्रथमो जलरूपधरोऽमृतत्वमयः
सुकृतं जगतां हितकृद्वरदोऽस्यनिशं भवजीवमयः ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे ।

हे भगवन् भोलेनाथ ! सर्वप्रथम जलरूपधारी वही तो आप अमृततत्वमय हैं जो सारे संसारी जीवोंसे समृद्ध और उन सबके सुकृत है, कल्याणकारी हैं और निरन्तर अभीष्ट वस्तु (मनचाही चीज) देते रहते हैं ।

निखिलेषु हितां सकलचराचरजीवनधारणदक्षाम्
भवजनसुखदां बहुविधबीजविवर्धनविहितसुरक्षाम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

संसारके प्राणिमात्रोंका हित करनेवाली एवं सारे चर-अचर उन सबका जीवन-धारण करानेमें समर्थ तथा सुख पहुंचानेवाली और अनेक प्रकारके बीजोंके परिबर्धनसे सुभिक्ष करानेवाली -

धरणीमिमां च ततो विरचय्य सुखं त्रिपुरहराऽत्र हर !
त्वमभवः क्षितिरूप इमान् स्मर नोऽपि च पश्य सुरप्रवर !
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

इस धरा-माताको भी उसी (जल) से सृष्ट कर हे त्रिपुरनाशक हर प्रभो ! फिर वही आप पृथ्वीरूप बने । तस्मात् हे सुरोंमें श्रेष्ठ नाथ ! अब उसी पृथ्वीमें बैठनेवालोंकी भी याद कीजिये और हम भक्तोंकी ओर देखिये ।

जगति प्रलये हर ! तमसा व्याप्त इदं विहितोन्मेषम्
त्रिनयन ! वह्न्यक्षि बिभर्षि तेन च तच्च दहस्यविशेषम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रलयकालमें सारा जगत् गाढान्धकारसे व्याप्त होनेपर हे तीन नेत्रवाले प्रभो ! आप उन्मेष किया गया (उघाडा गया) वन्हिमय नेत्र धारण करते हो और उसीसे उस सारे अन्धकारको निःशेष विनष्ट कर देते हो ।

सकलजगद्गततिमिरं च तदुत्थभयं तदा विततम्
धृतदिनकररूप ! दयाकर! हर ! विनिहतवान् स रविस्त्वम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

उस समय समस्त लोकमें व्याप्त अन्धकार एवं उससे उत्पन्न जगद्व्यापी भयको भी भगवान् दिनकर (सूर्य) का रूप धारण कर हे दयाकर हर प्रभो ! आपने ही तो विनष्ट कर दिया था,वही तो आप रवि (सूर्य) हैं ।

व्यवहृतिहतबुद्धिगतं परिवृद्धमयो भवजनतापम्
शमयसि धृतविधुरूप ! विभो ! विकिरसि शमदं करजातम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

हे शशिरूप-धारण करनेवाले सर्वव्यापक प्रभो ! सांसारिक व्यवहारोंसे विभ्रष्ट बुद्धिमें टिका और निरन्तर बढा उन संसारियोंके विविध (आत्मिक, दैविक और भौतिक) तापको शान्ति पहुंचानेवाले किरणसमूहोंद्वारा नाश कर देते हो ।

प्रहुतहविश्च सुधीभिरहो ! भवभूतमयं सदभिख्यम्
सविधि मखेऽर्पितमग्निमुखाच्च समत्सि मृडाऽत्र हविस्त्वम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

सत् कही जानेवाली संसारके प्राणिमय वस्तुओंसे विद्वानोंद्वारा यज्ञोंमें विधिपूर्वक हवन की गई एवं समर्पित हवि (हवनीय सामग्री) को भी उसी अग्निमुखसे ग्रहण करते हो । हे सर्वसुखदायक प्रभो ! वह हवि भी तो आप ही हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सचराचरविश्वमिदं हतजीवनमवलोक्य विभुस्त्वम्
धृतवानसि गगनशरीरं ह्यवकाशदमङ्ग ! नभस्त्वम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

फिर सर्वव्यापक तुम ही ने तो चराचर प्राणियोंसे समृद्ध इस विश्वको जीवन-समाप्त हुआ जान कर उसको अवकाश देनेके हेतु आकाश-रूप धारण किया । इसलिये आप वही आकाश-रूप हो ।

रूपविहीनोऽस्यवकाशगतोऽसि परं जगदधिपस्त्वम्
शिवमथ भुवनेषु तनोऽस्यविरतजीवनदः पवनस्त्वम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !

उपर्युक्त क्रमसे अवकाशगत होने पर भी आप रूप-विहीन जगदीश्वर हो । इसीसे सारे जगतोंका कल्याण करते हो । तस्मात् निरन्तर (श्वास- प्रश्वासके रूपसे) जीवन देनेवाले आप ही तो वायुदेव हो ।

सुरमुनिभिर्निगमागमविद्भिरुमेश ! यदेव मखे त्वम्
सविधि समर्च्यसे ईश्वर ! शङ्कर ! तद्यजमानमयस्त्वम् ।
जागृहि शङ्कर ! शं कुरु हे !
शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु हे !

उमेश प्रभो ! निगम (वेद) आगम (तन्त्रशास्त्र) जाननेवाले सुर-मुनि-महर्षियोंद्वारा बडे बडे यज्ञादिमें विधिपूर्वक पूजित होते रहते हो । इसलिये हे शङ्कर ईश्वर ! आप स्वयं यजमान-रूप हो । अब जागिये प्रभो ! कल्याण कीजिये, कल्याण ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टाभिस्तनुततिभिर्विवर्णिताभि-
स्त्रैलोक्याधिपतिरसौ प्रहर्षिणीभिः ।
आभिश्च स्तुतिनुतिभिर्नुतः प्रयत्नात्
कुर्यान्नो हृदयमपीह शुद्धमस्मात् ।।

इन विशेषरूपसे वर्णित अष्टमूर्तिके समूहोंद्वारा जो खास कर उन प्रभुको प्रसन्न बनानेमें सक्षम हैं और उनके साथ-साथ की गई इन स्तुति (स्तवन) नुति (नमन) से सत्प्रयास नमस्कृत वे प्रभु हमारे हृदयको भी विशुद्ध बनावें ।

इति प्रथमसर्गे द्वितीया लीला

तृतीया लीला

स्तुत्याऽनया सुकृतया धृतशब्दशक्त्या
संबोधितः प्रभुरसौ स्वसमाधियोगात् ।
उन्मील्य दृष्टिमिदमाह पुरःस्थितांस्ताञ्-
ज्ञात्वाऽपि तद्हृदयभावमपीह युक्त्या ।।

तब शब्दशक्तिका रूप धारण करनेवाली श्रद्धा-भक्तिपूर्वक की गई इस स्तुतिसे अपने समाधियोगसे जगाये गये भगवान् शङ्करने आँखे खोलीं और अपने सामनेके उन सप्तर्षियोंसे उनके हृदयके भावोंको जानते हुए भी युक्तिपूर्वक ऐसे कहा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गीतिः

अयि हिमगिरितनयादृतसुजना ! इतिवृत्तमिदं शृणुत प्रथमम्
निगदति सगुणेयमहो ! मामिह विगुणस्त्वमथ च कुहकस्त्वम्
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथा स्मरथ ? (ध्रुवपदम्)

अयि हिमगिरितनयाद्वारा समादर पाये गये मुनियों ! सुजनों ! सर्वप्रथम आप लोग हमारा इतिवृत्त (पूर्वचरित्र) सुनें । आश्चर्य है कि स्वयं सगुणा होकर वह आप लोगोंकी देवी मुझे विगुण (निर्गुण अथवा विशिष्ट गुणकर) हो और मायावी हो, ऐसा कहती है ।

अयि सुजनों ! क्या आपलोग भी मुझे ऐसा ही समझते हैं ? (ध्रुवपद) ।

कथयन्ति भवन्त इमामशिवां च शिवां मयि रागपरेति बुधाः!
कथयाम्यहमत्र परन्तु हितां दृढरागभरामपरेति मुधा !
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

अयि सज्जनों ! आपलोग शिव-विहीना इस शिवाको मुझमें अनुराग बढाई हुई कहते हैं । परन्तु मैं यहां उसको हितकारिणी होने पर भी व्यर्थके अनुराग- भारसे भरी कहता हूँ ।

मयि शान्तिमिते स्वहिते स्तिमिते परमात्मनि लब्धगतौ वितते
शृणुत प्रथमं भवजैः सकलैरभियाचित एष सदर्थकृते ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

सुनो ऐ सज्जनों ! सर्वप्रथम जब मैं शान्त होकर अपनी आत्माके लिये हितकारक एवं सर्वव्यापक परमात्मामें चित्त लगाकर स्तब्ध हो रहा था । तभी संसारभरके सुजनोंने आवश्यक सत्कार्य कर देनके लिये मुझसे अभियाचना की ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अत एव मयाऽपि हितं चरता भवतां प्रियकर्म समाचरितम्
प्रतिपादितमस्य सुवेतनमत्र च मे गिरिजाकरमेव हितम् ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

इसलिये आप सभीके कल्याणकी चाहसे मैंने भी आपलोगोंका वह प्रियकर्म कर दिया, जिसके बदलेमें मुझे आपलोगोंद्वारा वेतनके रूपमें गिरिजाका हितसम्बर्धनभूत कर (हाथ) ही तो दिया गया ।

तत एत्य गुहां तदिमां स्वहितां विहराव उभौ मनसा च समम्
स्मरवेगवशावभवाव तदा सुदृढं मिलितौ च विना सुरतम् ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ !

विवाहके बाद अपने हितकी इस गुहामें आकर हम दोनों (गौरी और मैं) एक चित्त होकर विहार करने लगे । होते-होते कामदेवके वशीभूत हो विना सुरत (मैथुन) एकाकार होते गये ।

स्मरबर्धितभावपरा गिरिजा तदनु ममाङ्कु उपाविशति स्म
अतनुज्ज्वरविद्धतयाऽहमहो ! सदुपायममुं चाऽरचयं स्म ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

तदनन्तर कामदेवद्वारा अपने मनके भावोंको बढाई गई गिरिजा मेरे अङ्क (गोद) पर बैठ ही तो गई । इधर मैं कामज्ज्वरसे विद्ध होने पर क्या कहूँ ! गजब की बात हुई एक ऐसा ही सत् उपाय रच बैठा ।

स्वशिरःस्थकपर्दतडागतटे गृहकोष्ठ इवाऽऽत्महिते निरताम्
अवधार्य नदीं स्वरूजं शमयन्नहमस्पृशमत्र रतामपि ताम् ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपने सिरके अटाजूटमें बने तालावके किनारे-किनार, जो अपने घरके कमरे जैसा और आनन्ददायी था, मग्न हो बैठी नदी (गङ्गा) की याद कर उस कामज्वरको शान्त करने हेतु शान्ति-दायिनी समझ कर उस गङ्गाको छू बैठा ।

तदनङ्गजतापविदग्धतनोर्मम तां स्थितिमीक्ष्य सरिद् व्यथिता
क्षणतोऽत्र ततो निजमूर्तिरहो ! सरिताऽपि तया शमदा विधृता ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

इस तरह उस कामज्वरके तापसे शरीर तपाये गये मेरी स्थिति देखकर देवी गङ्गा व्यथित हुई । तदनन्तर तत्क्षणमें आश्चर्य है कि उस दरियाने भी शान्तिदायिनी अपनी मूर्ति धर ही ली ।

सुगमं समयं तमवाप्य पुनर्धृतिकामकलेन्दुकला विकला
समभूत् सहसैव तयाऽपि धृता स्वमनोविकृतिस्तदनङ्गचला ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

ऐसा सुगम समय (अवसर) पाकर इधर कामकलाको अपनेमें संजोये रखनेवाली इन्दुकला भी विकल हुई । अतः तत्क्षणमें उसने भी कामकलासे चञ्चल हुई मनोविकृति बना ली ।

मम हृद्गतभूतदया सदया पुनरार्तजनेऽत्र तदुद्धरणे
नुदति स्म च मामभवं विवशो मृगशावकवत्कृत आभिरहो !
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

इधर यहीं आकर मेरे हृदयकी विश्वप्राणियोंके प्रतिकी दया उन लोगोंका उद्धार करनेके लिए मुझे प्रेरणा करने लगी । इस तरह विवश हुआ मैं उन तीनों (गङ्गा, शशिकला और दया) द्वारा मृगशावक (क्रीडामृग) बनाया गया।(गजबकी बात हुई)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत आसु सतीष्ववलासु यदा गतभावतयैकमना अभवम्
गिरिजानयने पतितेऽत्र तदा समभूच्च मनो व्यथितम् ।
अयि सुजनाः ! किमिह मां च तथास्मरथ ?

तब इन तीनों सतियोंके ऊपर मेरा सद्भाव रह जानेसे जब मैं एक मनका हुआ, ठीक इसी समय उस देवी गिरिजाकी आखें मेरी वैसी अवस्था पर टिक गईं । ऐसी स्थितिको ताडने पर मन और भी व्यथित हुआ ।

सकटाक्षममुं च विलोक्य तथाहतयाऽर्थधिया रुषया गतया
प्रविहाय मदङ्कमिदं कथितं विगुणस्त्वमहो ! शिव ! कुहकस्त्वम् ।

तदनन्तर अपनी प्रवृत्तिमें आघात पड जाने पर क्रोधसे उद्धत हुई उस गौरीने टेढी नजरसे मुझे देख और मेरे अङ्कको छोड ऐसा कहा कि शिव ! तुम विगुण (निर्गुण अथवा विशिष्ट गुणवाले) हो और (मायावी छलिया) भी ।

अयि मुनयो ! विगुणोऽयमिति स्मरथ ?
अयि विबुधाः ! कुहकोऽयमिति स्मरथ ?

अयि मुनिजनों ! आप लोग भी क्या मुझे ऐसा ही विगुण समझते हो ! विवुधों ! सुरों ! विद्वानों ! आपलोग भी क्या मुझे वैसा ही मायावी (छलिया) समझते हो ? ।

एतां स्थितिं समवगम्य ममाऽपि वृत्तं
सन्ध्याय कोऽत्र च सदोष उमाऽथवाऽहम् ।
निर्णीय सम्यगिह तत्प्रियमाचरन्तु
यूयं ततोऽत्र सुजनाः ! सफला भवन्तु ।।

सुजनों ! ऐसी स्थितिको समझ कर और मेरे वृत्तके ऊपर ध्यान देकर अब यहाँ उमा और मुझमें दोषी कौन है ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अच्छीतरह निर्णय कर आपलोग हम दोनोंका प्रिय-कर्म करें और अन्तमें सफल हो जायं ।

सोऽहन्तु खिन्नहृदयोऽस्मि जनापवादाद्
भीतोऽस्मि संप्रति शिवारहितः शिवोऽस्मि ।
कैलासकूटमधिश्रित्य तपः-समाधिं
संश्रित्य तज्जविरहाधिमिमं जहीमि ।।

मैं तो अब शिवारहित शिव होनेसे बहुत ही खिन्न हृदय हूँ और लोकापवाद से त्रस्त भी हूं । अतः कैलास-शिखर पर चढकर तपश्चरणरूप समाधिका आश्रय ले उस नव-विवाहिता पत्नीका विरहजन्य इस मानसिक व्यथाका निरसन करूँगा ।

निर्दिश्य तद्गतधियेत्थमिमान् विलीने
तस्मिन् विभावित इमे सुजना विमुग्धाः ।
स्तब्धा बभूवुरितरेतरमीक्षमाणाः
कर्तव्यमूढमनसो निभृतं विषण्णाः ।।

देवी-गौरीके प्रति लगी बुद्धिसे उन सप्तर्षियोंको ऐसा निर्देश कर उन सर्वव्यापक भगवान् शङ्करके अन्तर्धान होने पर इधर ये सारे सुजन विमुग्ध हुए और भीतर ही भीतर विषण्ण (खिन्न) हो किंकर्तव्यविमूढ मनसे अन्योन्यमें देख-देखकर स्तब्ध बने रहे ।

इति प्रथमसर्गे तृतीया लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीयः सर्गः

प्रथमा लीला

वाणी देव्यां वाण्यां वीणां स्वपाणियुगलेन विधृत्य सप्तस्वरमयगीतं गायति कैलासोपवनेऽद्य

देवी वाणी (सरस्वती) अपने पाणियुगलमें वीणा लिये आज उस कैलासके उपवनमें सप्तस्वर (सा.रे.ग.म.प.ध.नि.सा.) मय गीत गाती है ।

गीतिः

विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे. (ध्रुवपदम्)

संसारको सुख पहुँचानेवाले भगवान् शङ्कर कलहान्तरिता (विना कारण पतिसे रूठकर बिछुडी) स्त्रियोंके लिये अत्यन्त भयानक इस नीरस ग्रीष्म-ऋतुमें कैलास शिखरके ओर-छोर तक बौखलाये हुए घूम रहे हैं । (ध्रुवपद)

शुष्कं परितो दूरयत एतज्जगदिह भानोः किरणैरुग्रैः
तपति समग्रो जीवनिकायस्तज्जैस्तापैरिह व्यथते यः ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह सारा जगत भगवान् सूर्यकी उग्र किरणोंसे चारों ओर शुष्क (सूखा) दिखलाई पड रहा है । इधर सारा जीव-समूह उससे उत्पन्न तापसे तप रहा है, जिससे बहुत ही व्यथित है ।

कालो बलवांस्तज्जं विश्वं नियमाधीनं संसरतीत्थम्
सर्वेऽप्येते भौतिकपिण्डा विवशा अस्मिन् विचरन्तीत्थम् ।
विचरति मूढ इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

भगवान काल अत्यन्त बलवान् है । इससे उत्पन्न यह सारा विश्व भी नियमाधीन होकर इसी तरह चक्कर काटता है । ये सारे दृश्य-श्रूयमाण विश्वके भौतिक-पिण्ड ऐसे ही विवश हो कर इसीमें घूम रहे हैं ।

नियमाधीनो भगवानस्मिन् भूत्वाऽप्येषां सर्जक एकः
विचरति विवशः कामविकारैः सगुणीभूयं निर्गुण एकः ।
विचरति मूढ इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

इन सारे जीव समूहके सृष्टिकर्ता भगवान् स्वयं नियमाधीन हो इस संसारमें, निर्गुणी होने पर भी सगुणी बन काम विकारोंसे विवश हो घूम रहें हैं ।

व्यथयति सततं गिरिजारागस्तदुपरि विषमः प्रियजस्तापः
शमयितुमिच्छंस्तमिमं सोऽस्मिन् मृगयत इत्थं भ्रान्त्वा हा(!) पः ।
विचरति मूढ इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

इधर उन प्रभुको गिरिजा प्रतिका प्रेम पीडा पहुँचा रहा है । उधर अपने प्रियजनों (भक्तों) के प्रतिका ताप असह्य हो रहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऐसी स्थिति में इन सबको शान्त करने हेतु इस ग्रीष्म-ऋतुमें कैलास-शिखर पर घूम-घूम कर पानी खोज रहे हैं ।

विकिरति ज्योत्स्नां परितो विश्वं कर्मणि लग्नो भगवांश्चन्द्रः
शान्तिं लभते जगदत्र यतो हन्त ! मृडोऽभून्मन्मथतन्त्रः ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

अपने कर्ममें लगे भगवान् चन्द्र संसारके चारों ओर ज्योत्स्ना (चांदनी) फैला रहे हैं, जिससे सारा विश्व शान्ति पाता है । परन्तु दुःखकी बात है कि संसारको सुख पहुंचाने वाले भगवान् भोलेनाथ कामदेवके वशमें पड रहे हैं ।

हृत्स्था दयिता भवभूतदया नुदति पुनस्तं दयितुं तान् सा
तद्गतचेता विवशीकृतहृत् सीदति ताभ्यो दहति मनोहृत् ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

इधर उनके हृदयकी संसारी प्राणिमात्र प्रतिकी दया (करुणा) उनको इन संसारियोंके प्रति दया करनेको प्रेरित कर रही है । इन सबके ऊपर ध्यान देने पर विवश बने वे प्रभु स्वयं दुखित हैं और कामदेवसे सताये हुए हैं ।

दत्ता स्थानं स्वशिरसि गङ्गा भजति पुनस्तं विधृतशुभाङ्गा
पश्यति लुब्धा चरितैः क्षुब्धा भीताऽन्याभ्यो निभृतं मुग्धा ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

उन्होंने देवी गङ्गाको अपने सिरपर स्थान दिया था । ऐसेमें वह भी अपने मूर्तिमान् शुभाङ्गोंसे उनकी सेवा कर रही है, लुब्ध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हो कर उन्हींकी ओर देख रही है । परन्तु उनके चरित्रोंसे लुब्ध है । तथापि औरोंसे डरी हुई वह एकान्तमें ही मुग्ध है ।

चन्द्रकलाऽसौ शङ्करमेनं मत्वा तद्गतिप्रियमात्मानम्
व्याप्य शरीरं सर्वविधाभिः सेवत इत्थं कामकलाभिः ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

इधर उनके सिरकी चन्द्रकला भी उन प्रभुको अपनी आत्माके प्यारे समझ ऊपरसे नीचे तक व्याप्त कर हर तरहकी काम-कलाओंसे सुसेवन कर रही है ।

भक्तास्ते मे हतभवरागा मद्गतचित्ता मद्गतभावाः
दुष्टैः पिष्टास्त्रायस्वेति कथयन्तीत्थं, सीदति हे (!) ति ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

संसारके विषय-वासनासे हटे मुझपर अपना चित्त और भाव लगाये वे मेरे भक्त भी " हम दुष्टोंसे पीसे गये, अव हमें बचाइए" ऐसा कहते हैं, ऐसे ही सोच कर वे स्वयं दुःखित हो रहे हैं ।

गिरिजाविरहादस्थिरचित्तः स्वधृतविकारैर्हतगुणवित्तः
विहरति ताभिः स्वात्मविनोदं कुर्वन् भगवानत्र भवेच्छम् ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

देवी-गिरिजाके वियोगसे वे स्वयं अस्थिरचित्त हैं । उधर अपनेमें संधृत काम-विकारोंसे सद्गुणरूप वित्त विनष्ट किये हुए हैं । ऐसी स्थितिमें वे प्रभु उपर्युक्त देवियोंसे मनोविनोद करते हुए विहार कर रहे हैं । अब जैसे भी हो लोगोंका कल्याण हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं स्त्रीभिर्हृतचित्तोऽसौ सङ्गादासां दूरस्थोऽपि
मत्सरदृष्ट्या प्रियया दृष्टः क्षुभ्यति शोचति तद्गुणहृष्टः ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

इस प्रकार उन स्त्रियोंद्वारा चित्त हर लिये जाने पर भी इनके सङ्ग (आसक्ति) से दूर रहते हुए भी अपनी प्रिया पत्नी (गौरी) द्वारा मत्सरदृष्टि (गुणोंमें दोषदृष्टि) से देखे जाने पर स्वयंमें विक्षुब्ध हो रहे हैं । इतना होने पर भी प्रिया (गौरी) के गुणोंसे हृष्ट होकर पश्चात्ताप कर रहे हैं ।

सगुणा प्रकृतिर्विश्वकृदेषा मन्यत एनं निर्गुणमेव
सच्चित्स्वात्मानन्दपरोऽसौ विगुणस्तिष्ठति साक्षित्वेन ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

सत्व, रज, तम इन तीनों गुणवाली प्रकृति ही विश्वरचना करती है ओर उन प्रभुको निर्गुण ही मानती है । इधर सत्, चित् आत्मानन्दमें मग्न वे प्रभु विगुण (गुणरहित एवं विशिष्ट गुणका) होकर उन सबमें साक्षीके रूपमें रहते हैं ।

उभयोरनयोर्गुणवैषम्यात् साम्यावस्था नाऽत्र समेति
का वार्तैवं जीवनवृत्ते ब्रह्मप्रकृत्योः समता नेति ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

गुणोंकी विषमतासे इन दोनोंमें साम्यावस्था आ ही नहीं सकती । इस स्थितिमें जीवन-सञ्चालन (दाम्पत्य) क्रियाकी तो बात ही दूर रही । ब्रह्म (पुरुष) प्रकृतिमें समता नहीं आ सकती ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं सत्यपि विश्वविसर्गे लीलारतयोरनयोरत्र
योगः प्रभवतु शुभदो जगतां येन प्रचलतु नियमोऽप्येषाम् ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

ऐसा होने पर-भी विश्व प्रपञ्च बढानेमें अपनी लीलाओंमें रस लेनेवाले इन दोनों लोकोंका कल्याणकारी योग (सहवास) होना ही चाहिये, जिससे संसारियोंका नियम (व्यवहार) चल जाय ।

त्यक्त्वाऽसूयां सद्गुणदृष्ट्या स्थाप्या द्वाभ्यां मैत्री श्रेष्ठा
संयोक्तव्यः पार्थिवपिण्डस्त्वनयोर्लीला भूयाज्ज्येष्ठा ।
विचरति मृड इह नीरसग्रीष्मे
कलहान्तरितानामतिभीष्मे.

अब सद्गुणमात्रोंकी दृष्टिसे अपनी-अपनी ईर्ष्या-दृष्टि छोड दोनोंद्वारा सर्वोत्तम मैत्री रखनी चाहिये और पार्थिव-पिण्डोंको अपने-अपनेमें मिलाना चाहिये, जिससे इनकी लीलायें श्रेष्ठ (व्यावहारिक आदर्श-युक्त) हो ।

इति द्वितीयसर्गे प्रथमा लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीया लीला

तद्गानध्वनिरेष उन्नततरं कैलासकूटं भ्रमं-
स्तत्रत्यां सुगुहां प्रविश्य विरतो विज्ञापयंस्तत्स्थितिम् ।
तेनाऽसौ प्रतिबोधिता गिरिसुता यस्यां स्थिता सा क्षणात्
स्वं नैश्चेष्ट्यमथो विहाय विजयां प्रत्याह सोत्का मृदु ॥

देवी सरस्वतीकी इस गानकी आवाज सर्वोच्च कैलास-कूटकी चारों ओर घूमती हुई वहांकी उस गुहामें प्रवेश कर भगवान् शङ्करकी स्थितिकी सूचना देकर शान्त हुई । इससे उस (गुहा) में रह रही भगवती गौरी क्षण भरमें जगाई गई और अपनी निश्चेष्टताको छोडकर उडे-उडे मनसे साथकी सखी विजयासे ऐसी वाणीमें इसतरह कहने लगी ।

गीतिः

अयि विजये ! भण मामिह विशदं प्रियशब्दोऽयं कुत आयातः
द्रवयति कठिनं मानसमपि मे व्यथयति नितरामिह च सुधात्मः ?
अयि विजये ! भण कुत आयातः ? (ध्रुवपदम्)

अरी मेरी प्यारी विजये ! मुझे जरा खुला ढंगसे कहो कि यह प्रिय शब्द कहाँसे आया है ? जो मेरे कठिन हृदयको भी पिघला रहा है और अमृतमय होनेसे मुझे और भी पीडा पहुंचा रहा है ।

कहो विजये ! यह प्रिय-शब्द कहाँसे आया है ? (ध्रुवपद)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भगवाञ्छम्भुर्भ्रमति किमर्थं शुचिसमयेऽत्र च गिरिकूटेऽपि
कोऽसौ तस्य प्रियजस्तापो रागो वा किं हतरागोऽपि ?
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

भगवान् शम्भु इस ग्रीष्म-ऋतुमें कैलासके शिखर पर किसलिये घूम रहे हैं ? प्रिय- जनोंसे उत्पन्न उनका वह ताप कौन-सा है ? और स्वयं हतराग (प्रेम-विहीन) उनमें राग ही किस विषयका है ?

मूर्तिमती रमणीव मयाऽपि च शिरसि विदृष्टा तस्य विभोर्या
काऽसौ विजये ! रमयति देवं गङ्गा वा किं विधृतशुभाङ्गा ?
अयि विजये ! भण कुत आयात : ?

सखी विजये ! कोई मूर्तिमती रमणी जैसी उन सर्वव्यापक प्रभुके सिरपर स्थान जमाये हुए थी, जिसको स्वयं मैने देखी । कहो तो वह कौन थी ? जो भगवानके साथ क्रीडा कर रही थी ? क्या अपने दिव्याङ्गोंको धरनेवाली वही गङ्गा तो नहीं है ?

तदितरभागे विलसति चान्या रूपवती वनितेव सुतन्वी
सुविशदरूपा सर्वकलाढ्या विहरति येत्थं तेन समं का ?
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

ठीक उसके दूसरी ओर अन्य कोई रूपवती वनिता जैसी सुन्दर कायाकी भीनी एवं उज्ज्वल रूपवाली सारी कलाओंसे सम्पन्न हो विलासपूर्वक उन प्रभुके साथ विहार कर रही थी । बताओ ते वह कौन थी ?

अपरा काऽसौ स्वजनार्तिहरा हरहृदया सा चतुरा च परा
विहरति चेदिह भगवानाभिर्ग्रीष्मे विचरति भण किं साधिः ?
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अरी सखि ! भगवान् हरके हृदयमें रह रही स्वजनोंकी पीडा हरनेवाली वह तीसरी कौन थी ? वह तो मालूम पडता है बहुत चतुरी है । इस तरह इन सबसे विहार कर रहे हैं तो वह प्रभु फिर क्यों अपने हृदयमें मानसिक व्यथा लिए इस ग्रीष्म-ऋतुमें बौराए घूम रहे हैं ?

प्रतिपलमेतद्वृद्धिगतं मे यौवनवनमुपभोग्यमिदं सः
सदपि गहनं तरुगुल्मघनं रमते सखि ! किं न तदन्तरितः ?
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

प्रिय सखि ! (यदि ऐसी स्थिति है तो) यह मेरा प्रतिपल बढनेवाला यौवन-वन जो उपभोग करने योग्य है ओर गहन तरूओं- झाडियोंसे भी समृद्ध है , क्यों उसके भीतर प्रविष्ट होकर वे प्रभु क्रीडा नहीं करते है ?

सहचरि विजये ! विशृणोमि यथाहं क्रीडति ताभिर्भगवान् सः
अवितथमेतद्वचनकदम्बं प्रियकुहकेन हता व्यथिताऽहम् ।
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

अरी सहचरी विजये ! जैसा मैं सुनती आयी हूँ कि वे भगवान् उन तीनों (गङ्गा, चन्द्रकला और प्राणियोंके ऊपरकी दया) से खेलते हैं । यदि यह बात सत्य है तो वह मेरे प्रिय खास मायावी (छलिया) है, जिससे अब तो मैं मारी ही गई, जो इस तरह व्यथित हो रही हूँ ।

समभवमित्थं खण्डितवृत्ता चरितैस्तज्जैर्विचलितचित्ता
प्रियवरसन्निधिमाप्तुमशक्ता रक्ता तदपि च विहता त्यक्ता ।
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

उनके ऐसे चरित्रोंसे भ्रान्त चित्तकी मैं ऐसी खण्डित-स्थितिकी हो चुकी हूँ । उन प्रिय- प्रभुके सामीप्य प्राप्त करनेमें असमर्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

होने पर भी एवं परित्यक्त बनने पर भी मैं उन्हींके प्रति अनुरक्त हूँ ।

प्रतिपलमृद्धां यौवनवृद्धां रमणीं बालां प्रोज्ज्वलभालाम्
उद्वाह्यैवं कन्यां योग्यां नाऽसौ पश्यति किं ह्युपभोग्याम् ?
अयि विजये ! भण कुत आयात : ?

प्रतिपल बढी और पूर्ण जवानीकी उन्नत-भाल (ललाट) वाली अपने सुयोग्य कन्या मुग्ध रमणी बालाको विवाह कर जो उपभोग करनेमें लायक है, वे प्रभु क्यों नहीं देखते हैं ?

ब्रह्मप्रकृत्योः समता नेति चेत्थं सा वाग् व्याहरति स्म
अनयोर्लीलारतयोः किन्तु योगः शुभकृदिति निर्दिशति स्म ।
अयि विजये ! भण कुत आयात : ?

ब्रह्म (पुरुष) और प्रकृतिकी समता नहीं होती । ऐसा वह गीतमयी वाणी करती थी एवं फिर भी लीलामें संलग्न इन दोनोंका योग सारे लोगोंके लिये हितकारी होगा, ऐसा भी निर्देश कर रही थी ।

तात्पर्यार्थः कावा सुधिये ! तस्यारुक्तेरुपलब्धिः का
वर्णय विशदं मामिह सर्वं चर सदुपायं कुरु हितमस्याः ।
अयि विजये ! भण कुत आयात : ?

ऐसी स्थितिमें अरी बुद्धिमति विजये ! उस कथनका तात्पर्य क्या है ? उस उक्तिकी उपलब्धि कैसी होगी ? अब मुझे उन दोनों कथनका विशद वर्णन करो । साथ ही उसके लिए उपयुक्त उपाय रचो और मेरा कल्याण करो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वधृतकलाभिः सर्वविधाभिः प्रहरति मदनः पुष्पशरैर्माम्
दहति तज्जस्तापो गात्रं प्रियविरहस्य च जाता पात्रम् ।
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

यह कामदेव अपने पुष्पोंके बाणोंसे अपनेमें संधृत सभी प्रकारकी कलाओंसे मुझपर प्रहार कर रहा है । इस लिए भी उसद्वारा उत्पन्न ताप मेरे शरीरको तपा रहा है । ऐसी स्थितिमें मैं प्रिय-विरह (भगवान-शङ्करसे विछुडने) का पात्र बन रही हूं ।

अतिशयशीतो वस्तुविशेष : सर्वो रचितः सुलभोऽप्येषः
तदपि न नश्यति मम तापोऽयं व्यथयति चेतो हृच्च रवोऽयम् ।
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

अरि मेरी प्रिय सखि ! तुम लोगोंने अत्यन्त शीतल-प्रदायी सारेके सारे वस्तु-विशेषोंका भी प्रबन्ध कर रखा है और मेरे लिये यह सर्वसुलभ भी है । इतना होनेपर भी यह मेरा ताप (कामज्वर) विनष्ट नहीं होता है । उल्टा यही ताप ऊपर कही गई उक्तिको लेकर मेरे हृदयको और भी पीडा पहुंचा रहा है ।

जीवनमेतन्नीरसमेवं वयसैव समं विगतं च हतम्
स्वप्रियदृष्टिं स्वहितां सरसामनवाप्य मुधा सुखदं विगतम् ।
अयि विजये ! भण कुत आयातः ?

यह मेरा जीवन इस तरह नीरस हो रहा है और उमरके साथ ढल भी रहा है एवं नष्ट होता जा रहा है । यह सुखदायी होने पर भी आनन्ददायिनी एवं सरस अपने प्रियकी दृष्टि पाये विना व्यर्थ ही नष्ट हो रहा है ।

भ्रमति मदीयं मानसमित्थं द्रवति बिभेति च नित्यमिहाऽपि
करणगणोऽप्यवसीदति तद्वन्न लभे शर्म च शान्तिमिहाऽपि
अयि विजये ! भण कुत आयात : ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस तरह सखि ! मेरा यह हृदय घूम रहा है और यहाँ बैठे रहने पर भी घबडाता रहता है । मेरे सारे इन्द्रिय भी अवसन्न (शिथिल होते जा रहे) हैं । इस स्थितिमें मैं इस एकान्त स्थान पर तुम दोनों (जया और विजयाद्वारा सेवित होते रहने पर भी शान्ति नहीं पा रही हूँ ।

विजये ! क्व जया मयि सा सदया व्यथिताऽत्र भृशं मम दुर्दशया
क्व गता सखि ! भण संप्रति मां प्रति सुखदा स्वसखी हितकृद् दयिता ।
अयि विजये ! भण भण क्व गता सा ?

अरी मेरी सखि विजये ! कहो तो जया कहां है ? वह भी मेरे ऊपर बडी दयालु है । यहाँ मेरी ऐसी दशा देखकर अत्यन्त घबडा रही है । अभी कहां गई ? मुझे बताओ, जो मेरे लिये अत्यन्त हित करनेवाली प्यारी सखी है ।

कहो विजये ! कहो अभी वह कहां गई है ? ।

इत्थं सा विरहव्यथार्तहृदयाऽसूयाविदग्धा तथा
पश्चात्तापभिताऽभिमानवशतो विभ्रान्तचित्ता मुधा ।
हार्दं भावममुं विविच्य विशदं लुप्तेन्द्रिया हृद्गतं
स्मारं स्मारममुं मुमोह, विजया तां धारयन्ती बभौ ।।

इस तरह अपने प्रियकी विरह-व्यथासे पीडित-हृदयकी और व्यर्थ ही अपने प्रियके सद्‌गुणोंमें दोष देखनेवाली परन्तु पश्चात्ताप भरी एवं अभिमान-वश व्यर्थ ही भ्रान्तचित्तकी वह देवी पार्वती अपने हृदयके वैसे भावोंको खुले रूपसे दिखाकर हृदयस्थित प्रिय पतिदेवका स्मरण करती हुई मूर्च्छित हो गई । इधर प्रियसखी विजया उनको संभालती रही ।

इति द्वितीयसर्गे द्वितीया लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृतीया लीला

मन्दाक्रान्ता मदनकलया चित्तवृत्तिः प्रभोः सा
भ्रामं भ्रामं हिमगिरिमथो व्याकुलाऽभूद्धतार्था ।
रुद्ध्वाऽऽत्मानं हतगतिमिमां यच्चकाराऽत्र देव-
स्तावत्स्वाग्रे धनपतिपुरीं भव्यरूपां ददर्श ।।

इसके बाद कामदेवकी कलासे धीरे-धीरे आक्रान्त हुई उन भगवान् शङ्करकी चित्तवृत्ति हिमगिरिके चारों ओर घूम-घूम कर प्रिया (गौरी) का संयोग प्राप्त न होनेसे हतार्थ हो व्याकुल हो उठी । अन्तमें उन प्रभुने अपनी आत्माको रोक कर जब चित्तवृत्तिको वशमें किया तभी अपने सामने अत्यन्त भव्यरूपकी कुबेरकी पुरी अलकाको देखा ।

यत्राऽऽसंस्ते स्वकगणपतयः पुष्पदन्तप्रधाना
नन्दीत्यादिप्रमथबहलाः स्वस्य मित्रेण राज्ञा ।
दृष्ट्वैवेत्य प्रमथपममुं व्याप्य देवं समन्ताद्
भक्त्युद्रेकाच्छिशुयुवतिभिः स्थाणुतामापुरद्धा ।।

जहाँ सभी ओर अपने गणोंके अधिपति (नायक) पुष्पदन्त सरीके शृङ्गि-भृङ्गी आदि प्रमथ-बहुल अपने मित्र राजराज कुवेरके साथ सुशोभित हो रहे थे, जब उन्होंने देखा कि अपने गणोंके रक्षक जगदीश्वर देव पधार रहे हैं तब चारों ओरसे उन देवाधिदेवको घेरकर शिशु और युवतियोंके साथ-साथ भक्तिकी बृद्धिसे एकाएक स्थाणुता (भगवान् शङ्करकी स्थिति) को प्राप्त हो गये । अर्थात् वे सबके सब बिलकूल ठूंठ जैसे ही बने रहे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदेव विजयादिष्टा विज्ञातुं चरितं विभोः ।
चिरं निरूप्य तद्वृत्तं निवृत्ताऽथ जयाऽब्रवीत् ।।

ठीक इसी समय भगवान् शङ्करकी स्थिति समझनेके लिये सखी विजयाद्वारा आदेश प्राप्त जया यहाँ आ पहुँची और चिरकाल पर्यन्त समझ-बूझकर लौटती हुई देवी गिरिजासे ऐसे कहने लगी ।

गीतिः

प्रियसखि गिरिजे ! प्रभुरभवन्मृग इह खेलनकः
तव विरहे सममन्याभिरपि हितकृतमेलनकः ।
प्रियसखि गिरिजे ! .... (ध्रुवपदम्)

मेरी प्रियसखि गिरिजे ! जरा सुनो तो, वे तुह्मारे प्रिय प्रभु तो वहाँ बिलकूल खिलौनेके ठीक क्रीडामृग ही हो रहे हैं । जब कि उन्होंने तुह्मारे वियोगमें अन्य स्त्रियोंके साथ अपने हित (मनोविनोद) के लिये सम्पर्क बढाया है । (ध्रुवपद)

मुनिविश्रवसः सुत एष मृडस्य हिताचरकः
परिचरति सखायममुं नलकूबरसुतजनकः ।
प्रियसखि गिरिजे ! ....

मुनिराज विश्रवाके सुपुत्र एवं नलकूबरके पिता अपने मित्रवर उन भगवान्‌के हिताचरणमें लगे हैं ओर वे ही उपयुक्त सेवा कर रहे हैं ।

स्वरचितं स्तवमिह गायति गणपकुसुमदन्तकः
स्तौति च स नुतिततिभिरपि शूलिनममुमनुचरकः ।
प्रियसखि गिरिजे ! ....

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उधर गणोंके प्रधान पुष्पदन्त वहीं नजदीकमें बैठे-बैठे अपने द्वारा रचित स्तोत्र (शिवमहिम्न) गाते हैं और स्वयं अनुचर होनेके कारण त्रिशूलधारी उन प्रभुकी आत्मसमर्पणपूर्वक नुति (स्तवन) योंसे स्तुति कर रहे हैं ।

धनपतिमित्रमृडस्य विभोः स्मररागविवर्धकः
सुरयुवतिगण एनमुपास्त उमेशगतार्थकः ।
प्रियसखि गिरिजे ! ------

कुवेरजीके मित्र एवं सर्वव्यापक उन प्रभुका स्मरराग (कामविकार) बढाने वाला सुरस्त्रियोंका झुण्ड जो भगवान्को सुप्रसन्न बनानेका लक्ष्य लिये है, उन प्रभुकी उपासना कर रहा है ।

प्रियरुचिरकपर्दत एत्य तदुरसि लुठन्त्यसमा
अमरनदी त्रिपुरेशममुं पश्यति लुब्धतमा ।
प्रियसखि गिरिजे ! -----

गौरि ! और सुनो ! उधर अपने प्रिय उन प्रभुके जटाजूटसे नीचे उतर कर उनके वक्षःस्थलपर लोट-पोट करती हुई वह अमरोंकी नदी (स्वर्गङ्गा) उन त्रिपुरोंके अधीश्वर जगदीश्वरको अपनी लुब्ध-दृष्टिसे देख रही है ।

त्र्यम्बक-शशिशेखर एष पुनरत्र विधुकलया
अभितः स्वतनुमहो ! कृतवेष्टनको हितकलया ।
प्रियसखि गिरिजे ! -----

शशाङ्कशेखर एवं तीन नेत्रवाले वे प्रभु फिर उधर चन्द्रकी कला (सोरहवीं) से अपने शरीरके चारों और व्याप्त किये (घिरे) हुए हैं, जो अपनी इच्छापूर्ति करना चाहती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परमत्र विभू रमते न च सखि ! ताभिरिहाऽपि
दयया हृतचित्त उमे ! स्मरति त्वां स तयाऽपि ।
प्रियसखि गिरिजे ! ....

मेरी प्रिय सखि ! इतना होने पर भी वे प्रभु वहाँ उन दोनों प्रियाओंसे भी सन्तुष्ट नहीं है । सुनो उमे ! उनके हृदयमें एक ऐसी चीज है जिसको कहते हैं दया, उसीके वशीभूत हो ऐसी स्थितिमें भी निरन्तर तुह्मारी ही याद कर रहे हैं ।

त्वमभिमानिनि ! परमनुशयवत्यपि कुप्यसि हा !
अनुसर तं विलुठ च पदयोः सदयोः स्मरतप्ता ।
प्रियसखि गिरिजे ! ....

अरी अभिमानिनि ! इधर तुम हो कि जो निरन्तर पश्चात्ताप करती रहने पर भी क्रुद्ध हो बैठी हो । यही तो हमें दुःख पहुंचाता है । इधर तुम स्वयं कामवेगसे सतायी जा रही हो । अतः कहती हूं । उन प्रभुका श्री चरणयुगल बडा ही दयालु है । तस्मात् उसीका अनुसरण करो और उसीमें लोटपोट करने पहुंचो ।

एतावदुक्त्वा विरराम सा जया
स्मरार्तचित्तां गिरिजां विलोक्य ताम् ।
व्यर्थाभिमानं त्यज मत्प्रिये सखि !
त्वां प्रापयाम्यद्य शिवं ब्रुवन्त्यमूम् ॥

अब देवी गिरिजाकी प्रियसखी जया उन देवीको कामदेवद्वारा पीडित हृदयकी जान "अरी मेरी प्रियसखि ! यह व्यर्थ (निष्कारण) का अभिमान छोड दो, मैं तुह्में अभी भगवान् शङ्करके समक्ष पहुंचाती हूं" इतना कह कर चूप हुई ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आकर्ण्य तद्गिरमसौ गिरिजापुत्री
संस्मृत्य पूर्वचरितं शशिशेखरस्य ।
भ्रूविभ्रमेण कुटिलेन समीक्ष्य मानात्
सोत्का ददाविह तदुत्तरमेव मौनम् ।।

पर्वतराज हिमालयकी सुपुत्री देवी पार्वतीने प्रियसखी जयाकी वैसी सारी बातें सुन ली । तभी उनको भगवान् शशिशेखरका पूर्वचरित्र (सोहागरातका व्यवहार) स्मरण हो आया । तस्मात् उडे मनसे जरा टेढी दृष्टिके विलाससे स्त्रीत्वाभिमान-वश हो जयाको देखकर मौन (चुप्पी) से ही उसका जवाफ दिया ।

इति द्वितीयसर्गे तृतीया लीला

चतुर्थी लीला

अथ विजयाऽपि वयस्या विभ्रान्तचित्ता तामुवाचेह ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेतां भविता हि शिवं शिवे ! नोऽपि ।।

तत्पश्चात् सखी विजया भी विभ्रान्त-चित्त होकर देवी गिरिजासे कहने लगी । पार्वति ! मेरी इस वाणीको सुनो, जिससे मेरी प्रिय शिवे ! हमारा भी कल्याण होगा ।

गीतिः

स्वप्रियमिह पश्यसि किं भण सखि ! परकीयाभिः सह रममाणम्
अखिलशक्तिसमन्वितमहिमानं तव विरहे शिथिलितगरिमाणम् ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ----- (ध्रुवपदम्)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्या तुम अपने प्रिय उन भगवान्को अन्योंकी स्त्रियोंसे विहार करते हुए देखना चाहती हो ? कहो तो, जब वे स्वयं सारी शक्तियोंसे सुसम्पन्न होने पर भी अपनी उस गरिमाको तुह्मारे वियोगमें शिथिल बना रहे हैं ।

सुनो ! सखि ! मेरी इस वाणीको सुनो ! (ध्रुवपद)

सकलसुरासुरमुनिजनवन्द्यं सुकृतिभिरितरैरप्यभिनन्द्यम्
पशुपतिमथ भूतपतिं स्वपतिं किमिह त्यजसि च सखि ! विश्वपतिम्
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

कहो तो सखि ! सारे सुर और असुर एवं मुनि-जनोंद्वारा स्तुत्य तथा सत्कर्मा धार्मिकों से भी निरन्तर अभिवन्दनीय पशुओं (सारे जीवों) के पति अपने पतिदेवका, जो विश्वके भी पति हैं, क्या तुम ऐसे ही त्याग देती हो ?

तव चरणाश्रितजीवनमेतच्छुभदं नोऽपि भवेत् सकलेभ्यः
रमसे त्वमिहाऽद्य शिवेन शिवे ! जायत एव हितं हितकृद्भ्यः ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

और सुनो गौरि ! हमलोगोंका यह जीवन तुह्मारे चरणोंमें ही आश्रित है । तस्मात् हमारे साथ ही सारे लोगोंका कल्याण-कारक है । यदि तुम आज जाकर अपने प्रिय भगवान् शिवके साथ अरी शिवे ! क्रीडा करोगी तो सारे संसारके हितेच्छुओंके लिये भी कल्याणप्रद होगा ।

स्मर सखि ! जगतां कुशलं चरतः पिबतोऽब्धिविषं च सुधां स्मरतः
अतिदग्धमभूदिह वर्ष्म यदा भवजैरभिक्रन्दितमत्र हहा !
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सखि ! जरा ध्यान देकर याद करो तो, सारे संसारियोंके कुशल करनेवाले एवं समुद्रमन्थनसे उत्पन्न कालकूट विषको भी सुधा समझकर पान करनेवाले उन प्रभुका शरीर जब अत्यन्त दग्ध हुआ तब सारे संसारियोंने हा ! हहा ! ऐसा अभिक्रन्दन (आर्तपुकार) किया !

तदनु सुरैः सकलैः सुजनैरपि निजनिजशक्तिधियौ च समर्प्य
परिसेवित एष हतार्थविभुः शममाप स बिल्वदलैरभिवृष्य ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

तदनन्तर सारे देवों और सज्जनोंने अपनी-अपनी शक्ति और सद्बुद्धि समर्पण कर सांसारिक आशा-अभिलाषाओंसे हाथ धो बैठे (निःस्पृह हुए) सर्वव्यापक वे प्रभु अन्तमें बिल्वपत्रोंसे अभिवर्षित होने पर कुछ-कुछ शान्ति पा बैठे ।

सुरसरिदिह संधृतमूर्तिरभूत्तत उपरि गता शिरसि विभोःसा
स्म विराजति गर्तकपर्दगृहेऽमृतवर्षममुं भजति स्म तदा ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

यहीं आकर वैसे प्रभुको शान्ति पहुंचाने हेतु देवी स्वर्गाङ्गनने अपनी मूर्ति धर ली और उनके सिरपर पहुंच कर जटाजूटरूप-गृहमें विराजमान हो ऊपरसे ही अमृत (जल) वर्षण कर उनकी सेवा करती रही ।

तत इन्दुकलाऽपि सुखं किगताऽधिगतं च तयाऽपि पदं शिरसि
विषदाहजताप उमेश-विभोश्चिरमिह शान्तिमितो ह्यनयाऽपि ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेतांम् ....

बादमें ठीक इसी समय चन्द्रकी सोलहवीं कला भी बडे मजेसे उनके सामने आई और उसने भी भगवान्के सिर पर उच्च स्थान प्राप्त कर लिया इस तरह इस चन्द्रकलाने भी तुह्मारे प्रिय गौरी-गिरीशम्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri
उन सर्वव्यापक भगवान् शङ्करका कालकूट विष-दाहसे उत्पन्न शारीरिक-ताप चिरकालके लिये शान्त हो गया ।

तदनु मृडं समचोदयदन्या हृदयस्थित-भूतदया सदया
निजभक्तजनोद्धरणे सदयः स रतः सततं भवति स्म तदा ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

तदनन्तर सुनो ए गौरि ! दूसरी दयावती उन प्रभुके हृदयमें संस्थित प्राणिमात्रोंके प्रतिकी दया उनको प्रेरित करने लगी, जिससे अपने भक्त-जनोंके उद्धारमें दयालु बने वे प्रभु तभीसे हर समय उसीमें संलग्न होते रहे ।

अथ भण मुग्धे ! मनसा क्षुब्धे ! प्रभुणाऽप्यनुचितमाचरितं किम् ?
कुप्यसि येन विदग्धे ! क्षुभ्यसि भणसि च तं विगुणं कुहकं किम् ?
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

अब कहो अरी विचलित मनकी मेरी मुग्धे सखि ! तुह्मारे उन प्रभुने कौन-सा वैसा अनुचित आचरण किया ? अरी ओ शिवे ! जिनसे तुम क्रुद्ध हो क्षोभ प्रकट कर रही हो ! और उन प्रभुको व्यर्थमें विगुण (विशिष्ट गुणवाला अथवा गुणहीन) तथा मायावी कह रही हो ?

तव दृष्टिरियं कथय कथं सखि ! पश्यति तं विगुणं कुहकं वा ?
असमगुणेन विषमगुणा अपि स्वपदाब्जरताः सरसा विहिताः ।
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ....

मेरी सखि ! मुझे एक बात बताओ तो तुह्मारी यह दृष्टि किस ढंगसे उनको विगुण एवं कुहक देखती है ? सुनो ! अतुल्य-गुणोंके उन प्रभुने विषम-गुणोंके अनेक व्यक्तियोंको अपनी आत्माके उद्धारक एवं अपने श्रीचरणानुरागी बनाये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि तिसृभिरुपरिकथिताभिरिह खेलति चेद् भण कोऽत्र च दोषः
सुजनः कुरुते चित्तविनोदं वद सखि तस्य कथं कुहकत्वम् ?
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ......

कहो कि सखि गौरि ! यदि वे प्रभु उपरिनिर्देशित उन तीनों देवियोंसे विहार करते हैं तो इसमें उनका दोष ही क्या हो सकता है ? कोई भी सुजन अपना मनोविनोद करता है तो उसमें कुहकत्व कैसे होगा ?

एवं सत्यपि गिरिजे ! त्वयि भृशमनुरक्तो भगवाञ्छिव एषः
त्वत्संगमलुब्धमनाः पश्यति सततं तवाऽऽगमनमार्गमिह
शृणु सखि ! मद्गिरमेताम् ......

चाहे जो भी हो सुनो ! इन सब बातोंके होने पर भी सखि गिरिजे ! लोक कल्याणकारी वे भगवान् शङ्कर तुह्मारे प्रति अत्यन्त अनुरक्त हैं और तुह्मारे संगम-प्राप्तिके लिये लालायित हैं । अत एव तुह्मारा आगमन-मार्ग देख रहे हैं ।

इत्थं तयोक्ता गिरिराजपुत्री
पित्रोः स्वभावानुसृताश्मचित्ता ।
मुखं परावृत्य रसीमुखात् स्वं
बिम्बोपमोष्ठं कुटिलं चकार ।।

इस ढंगसे सखी विजयाद्वारा कही गई गिरिराजकी सुपुत्री गौरी देवीने अपने पिता-माताके स्वभावके अनुसार पत्थरों जैसी दिलकी होनेके कारण सखीके मुखसे अपना मुख हटा कर बिम्बोपम अपने होठोंको जरा टेढा बना लिया ।

इति द्वितीयसर्गे चतुर्थी लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृतीयः सर्गः

प्रथमा लीला

त्वं माता प्रकृतिः समस्तजगतां संबर्धिनी पालिका
भूतैः पञ्चभिरेव जीवनिवहप्रध्वंसिनी कालिका ।
तैरेवाऽत्र शिवे ! सदैव रमसे संभाषसे तैः सह
तत्रत्यांश्च शवांश्शिवान् विदधसे तस्यै नमः शक्तये ।।

हे जगदीश्वरि शिवे ! तुम ही सारे जगत्की जननी हो और प्रकृति हो । मां तुम ही फिर उन सबकी संप्रबर्धन करनेवाली पालिका-शक्ति हो । पञ्चमहाभूतोंसे ही सारे जीवसमूहोंको विनष्ट करनेवाली देवी कालिका हो । देवि शिवे ! हर समय तुम इस विश्वमें उन्हींसे क्रीडा करती हो । और उन्हींके साथ संभाषण (बात-व्यवहार) आदि करती हो और उन्हींमें संलिप्त सारे जीवोंको, जो शवरूप हैं शिव (सच्चिदानन्दात्मक भगवत्तत्त्व युक्त । बना देती हो । ऐसी महाशक्ति स्वरूपिणी आपको नमस्कार है ।

श्रुत्वैतद्वचनं स्तवस्वरमयं गूढार्थलक्ष्यं तदा
गौरी सोत्सुकमानसा समभवत् सोत्का पुनः शङ्किता ।
धैर्येणैव गुहागृहस्थशयनात्प्रोन्नम्य किञ्चिच्छिरः
शुश्राव स्मरदाहशान्तिदमदो विस्तार्य्यमाणं पुनः ।।

गूढ अर्थ एवं लक्ष्यकी स्तुतियोंके स्वरोंसे भरे उपर्युक्त वाक्योंको सुनकर अब देवी गौरी उत्सुक हृदयकी हो गई परन्तु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उनका मन उडा-उडा था अतः वह शङ्कित हुई । बादमें उस गुहा-गृहकी शय्यासे धैर्यपूर्वक अपने सिरको कुछ उठाकर कामवेगसे उत्पन्न तापको शान्ति पहुँचाने वाले उन वाक्योंको जो फिर विस्तार किये जा रहे थे, सुनने लगी ।

स्वेच्छाज्ञानवशात् क्रियापरिणतान्निर्माय विश्वं स्वत
आत्मानं विनिवेश्य तत्र सुखदा लीलाः शुभाः कुर्वतः ।
ब्रह्मानन्दमयस्य शङ्कर-विभोः सन्त्यत्र ये पार्षदा
स्तेष्वेकोऽस्मि निवेदयामि हितकृत् तत्पुष्पदन्ताभिधः ।।

अपनी इच्छा शक्ति ज्ञान-शक्तिके आधार पर जो पीछे क्रियाशक्तिमें परिणत होती हैं, दृश्य-श्रूयमाण इस विश्वका निर्माण कर एवं उसीमें अपनेको आविष्ट कर सुखदायी तथा लोक-कल्याण-कारिणी लीलायें करनेवाले परब्रह्मानन्दमय सर्वव्यापक भगवान् शङ्करके जो जितने भी पार्षद (प्रिय-सेवकवर्ग) इस विश्वमें हैं, मैं उन्हींमेंका एक हूँ । मेरा नाम पुष्पदन्त है । वही मैं यहाँ विश्वहितके लिये कुछ निवेदन करता हूँ ।

गीतं तदिदं स्फीतं मयाऽत्र गीतं ये नाम शृण्वन्ति ।
ते शक्तिमन्तो जगति स्वतो विचार्यं कुर्वन्तु तथा ।।

मुझद्वारा इस तरह यहाँ विस्तार की जानेवाली इस गीतको जो सुन लेते हैं, वे जगतमें शक्तिशाली महापुरुष अपनेमें जरा सोच समझकर वैसा ही करें (जो उचित हो) ।

गीतिः

मन्मुखतोऽस्मिन् प्रस्तुतकाव्ये मध्ये काव्यं विरमन् विजने
कवयितुरात्मा मां शिवयोगाद् विवशीकृतवानित्थं कथने ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वप्रथम इस काव्य-निर्माणके बीचोबीच रुककर एकान्तमें यह कवि (कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे) की आत्मा भगवान् शिवके योग (सान्निध्य) से मेरे मुखसे विद्वानोंके आगे ऐसा कहनेमें मुझे विवश बना रहा है ।

कथयति सोऽयं कविवरकृष्णो हन्त ! हतोऽहं विदुषामग्रे
यत्संलग्नोऽस्मीदृशकाव्ये मौढ्यादिच्छन् पूरणमग्रे ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे (ध्रुवपदम्)

यह कविवर कृष्ण ऐसा कहता है-महान् हर्ष या दुःख है कि मैं (या मुझ जैसा व्यक्ति) इन बडे-बडे संस्कृत विद्वानोंके आगे इस तरह उपहासपात्र हुआ, जो कि मैं ऐसे काव्यनिर्माणमें लगा और मूढतावश आगे परिपूर्ण करना चाहता हूँ । (जब कि इससे आगे लिख ही नहीं सकता)

अब मैं आगे लिख ही नहीं सकूँगा (ध्रुवपद)

कोमलकान्तपदावलिमिच्छञ्चिन्वंस्तास्ता हृदयदुरूहे
काव्यपथेऽस्मिञ्छ्रुतिकटुगर्ते निपतित एवं शब्दसमूहे ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

सुकोमल एवं कान्त मीठी-मीठी पदावली चाहता, चुनता हुआ मैं इस काव्यनिर्माणके मार्गमें हृदयमें भी दुरूह (अतर्क्य) शब्दसमूहों द्वारा श्रुतिकटुरूप गर्त (गड्ढे) में इस तरह गिर रहा हूँ ।

मासं यावल्लिखता नित्यं धृष्टं लिखितं चैतावद्धि
सरति न चैषा लेखन्यस्मात् गन्तुं पुरतोऽशक्ता हृद्धि ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

पूरा महीना भर निरन्तर लिखते रहने पर भी यहाँ तक जो जितना लिखा है वह केवल धृष्टतावश ही लिखा है । बडी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुःखकी बात है ! यह लेखनी इससे आगे बढनेमें असमर्थ होती हुई सरक्ती ही नहीं ।

मात्रागणना प्रथमं कठिना वाग्रचनेषा कठिना तदनु
गीतिलयादिषु मेलनमासां दुष्करमेतत्साम्यं चासाम् ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

इसमें पहले तो मात्राओंकी गणना करना ही कठिन है, उसके बाद वाक्योंकी रचना करना और भी कठिन है । फिर उन सबका गीतियोंलयोमें संमिलन कराना और भी कठिन है । इसतरह इन सबमें साम्य रखना और भी दुष्कर है ।

नाऽहं भक्तो माधवरक्तो वृषभानुसुतासद्गुणलुब्धः
श्रीजयदेवः कविरिव विद्वाञ्छक्तेः पातादनयोर्मुग्धः ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

मैं श्रीमाधवका न अनुरक्त भक्त ही हूँ, न तो वृषभानु-सुता श्री राधादेवीके सद्गुणोंमें लुब्ध श्रीजयदेव महाकवि (गीतगोविन्द-निर्माता) जैसे उन दोनोंकी शक्तिपातसे मुग्ध बने विद्वान् ही हूँ ।

हन्त ! ममेदं काव्यगतार्थी नायकयुग्मं चित्रचरित्रम्
राजत इत्थं जगतामेषां मानसपटले संस्थितचित्रम् ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

बडे दुःख (सुख) की बात है कि मेरे इस काव्यके पात्र बने नायक और नायिका दोनों आश्चर्यजनक ढंगके हैं, जो दृश्य-श्रूयमाण इस जगत् (प्राणिमात्र) के हृदय पटलमें चित्र (अपनी छाया) संस्थापित किये हुए सुशोभित हो रहे हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उभयोरेकः सत्यं स्थाणुर्ब्रह्मैवाऽसौ यत्र न खेदः
रूपं नाम च विविधं तद्वत्सगुणं निर्गुणमत्र तु भेदः ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

उन दोनों (नायक-नायिकाओं) में एक (नायक तो वास्तवमें स्थाणु (भगवान् शिव अथवा ठूँठ) ही हैं, जिसको सच्चिदानन्दात्मक ब्रह्म ही कहते हैं । हाँ ! इसमें मुझे जरा भी खेद नहीं है, उसमें भी नाम और रूपकी विविधता है और जो उनमें सगुण-निर्गुण ब्रह्मकी भिन्नता है (यही खेदका बिषय है) ।

नायक ईदृङ् निरपेक्ष्योऽसौ सापेक्ष्याऽन्याऽनेकपरेयम्
उभयोरैक्यं कर्तुमना हा ! कथमिव सफल चाऽत्र भवेयम् ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

इधर नायक वह ऐसा है कि जो संसारमें नाम-रूप सम्बद्ध किसीसे भी सम्बन्ध (सरोकार) रखनेवाला ही नहीं है । और उधर काव्यनायिका बनी महाशया जगत्संचालिका महामाया अथवा आद्याप्रकृति सारे संसारियोंसे सरोकार रखती है और उन्हींमें उलझी रहती है । ऐसी स्थितिके उन दोनोंमें ऐक्य (सामञ्जस्य) स्थापित करानेका विचार रखनेवाला मैं (लेखक अथवा कवि) इस काव्य-निर्माणमें कैसे सफल हूँगा ?

विद्याबुद्धिप्रतिभामेधारहितः सोऽहं यद्यनुकम्प्यः
काव्यगताभ्यामाभ्यां सहसा शक्तेः पातश्चाऽत्र विधेयः ।
नाऽहं शक्तो लेखितुमग्रे

विद्या बुद्धि प्रतिभा और मेधा (सद्धारणायुक्त बुद्धि) से रहित यह मैं यदि कृपा करने लायक हूं तो इस काव्यमें नायक-नायिका बने उन दोनोंद्वारा आकस्मिक-रूपसे मुझपर शक्तिपात कर देना चाहिए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं सीदति रौति समक्षं शक्तिमतामिह शक्तिं चेच्छन्
प्रतिनिधिरूपस्तेषामवदं लिख प्राप्स्यसि तामिति गिरमस्मिन् ।
इत्थं शान्तः स्मरति स चाग्रे

इस तरह कवि दुःखित हो रहा है और बडे-बडे शक्तिशाली महापुरुषोंसे शक्ति-प्राप्तिकी आशा रखता है और उन्हीं लोगोंके समक्ष रोता है । ऐसी स्थितिमें उन लोगोंका प्रतिनिधि बन कर मैने कविको इस विषयमें कह दिया है कि "लिखते आओ अवश्य शक्ति पाओगे" ।

इस प्रकार शान्त हो अगले प्रसङ्गकी याद करता है ।

पश्चात्तुष्टः पुष्टः शक्त्या गायति गीतिं प्रकृतां भूयः
माध्यममित्थं कृतवान् माऽत्र जयति स चाऽस्मिन् मुदमनुभूय ।
एवं शक्तो लिखति सुखं सः

तदनन्तर बहुत ही तुष्ट और दैवी शक्तिसे परिपुष्ट हो फिरसे प्रकृत-गीति गाता है । इसमें उसने मुझे माध्यम बनाया है । इस तरह अपनेमें हर्षानुभव कर यह कवि इस काव्य-निर्माणमें सफल होगा । पूर्वोक्त ढंगसे समर्थ होकर आगे आसानीसे लिखता है ।

गीतिः

सीदति शिव एष वियोगी
चेच्छति स भवितुमिह योगी (ध्रुवपदम्)

प्रकृत काव्यनायक भगवान् शिव जो वियोगी (प्रियारहित) हैं अब यहां योगी (प्रियासहित) होना चाहते हैं । (ध्रुवपद)

परमे श्रेयसि लग्नोऽसौ ब्रह्मणि संरममाणोऽपि
शान्तिं नैति स्वसमाधौ रटति शिवे ! (ऽ) म्बिके ! परयेति ।
सीदति शिव एष वियोगी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परम कल्याणमय परब्रह्ममें लीन होकर उसीमें रमे रहनेवाले ये भगवान् शिव शान्ति नहीं पा रहे हैं । और तो क्या समाधिकी अवस्थामें भी "देवि ! शिवे ! अम्बिके ! मेरी ओर देखो" इत्यादि कह रहे हैं ।

वियोगी भगवान् शिव योगी बनना चाहते हैं ।

कृतसुकृतेन मया ससुखं समधिगताऽखिलशक्तियुता
हिमगिरिजा परतत्त्वाख्या शोचति मामपहाय गता ।
सीदति शिव एष वियोगी

मैने भी कौन-सा वैसा सुकृत (सत्कर्म) किया था, जिसके फलमें सारी शक्तियोंसे सम्पन्न परातत्त्व कही जानेवाली हिमालयकी सुपुत्री बडी आसानीसे प्राप्त कर ली । परन्तु वही आज मुझे ऐसे ही छोड कर चली गई । ऐसा ही शोक कर रहे हैं ।

तैस्तैर्हावैर्भावैरिह मां विद्ध्वाऽपि तदा गिरिजा
स्थाणुं मत्वा विमुखा कथमिव विहताशा याता ?
सीदति शिव एष वियोगी

सोहागरातकी प्रथम बेलामें जब मैं समाधिस्थ था, उस गिरिजाने स्त्रियोचित अनेकों हाव-भावोंसे मेरे सुषुप्त हृदयको वींध डाला । परन्तु मुझे जगानेमें असमर्थ होने पर मुझे स्थाणु (ठूँठ) ही समझ कर हरे- रे ! कैसे प्रियसंगमकी आशासे निराश हो चली गई ।

इत्थं वर्षति वारि घनो वर्षादिनमिह रौति च हा !
एते वनपशवोऽप्यरुदन् व्यथिता इह समसुखदुःखाः ।
सीदति शिव एष वियोगी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इधर मेघ इस तरह जल-वर्षण कर रहा है (और तो क्या स्वयं वर्षाका दिन रो रहा है । ये सारे वनपशु भी रो रहे हैं और मेरे सुख-दुःखमें भागीदार बनकर व्यथित हो रहे हैं ।

एको नृत्यति नीलगलः प्रियासहितोऽयं वर्षासु
रौम्यन्योऽहं नीलगलस्तद्विपरीतश्चेष्टासु ।
सीदति शिव एष वियोगी

इन वर्षाके दिनोंमें एक यह नीलगलेका मोर प्रिया साथ ले नाच रहा है । दूसरा यह नीलगलेका (कालकूट विष होनेसे) मैं प्रिया-विरहित हो अपनी चेष्टाओंसे ठीक उसके विपरीत बन इस तरह रो रहा हूं ।

स्थितमिह मामाश्रयहीनं दीनं विरहाद्गिरिजायाः
दर्शं दर्शं तरवस्ते सिञ्चन्ति जलैरधुना हा !
सीदति शिव एष वियोगी

देवी-गिरिजाके विरहसे दीन और आश्रयहीन हो यहां रहने-वाले मुझे देख-देखकर ये सारे वृक्ष भी सान्त्वना देते हुए जलोंसे अभिषेचन कर रहे हैं (परन्तु गिरिजा नहीं पिघलती है) ।

कामो मां व्यथयति नित्यं साक्षाद्वामः शत्रुरयम्
औष्ण्याधिक्याद् द्रवति वपुः स्नेहं निगिरति पुनरदयम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

कामदेव मुझे निरन्तर सता रहा है । वह साक्षात् वाम (उल्टा) है और शत्रु भी । इधरं ताप अधिक चढनेसे मेरा सारा शरीर पिघल रहा है और बडा ही निर्दय हो पसीना चुहा रहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तरुणी गिरिराजसुताऽसौ मय्यनुरक्ता धैर्यपराऽपि
प्रथमे पादे विकला जाता कामकलाभिः सफलाऽपि ।
सीदति शिव एष वियोगी

गिरिराज हिमालयकी पुत्री तरुणी है और मुझपर अनुरक्त भी । परन्तु दुःखकी बात है कि वह बड़ी धैर्यवती होनेपर भी एवं सारी कामकलाओंसे मुझे जगानेमें सफल होते हुए भी प्रथम मिलनकी वेलामें ही विफल हो गयी ।

पश्याम्यहहा ! स्त्रिय एता परकीया अपि मां सकलाः
अभितो व्याप्यैवं सफला वृथा परिचरन्त्यनुकूलाः ।
सीदति शिव एष वियोगी

इधर मैं देख रहा हूं कि ये सारी अन्य पुरुषोंकी नारियां उपचारकी वस्तुओंके साथ मुझे चारों ओरसे घेरकर अनुकूल बनती हुई व्यर्थ ही मेरी सेवा कर रही हैं ।

गान्धर्व्यः पैशाच्या अपि यक्षिण्यः किन्नर्यश्च
एता अप्सरसो बाला विरहिणं मां दयन्ते च ।
सीदति शिव एष वियोगी

मुझ विरही (प्रियावियोगी) के प्रति ये सारी गान्धर्वी, पैशाची, यक्षिणी, किन्नरी और अप्सरा-बालायें भी दया कर रही हैं (परन्तु वह देखती भी नहीं) ।

प्रियधनपतिरेष सुहृन्मे यतते तनुविकृतिं संहर्तुम्
स्वान् सेवकवर्गान् निदिशति विविधानुपचारान् कर्तुम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

इधर ये मेरे मित्र धनाध्यक्ष कुवेरजी मेरे इस शारीरिक विकारको निरसन करने हेतु निरन्तर प्रयत्न कर रहे हैं और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपने सेवकवर्गको नाना प्रकारसे उपचार करनेका आदेश दे रहे हैं ।

एता गान्धर्व्यो बालाः कमलकराश्चोशीरधनाः
किन्नरीभिः सममन्याभिरायान्तीतः सचन्दनाः ।
सीदति शिव एष वियोगी

ये गन्धर्वकी बालायें कमल हाथोंपर लिये उशीरको ही उपचारका साधन समझती हुई किन्नरी आदि अन्य स्त्रियोंके साथ श्रीखण्ड चन्दनादि लिये इधर ही आ रही हैं ।

पुनरित एते प्रमथगणाः सरोवरेभ्यः समुत्पाट्य
कमलदलान्यपि च सुमृदूनि किं किं कुर्वन्त्यथागत्य ?
सीदति शिव एष वियोगी

इधर ये सारे मेरे प्रमथगण तालाबोंसे उखेड कर सुकोमल कमल-दलोंको ले आ रहे हैं । न जाने क्या क्या करते हैं ?

मामित एषा चन्द्रकला स्निह्यति हा ! संगमलुब्धा
भजते मां गङ्गाऽभङ्गाऽप्यपराभ्यो नित्यं क्षुब्धा ।
सीदति शिव एष वियोगी

यह मेरे सिर-परकी चन्द्रकला संगमलुब्ध हो मुझे स्नेह कर रही है और यह भी दुःखकी बात है कि यह देवी गङ्गा अपनी भंगिमाको छोड मेरी सेवा कर रही है । परन्तु यह भी अन्य स्त्रियोंसे निरन्तर क्षुब्ध हो रही है ।

चित्ते नित्यं तिष्ठति सा मूर्तिमती गिरिराजसुता
तद्विरहात् खिन्नोऽभूवं कामक्लिन्नो विवशो हा !
सीदति शिव एष वियोगी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इधर मेरे हृदयमें साक्षात् मूर्तिमती हो (न कि स्मृतिमात्रमें) वह गिरिजा विराजमान हो रही है । उसीके विरहसे खिन्न हुआ मैं विवश हो कामक्लिन्न बन रहा हूँ । यह और भी दुःखकी बात है ।

अन्धकतारकप्रमुखैस्तैः पीडितलोकास्त्रातव्याः
रक्षार्थं सुरसैन्यानां तनयोत्पत्तिः कर्तव्या ।
सीदति शिव एष वियोगी

अन्धक-तारक आदि दुष्टोंद्वारा पीडित ये सारे लोक (लोग) मेरेद्वारा ही रक्षणीय हैं और देवसैन्योंके रक्षा करने हेतु मुझे ही पुत्रोत्पत्ति करनी है ।

प्रार्थित एभिः सुरमुनिभिर्गिरिजापाणिग्रहणार्थम्
स्वीकृतमेषां तच्च मया गिरिजाऽप्यूढा लोकहितार्थम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

गिरिजाके पाणिग्रहण करनेको इन देवों-मुनियोंने मुझसे प्रार्थना की । मैंने भी उनकी प्रार्थना स्वीकार कर सारे लोगोंके कल्याण हेतु गिरिजा भी व्याही गई ।

कथयन्त्यखिलाः स्म तदा मां स्मरकेलिपरा गिरिजा सा
परिचरति भवन्तं स्वहिता भवदङ्गाऽऽश्लिष्टा सुरता ।
सीदति शिव एष वियोगी

सादीके पहले समझने-बूझने पर वे सारे (सप्तर्षि आदि) कहते थे कि सारी कामकलाओंमें निपुण वह गिरिजा आपके सर्वाङ्गों से समाश्लिष्ट हो अपने हितोंको ध्यान रख कर ग्राम्यधर्मों (रतिक्रीडा) की क्रियायें निभाती हुई आपकी सेवा करती रहेगी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इति विश्वस्य मयाऽपि च सा परिणीता युवतिर्गिरिजा
प्रथमायां रात्र्यां विजने मामाश्लिष्टवती समदा ।
सीदति शिव एष वियोगी

मैंने भी उनलोगोंके इन वाक्योंके ऊपर विश्वास कर देवी गिरिजा व्याही । तदनन्तर पहली रातमें ही एकान्त पाकर क्रममद चढने पर वह मुझसे लिपट गई ।

तदनु वपुर्मे स्मरतप्तं दाहो विषमोऽभूच्चोष्णः
तच्छमहेतोश्चन्द्रकलां गङ्गाञ्चाऽस्पृशमहमेषः ।
सीदति शिव एष वियोगी

उसके वाद मेरा शरीर कामदेवके प्रबल तापसे उत्तप्त हो गया और यह असह्य दाह भी बढता गया । पश्चात् उसके शान्तिके हेतु मैने भी अपने सिरकी गङ्गा और चन्द्रकलाको छू लिया ।

दर्शं दर्शं कृत्यं सा विस्फारितनयना कुपिता
ताः स्वसपत्न्यो मन्वाना सेर्ष्यं मां प्रविलोक्य गता ।
सीदति शिव एष वियोगी

आँखे फाड-फाडकर वह ये सब बातें देख रही थी, तुरन्त क्रुद्ध हो गई । उसके मनमें तभीसे "ये सब मेरी सौत हैं" ऐसी अनहोनी बातें बैठ गई । तब उलटा मुझे ही ईर्ष्या (गुणोंमें दोषदृष्टि) से देखती हुई चली गई ।

हन्त ! तयैव तदा भणितं मां विगुणस्त्वं, कुहकस्त्वम्
रमसे यदिहैताभिर्हा ! शठ ! मायाव्यसि चपलस्त्वम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बडे दुःखकी बात है ! जाते-जाते ही उसने मुझे ऐसा कहा- तुम विगुणी (निर्गुणी) हो और मायावी हो । यदि तुम यहां इन (चन्द्रकला गङ्गा आदिसे रमण (क्रीडा) करते रहते हो तो सुनो ए शठ ! तुम खास छली हो और चपल हो ।

श्रवणे भित्वा तद्वाक्यं हृद्‍गतमन्तस्तुदते स्म
सानुशयोऽचिन्तयमित्थं सार्थेऽनर्थं आपतति स्म ।
सीदति शिव एष वियोगी

उसके ये वाक्य मेरे इन कानोंके पर्देको बींध हृदयके बीचो-बीच पहुँचे और पीडा पहुंचाने लगे । तब मैं इधर पश्चात्ताप-युक्त हो सोचने लगा कि "इस सार्थ (प्रणयसंगम) की वेलामें यह अनर्थ कैसे आ पहुंचा ?

किं वा कुकृत्यमाचरितं मयाऽपि तस्यां बालायाम्
मन्मानसमविदित्वेवं सा विगता तस्यां वेलायाम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

मैंने भी उस बालामें कौन-सा कुकृत्य किया जिससे उस समय वह मेरा हृदय जाने विना ही चली गई ।

सप्तर्षिप्रशंसितगाथा भूत्वाऽपि च मदनकलाढ्या
विफला स्ववशीकर्तुं मां याता गिरिजा ह्यतिधृष्टा ।
सीदति शिव एष वियोगी

सप्तर्षियोंद्वारा प्रशंसित चरित्रकी वह कामकलाओंसे समृद्ध होकर भी मुझे अपने वशमें लेनेमें विफल हो गई थी । वास्तवमें वह अत्यन्त ढीठ भी है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खिन्नो ध्यानस्थोऽभूवं ततस्त्वतः सुमदशनोऽयम्
ज्ञातुं तच्चरितं विधिवद् विगतः शिवानुनयार्थम् ।
सीदति शिव एष वियोगी

उसके बादसे मैं बहुत ही खिन्न हुआ और समाधिस्थ होता रहा । उसी समय वह मेरा प्रिय पुष्पदन्त (प्रमथगणप्रधान) क्रम शास्त्रकी विधिसे उस (गिरिजा) को जानने-समझनेके लिए और अनुनय-विनयपूर्वक मनाने हेतु उधर गया है ।

इत्थं सीदति मदनरिपुः स्मरतप्तो जल्पं जल्पम्
विजहात्वभिमानं भवतीं प्रापयामि तत्सङ्गमहम् ।
सीदसि शिव एष वियोगी

कामदेवके विकारसे उत्तप्त होने पर पूर्वोक्त वाक्य बड-बडाते हुए भगवान् शङ्कर इस प्रकार दुःखित हो रहे हैं । ऐसी स्थितिमें भगवति माँ ! आप अपने अभिमानको छोड दें । मैं आपको भगवानके सान्निध्यमें तुरत पहुँचाता हूँ ।

तत्पुष्पदन्तवचसामनुगृह्य सारं
छारं बभूव निजजीवनमप्ययपारम् ।
मत्वेति खिन्नमनसा स्वसखीं जयां तां
प्रेम्णाऽऽलिलिङ्ग गिरिजा परिवृद्धदर्पा ॥

पुष्पदन्तके इन वाक्योंका सार ग्रहण कर "मेरा यह अपार जीवन ही छार हुआ " ऐसा समझ कर बडे ही खिन्न-हृदयसे तब देवी गिरिजाने अपनी प्रिय सखी जयाका प्रेमपूर्वक आलिङ्गन किया । परन्तु उस समय भी उनमें स्त्रीत्वाभिमान (घमण्ड) बढ़ ही रहा था ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवीं स्वभावविजिताखिलसत्वसारां
दृष्ट्वा तथा मदनतप्तशरीरभाराम् ।
स्नेहात्कपोलयुगलं परिमार्ज्य तस्याः
प्रत्याह तं कुसुमदन्तमथो जया सा ।।

अपने स्वभावसे समस्त प्राणियोंके सारतत्त्वोंकी विजयिनी उन गौरी देवीको कामदेवके तापसे सारा शरीर उत्तप्त हुई देखकर स्नेहपूर्वक उनके दोनों कपोलोंका परिमार्जन करती हुई सखी जया अब उस पुष्पदन्तको ऐसे जवाफ देने लगी ।

इति तृतीयसर्गे प्रथमा लीला

द्वितीया लीला

गीतिः

शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ (ध्रुवपदम्)

सुनो रे पुष्पदन्त ! बिलकूल सत्य है । वह तुह्मारा भगवान् वास्तवमें स्थाणु (ठूंठ) ही है । (ध्रुवपद)

वर्षासलिलैर्मधुरैश्च जलैरपि सत्कृतयत्नामृतसेकोऽप्यखिलैः
नैवाङ्कुरयति यन्नीरस एष मूलविहीनः परमात्मनि शेषः ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

वर्षा ऋतुकी जलधाराओंसे एवं अन्य सारे सुमधुर जलोंसे और तो क्या अमृत- सिंचनसे भी वह ठूंठ कभी भी अँकुराता नहीं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है । वास्तवमें वह नीरस है और जडोंसे भी विहीन है । हाँ ! मैं मानती हूँ कि वह स्थाणु (परमात्मा या ठूँठ) अपनी सत्तासे जरूर शेष है ।

आसीत् प्रथमं स च विस्तृतवृक्षस्त्रिभुवनभृद् विश्वाधारः सततम्
ध्यानगतिर्ज्ञानरसार्द्रः सुमहान् भवजनकः स्थितिलयकर्ता नित्यम् ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

सुनो ! पहले तो वह स्थाणु (ठूँठ) बडा ही फैलावदार वृक्ष था और विश्वके प्राणिमात्रोंका आधारभूत एवं त्रिभुवनोंका उद्धारक ही था । ध्यानके माध्यमसे ही पाया जा सकता था और निरन्तर ज्ञान-रससे भींगाभींगा अत्यन्त महान् था । वास्तवमे कहें तो संसारका जनक ही था और निरन्तर स्थिति संहार आदि भी करता था (समझे !) ।

एतत्सर्वं यस्य कृते समभूद् दयया देव्या गौर्य्यभिधायाः
जगदीश्वर्यां भूम्यां गन्ध इव रस इव सलिलेः संधृततत्त्वायाः ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

ये सारी बातें गौरी नामकी देवीकी दयासे ही उसके लिये हुआ था । आगे सुनो ! वही जगदीश्वरी है और पृथ्वीमें गन्ध, जलमें रसके ठीक, उस गौरीने अपनेमें समस्त सत्वोंको धारण कर रखा है ।

वस्त्वाघातात् सञ्जातः शब्दो व्याप्य दिशं संस्पृशतीन्द्रियवन्तम्
स्पर्शश्चाऽयं भौतिकपिण्डेषु दीव्यति लघु सकलमपि तद्वन्तम् ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

वस्तुओंमें आघात पडनेसे उत्पन्न शब्द सारी दिशाओंको व्याप्तकर शब्देन्द्रियवालोंको छू-लेता है । इधर स्पर्श भी भौतिक-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ण्डधारियोंको जरा जल्दी ही व्याप्त करता हुआ उन्हींमें विलास
रता रहता है ।

ौतिकवस्तुषु रूपाणामिव तद्व्याप्यत्वं दृश्यत एवाऽत्र यथा
द्वद् देव्या गिरिजायाः प्रियसख्याः शक्तिमहत्त्वं राजत एवाऽत्र तथा ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

जैसे भौतिक वस्तुओंमें रूपोंके ठीक उसकी व्यापकता
खाई पडती है ठीक वैसे ही मेरी प्रियसखी देवी गिरिजाकी
क्ति-महत्ता भी सर्वत्र दिखाई पडती है ।

वच्छिव आसीत् पूर्वं शव इव हा ! सख्या गिरिसुतया दयया दृष्टः
श्चात् प्राप्तशिवत्वः स शिवोऽभूत् कर्तुमकर्तुं शक्तोऽप्यतिधृष्टः ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

सुनो रे पुष्पदन्त ! तुह्मारा वह शिव सर्वप्रथम केवल शव
था, पीछे जब मेरी सखी गिरिजाने दयाकी दृष्टिसे देखी तब
हीं जाकर उसने शिवत्व प्राप्त कर लिया और शिव हुआ ।
ते-होते जब यह कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ हुआ तब उसकी
दत ही बिगडती गई, वह अत्यन्त ढीठ होता गया ।

विद्यायाः पूजनविधिनाऽसौ वरदां कृत्वा देवीमियमपराम्
मुखीं भगवतीं सतीं दक्षसुतां स्त्रीत्वेनाऽवाप यत्कृपां च पराम् ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

पीछे उसने श्रीविद्याकी पूजनविधिसे मेरी सखी इस अपरा
वीको खूब प्रसन्न बनाया, जिसके फलरूपमें दक्ष प्रजापतिकी
ुत्री देवी सतीके साथ-साथ अत्युत्तम कृपा भी प्राप्त कर ली ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पिण्डधारियोंको जरा जल्दी ही व्याप्त करता हुआ उन्हींमें विलास करता रहता है ।

भौतिकवस्तुषु रूपाणामिव तद्व्याप्यत्वं दृश्यत एवाऽत्र यथा
तद्वद् देव्या गिरिजायाः प्रियसख्याः शक्तिमहत्त्वं राजत एवाऽत्र तथा ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

जैसे भौतिक वस्तुओंमें रूपोंके ठीक उसकी व्यापकता दिखाई पडती है ठीक वैसे ही मेरी प्रियसखी देवी गिरिजाकी शक्ति-महत्ता भी सर्वत्र दिखाई पडती है ।

त्वच्छिव आसीत् पूर्वं शव इव हा ! सख्या गिरिसुतया दयया दृष्टः
पश्चात् प्राप्तशिवत्वः स शिवोऽभूत् कर्तुमकर्तुं शक्तोऽप्यतिधृष्टः ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

सुनो रे पुष्पदन्त ! तुह्मारा वह शिव सर्वप्रथम केवल शव ही था, पीछे जब मेरी सखी गिरिजाने दयाकी दृष्टिसे देखी तब कहीं जाकर उसने शिवत्व प्राप्त कर लिया और शिव हुआ । होते-होते जब यह कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ हुआ तब उसकी आदत ही बिगडती गई, वह अत्यन्त ढीठ होता गया ।

श्रीविद्यायाः पूजनविधिनाऽसौ वरदां कृत्वा देवीमियमपराम्
सुमुखीं भगवतीं सतीं दक्षसुतां स्त्रीत्वेनाऽवाप यत्कृपां च पराम् ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

पीछे उसने श्रीविद्याकी पूजनविधिसे मेरी सखी इस अपरा देवीको खूब प्रसन्न बनाया, जिसके फलरूपमें दक्ष प्रजापतिकी सुपुत्री देवी सतीके साथ-साथ अत्युत्तम कृपा भी प्राप्त कर ली ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततस्त्वसावुन्मत्तोऽभूच्च भृशं तल्लघ्वीच्छामपि नापूरयति स्म
प्राप्तं तत्फलमेवं विधुरं स्वं कृत्वेवाऽत्र त्वत्प्रभुणान्ते स्म ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

उसके वाद तो वह बहुत ही उन्मत्त हो बैठा और उन देवी सतीकी छोटी-सी इच्छा (मायके जानेकी) को पूर्ण नहीं कर सका । अन्तमें ऐ पुष्पदन्त ! तुह्मारे उस प्रभुने इसका फल कैसे अपनेको विधुर (पत्नीविहीन) बनाके ही पाया ?

तरुणीं सौम्यां पत्नीं परिणीतां तथाजहतो मृषासमाधिस्थस्य
किमेतैः श्रुतमात्रैरगुणैरिह नीरसवृत्तेर्हतेन्द्रियवर्गस्य ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

सौम्य स्वभावकी विवाहित अपनी तरुणी पत्नीको मृषासमाधिस्थ हो उस ढंगसे परित्याग करनेवाले तुम्हारे प्रभुके उन निरर्थक गुणोंके सुनने मात्रसे होगा ही क्या ? सच कहें तो, जो निर्गुण हैं और जिसकी सारी इन्द्रिय-वृत्तियां ही नीरस हो चुकी हैं और जिसने सारे इन्द्रियोंको विनष्ट कर रखा है ।

कुहकेनेत्थं तेनाऽत्र सखी मे निरपेक्षा विहिता प्रथमा रजनी
व्यर्थं विगता क्लिष्टायास्तस्या मन्मथवेगहताऽभूद् रमणी ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

तुह्मारा वह प्रभु वास्तवमें कुहक (शठनायक) है जिसने मेरी सखी निरपेक्षा (विना सरोकारकी) बना दी । उसकी वह प्रथमरात्री (सोहागरात) दुःखित होकर व्यर्थ ही बीत गई । इस तरह वह रमणी कामवेगासे विहत होती रही ।

इत्थं स्वं स्थाणुत्वं प्रकटितवान् भक्तान् स्वान् स्वमपि तथाविस्मृतवान्
हन्त ! हतास्ते सुकृतिनोऽपि मृडेन जगतां त्रातेति च मुधाकथनेन ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस तरह तुह्मारे उस प्रभुने अपना वास्तविक स्थाणुत्व (ठूँठपन) प्रकट किया और अपने भक्तोंके साथ-साथ अपनेको भी भूल गया । बडे दुःखकी बात तो यह है कि "जगत्का रक्षक मैं ही हूँ" ऐसे व्यर्थके कथनोंसे उस मृड (भगवान्) द्वारा संसारके बडे-बडे महापुरुष भी मारे गये अर्थात् ठगे गये हैं ।

कोऽसौ नित्यं भववञ्चक इत्थं निर्गुण इह धन्यंमन्यो हृष्टः
आत्मानं सकलं सगुणं मत्वा तिरस्करोत्यहहा ! प्रकृतिं धृष्टः ।
शृणु रे ! सत्यं सत्यं स्थाणुरसौ

इस तरह सारे संसारियोंको निरन्तर भुलावेमें डालते रहनेवाला और अपनेको धन्य समझ प्रसन्न हो-हो कर निर्गुण कहानेवाला वह कौन सा पुरुष है, जो अपनेको "मै ही सब कुछ हूँ, सारी कलाओंसे सम्पन्न हूँ और सारे गुणोंसे युक्त हूँ" ऐसा समझकर बडे दुःखकी बात है रे ! जगदीश्वरी प्रकृति (सांख्य दृष्टिसे) देवीका भी इस तरह तिरस्कार करता है ।

श्रुत्वैतद्वचनं जयोक्तमहितं बुध्वाऽभिमानोद्धतं
मात्सर्याकलितं प्रभुं मृडमपि स्थाणुं प्रकल्प्याहतम् ।
निन्दन्तीं च तथाऽत्र तां गिरिसुतां तन्मार्गगां पश्यत-
स्तस्याऽभून्मन एकधेव गलितं, दूतो निवृत्तस्ततः ।।

सखी जया के अप्रियजनक ऐसे वचनोंको सुन और अभिमान से उद्धत एवं दूसरेके सद्गुणोंमें दोषदृष्टिसे युक्त तथा ऐसे षडैश्वर्यसम्पन्न जगदीश्वर भगवान् शङ्करको भी स्थाणुत्व (ठूँठपन) में आरोपित कर कहे गये उन वचनोंको समझकर देवी पार्वतीको भी उस तरह निन्दा करती हुई जयाके मार्गका अनुसरण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करती देख उस पुष्पदन्तका मन एकाएक गल गया । तब दूत बना वह वहाँसे खिसक गया ।

इति तृतीयसर्गे द्वितीया लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्थः सर्गः

प्रथमा लीला

स्थाणुत्वमाश्रितमिदं जहि विश्वनाथ !
त्वं हीश्वरोऽस्यसमदृग् गिरिजाप्रियस्त्वम् ।
तैस्तारकान्धकमुखैरसुरैर्विदग्धं
संरक्ष विश्वमखिलं कुरु तत्प्रियं त्वम् ।।

हे विश्वनाथ ! आश्रित इस स्थाणुत्व (शिवत्व, अथवा ठूंठपन)को छोडिये । आप स्वयं समर्थ ईश्वर हैं और साक्षात् देवी गिरिजाके प्रिय हैं । प्रभो ! आपकी दृष्टि भी इन संसारियोंसे अतुल्य है । तारक-अन्धक आदि असुरोंसे दग्ध (नष्ट) प्रायः इस विश्वका रक्षण कीजिये और इसका कल्याण हो ।

प्रेक्षस्व नोऽपि च भवच्चरणानुरक्तान्
भक्तान् भवाब्धिगतदुस्तरमोहसक्तान् ।
त्वां प्रार्थयाम इह ताश्च शचीप्रधाना
देवस्त्रियः परिचरन्ति विलोकयैताः ।।

हम सब आपके श्रीचरणानुरागी भक्त हैं । परन्तु नाथ ! इस दुस्तर भवसागररूप-मोहमें आसक्त हैं । अतः हमलोगोंकी ओर देखिए । हम सब आपकी प्रार्थना कर रहे हैं । इधर ये इन्द्राणी आदि देवस्त्रियां भी आपकी सेवामें उपस्थित हैं । अब इन सबके ऊपर भी सुदृष्टि पडे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्मरोन्मादं तथा वृद्धं शान्तमस्य चिकीर्षुभिः ।
स्तुत्वैवं स्वगणैः स्त्रीभिरथ सेवित ईश्वरः ।।

भगवान् शङ्करका उस तरह बढा कामोन्मादको शान्त करनेवाले प्रमथगणोंने इस तरह उनकी स्तुति की । तदनन्तर उपस्थित सुर-बालाओंद्वारा प्रभु सेवित हुए ।

अग्रणीः स्वयमिन्द्राणी नलकूबरमातरम् ।
प्रगायत्यादिशन्तीत्थं सखीभिः सेवकैः समम् ।।

इसमें स्वयं इन्द्राणी (इन्द्रकी पत्नी शची) आगे बढ आयीं और अपनी सखी नलकूबरकी माता (कुवेरकी पत्नी) को इस तरह आदेश देती हुई सखी और सेवकोंके साथ - इस तरह गीत गाती गईं ।

गीतिः

परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम्
परिहर हरतापं स्मरजमशेषम् (ध्रुवपदम्)

सखि ! कामदेवसे पीडित भगवान् शङ्करकी सेवा करो और उसके विकारसे उत्पन्न भगवान् हरका सारा ताप हर दो । (ध्रुवपद)

कुवलयदलमाहर कोमलनालं विरचय शयनं द्रुपचर विधुभालम्
उपनय पुनरिह शिशिरं हिमखण्डं स्थापय शिरसि विभोः शुभमुपकण्ठम् ।
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कोमलनाल (दण्ड) वाले नीलकमलक पत्ताका ले आओ और उन्हींसे शय्या बनाओ । फिर भगवान् चन्द्रशेखरका उपचार करो । सुनो ! बरफके छोटे-छोटे टुकडोंको ले आकर प्रभुके गलेके नजदीक सिरपर रख दो ।

धनपतिहृदये सखि ! शीघ्रमिहाऽऽनय नन्दनचन्दनतरुलेपसुवासम्
रचय च लेपनमेलनमस्य तनौ गिरिशं कुरु दर्शितशान्तसुहासम् ।
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् ....

अरी धनपति (कुबेरजी) को हृदयमें रखनेवाली मेरी सखि ! स्वर्गके उद्यानमें उगे श्रीखण्ड-वृक्षके लेपका सुवास (सुगन्ध) तुरत यहां ले आओ । और सुनो ! इस भभूत-धवल भगवान्के श्रीविग्रहमें उसका मेलन कराओ, जिससे ये प्रभु शान्त मन्दहास्य दर्शाये गये हों ।

शीतलकदलीतरुमुपनय सफलं परितः स्थापय रुचिरं समवृत्तम्
उपरि तस्य निधेहि दलानि बृहन्ति गृहकोष्ठमिवाऽत्र भवेदितिवृत्तम्
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् .....

शीतल केलेके पेडोंको ले आकर चारों ओर बराबरीमें उनको रखो और ऊपर बडे-बडे पत्तोंसे ढक दो । जिसको देखने पर किसी घरका कमरा जैसा ही ऐतिहासिक हो ।

सकुसुमरसमाहर वृक्षवराणां पल्लवततिमपि कुसुमधनानाम्
स्थापय कठिनकुचे ! तदुपरि सघनं रमणीयतरं च भवेदिदमयनम्
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् .....

पुष्पधनवाले वृक्षवरोंके उत्तम पुष्परसों (इत्रों) के साथ किशलयों को भी लेती आओ और सुनो ऐ कठिन स्तनोंकी सखि ! उसके ऊपर उन सबको जरा सुदृढ ढंगसे रख दो, जिससे यह निवास बहुत सुन्दर दीख पडे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनु क्षिप सुमुखि ! कर्पूररजोऽपि परितस्तच्च सुगन्धि भवेदखिलम्
संस्थितमत्र विभुं हतभवरागं कारय समुदं गिरिजागतरागम् ।
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् .....

तदन्तर अरी सुमुखि ! कर्पूरके कणोंको छिटक दो, जिससे वह भी चारों ओर सुगन्धित होता रहे, ऐसे स्थान पर रह रहे एवं सांसारिक रागोंसे हटे इन प्रभुको देवी गिरिजाके प्रति अनुराग बढ़े और सुप्रसन्न बना दे ।

अपसारय यक्षपतेः प्रियरमणि त्वमितोऽस्य तनोर्निखिलाभरणानि
अपनय दूरं डमरुं च त्रिशूलं वस्त्राण्यपि वरगजचर्ममयानि ।
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् ....

अरी कुवेरजीकी प्रियरमणि ! इधर-इन-प्रभुके सर्वाङ्गोंसे सारे आभरणोंको हटा दो । और सुनो ! डमरु और त्रिशूलके साथ-साथ सर्वोत्तम हाथीकी चमडी रूपके वस्त्रोंको भी बिलकूल दूर कर दो ।

स्थाणो रूपं धृतवानधुनाऽसौ निःसंज्ञोऽभूद् गिरिवरजाविरहात्
प्रकृतिक्लिन्नस्तद्गुणगणखिन्नो निर्गुण आत्मनि रमते च तदैक्यात्
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम् ....

देवी गिरिजाके विरहसे ये प्रभु अभी स्थाणु (ठूँठ) का रूप धर रहे हैं, इससे भी निःसंज्ञ हैं । इधर प्रकृतिसे लिप्त होनेके कारण उसके गुणोंसे निरन्तर खिन्न हैं । इस हालतमें भी ऐक्य (एकता) होनेसे उससे बचनेके लिए स्वयं निर्गुण जैसे हो अपनी आत्मतत्त्वमें ही रमण कर रहे हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

समयप्रबुद्धः प्रभु-कालात्माऽसौ ज्ञानसदिच्छाशक्तिक्रियाणाम्
स्थानं योग्यो विभु-शङ्कर एष शङ्कर एव भविष्यति लोकनाम् ।
परिचर सखि ! कामहतं गिरिजेशम्.....
परिहर हरतापं स्मरजमशेषम्

कालात्मा ये भगवान् जो स्वयं इच्छा-क्रियाशक्तिके सुयोग्य स्थान हैं, समयमें स्वयं जग जायेंगे और सारे प्राणियोंके कल्याणकारक होनेके नाते भी लोगोंका कल्याण करेंगे ।

एवं स्त्रीभिः प्रिययुगलयोः सङ्गमाकाङ्क्षिणीभि-
स्तेनैवेत्थं सकलजगतां क्षेममातन्वतीभिः ।
भक्त्युद्रेकात्प्रतिपलमसौ सेवितः शूलपाणि-
रर्धोन्मीलन्नयनकमलस्ताश्च पश्यन् रराज ।।

भगवान शङ्कर एवं भगवती गौरीकी इस जोडीका संयोग चाहने और इसीसे सारे लोकोंमें कल्याणका विस्तार करनेकी इच्छा रखनेवाली इन स्त्रियोंने परिवृद्ध भक्तिके प्रवाहसे पल-पल पर सेवा किये गये शूलपाणि ये भगवान् अब अध-खुले नेत्रोंसे इन सबको देखते-देखते अत्यन्त शोभित हो उठे ।

इति चतुर्थसर्गे प्रथमा लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीया लीला

सोऽहं देव ! भवत्पदाब्जरसिकोऽस्म्याराधकः सेवकः
पुत्रो विश्रवसः "कुवेर" इति मां नाम्नाऽऽह्वयन्ति प्रजाः ।
त्वन्मित्रं च विभो ! प्रगृह्य सकलान् गन्धर्वयक्षानिमान्
सेवार्थी प्रणतोऽस्मि पादयुगले प्रेक्षस्व नोऽप्युद्धर ।।

हे देवाधिदेव भगवन् ! आपके श्रीचरणारविन्दोंका रसिक एवं उन्हींका आराधक मैं मुनिराज विश्रवाका पुत्र एक सेवक हूँ । मुझे सारी दुनियां कुवेर इस नामसे पुकारती हैं । सर्वव्यापक प्रभो ! आपने मुझे मित्र बनाया है । अतः मैं आपका मित्र भी हूँ । इन सारे गन्धर्व और यक्षोंको साथ लेकर सेवाके लिए उपस्थित हूं । श्री चरणोंमें झुकता हुआ निवेदन करता हूँ कि हमारे ऊपर सुदृष्टि देकर हम लोगोंका भी उद्धार कीजिये ।

दुष्टैर्वीर्यवलोद्धतैस्त्रिभुवनं कुर्वद्भिरात्मप्रियं
क्रीडास्थानमकारि विरचमधुना तत्स्वामिनोऽप्याहताः ।
आर्ता इत्थमिमे विभो ! स भगवांस्त्राता तथास्थापको
भूत्वाऽप्यत्र वितिष्ठसे प्रियजनानालोकनाच्चिन्तितः ।।

हे विभो ! वीर्य और बलोंसे उद्धत दुष्टोंने त्रिभुवनको ही अपने लिये प्रिय एवं भव्य क्रीडास्थल बनाया है । उन्होंने आजकल सारे त्रिभुवनोंके स्वामियोंको पीडित कर रखा है । इस तरह सारे संसारी जन आर्त हैं । इधर आप उन सबके संरक्षक एवं स्थापक होकर भी यहाँ ऐसे विराजमान हैं । परन्तु आपके भीतर जो दुःख है वह तो अपने उन प्रिय जनोंकी ओर ध्यान न देनेसे ही हुआ है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्वत्प्राणा विरहेणार्ता क्रीडासंगमकाङ्क्षिणी ।
प्रतीक्षते दृढोत्कण्ठा भवदागमनं शिवा ॥

आपमें ही अपने प्राण मिलाये आपके विरहसे पीडित हुई एवं क्रीडाके लिये आपका संगम चाहनेवाली देवी शिवा बहुत उत्कण्ठित होकर आपके आगमनकी प्रतीक्षा कर रही है ।

अभिगच्छ प्रभो ! तत्तां भामिनीं रतिकेलिभिः ।
प्रसाद्यां स्वप्रियां रामां संसेव्य कुरु नः प्रियम् ॥

हे भगवन् ! इसलिये भी आप वहां पधारें और आपके अनागमनसे क्रुद्ध हो बैठी अपनी प्रिया रमणीको जो सुप्रसन्न बनाने योग्य है और सेव्या भी है, रति-क्रीडाओंसे सन्तुष्ट बनाकर हमलोगोंका भी प्रिय कीजिये ।

स्वं स्थाणुत्वमिदं त्यक्त्वा कृत्वा रागपरं मनः ।
शृणु त्वं स्थितिमेतस्या गीत्वैवं वर्णयामहे ।

हे प्रभो ! अब आप अपना इस स्थाणुत्व (निरपेक्षत्व या ठूंठापन) को छोड मनको रागपरक बनाकर देवी गिरिजाकी अभी-की स्थिति सुनिये, जिसको हम गा-गा कर वर्णन करते हैं ।

गीतिः

विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे (ध्रुवपदम्)

देवी गिरिजा चन्द्राभरण आपके प्रति गाढानुरागसे अनुरक्त हो अपने अन्तःकरणमें (मन ही मन) इस प्रकार विलाप कर रही हैं (ध्रुवपद) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्यति देवी व्यपहतरागं परमिह दयया संधृतरागम्
निर्गुणमपि यं सगुणीभूतं संरममाणं भवसंसरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

वह देवी आपके हे प्रभो ! समस्त विषयानुरागको विनष्ट किये होते हुए भी प्राणीमात्र प्रतिकी दयासे अपनेमें राग (विषयों प्रतिका अनुराग) धारण किये एवं निर्गुण होने पर भी सगुण बनकर संसारियोंके उद्धारके लिये व्यवहार करनेवाले हैं । इस दृष्टिसे देखती हैं ।

प्रियवस्तुषु तस्य विभोरपि हा ! हृदयस्थैका भवभूतदया
विलसति पुरतः स तया रमते कृतसंकल्पो जगदुद्धरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

उन सर्वव्यापक प्रभुकी प्रिय कही जानेवाली वस्तुओंमें अतिशय प्रिया संसारी प्राणियोंके प्रतिकी दया ही है और वही एकमात्र उनके हृदयमें रहती है, जो उनके सामने अनेकों विलास-हाव-भाव प्रदर्शन करती रहती है । अतः संसारियोंके उद्धारार्थ संकल्प कर उसीसे क्रीडा करते हैं ।

दुःखमिदं प्रथमं प्रकटमभून्मत्कृत एकं तेन यदेव
सुरसरिदेषा शिरसि धृता या निरता जगतां च हिताचरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे..

मेरे लिये सबसे पहला दुःख यही प्रकट हुआ कि जब उन प्रभुने देवनदी (गङ्गा) को अपने सिरपर धर लिया, जो स्वयं जगतोंके हिताचरणमें लगी हुई थी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवतत्त्वमयीमुडुराजकलां षोडश्यास्यां विद्यामपि ताम्
तान्त्रिकविधिनाऽसौ शिरसि वहन्ननुभवति सुखं तदलङ्करणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

दूसरी ओर सारे संसारका तत्व (सार) रूप भगवान चन्द्रकी कला जिसे षोडशी-विद्याका प्रतीक कहते हैं, तान्त्रिक-पद्धतिसे अपने सिरपर धारण कर उसीको सर्वोच्च अलङ्कार बनानेमें सुखानुभव करते है ।

डमरुं विधिवच्छब्दमयेन ब्रह्मरवेणैवं वादयते
दिशति विबुद्धान् गदति हितार्थी नहि नहि रक्षति डुकृञ्करणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

हाथके डमरूको शब्दमय ब्रह्म-रवसे विधिवत् बजाते हुए विद्वानोंको आदेश देते हैं और उन्हींके हितके लिये कहते हैं कि डुकृञ् करणे (यह एक व्याकरणगत धातु है, (जिसका अर्थ "मैं ही कर्ता-धर्ता हूँ" इत्यादि निकलता है) किसी हालतमें भी रक्षा नहीं कर सकता ।

विश्रुतमखिलं दृष्टं चैतद् विश्वगतं वस्तु विनाश्यखिलम्
अविनाश्येकं ब्रह्म तदैक्ये दिशति यतध्वं स तथाचरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

विश्वगत सारी वस्तुयें जो देखी-सुनी जाती हैं, केवल विनाशशील हैं । अविनाशी एक ही वस्तु है, जिसको ब्रह्म कहते हैं । इस स्थितिमें उसीसे एकता प्राप्त करने हेतु प्रयत्नवान् बनो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और तदनुरूप आचरण (क्रियाकलाप) करो । ऐसा आदेश देते रहते हैं ।

गदति प्रकृतिः क्षणिका यस्याः कृतयोऽपि जडा मायैवैषा
अपसरत जना ! दूरममूभ्यः "सोऽहं" स्मरत स्वहिताचरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

हे भगवन् ! कहते-कहते वह देवी आपके ऊपर दोषारोपण करती हुई ऐसा भी कहती है कि, वे भगवान् शिव कहते हैं कि प्रकृति बिलकूल क्षणिक (नाशवती) है और उसकी करतूतें भी जड ही हैं । वास्तवमें कहें तो वह केवल माया ही है । इस स्थितिमें अरे सांसारिक प्राणियों ! इन सबसे बिलकूल दूर रहो और सुनो ! अपनी आत्माका कल्याण चाहते हो तो-सोऽहम् (मैं ही वह त्रिकालाबधित ब्रह्म हूँ, नित्य सच्चिदानन्दात्मक हूँ) ऐसा समझते रहो ।

प्रकृतिं निन्दति भगवान् भूत्वा सफलां मामपि हन्त ! सदैवम्
व्यवहारोऽभूदसमञ्जस इह नित्यं शोचति साऽन्तःकरणे ।
विलपति गिरिजा स्वान्तःकरणे
दृढरतिरक्ता चन्द्राभरणे.

फिर कहती हैं - स्वयं षडैश्वर्य सम्पन्न भगवान् (सगुण) होते हुए भी संसारमें ऐसी सफल मुभ्क प्रकृतिकी भी निरन्तर निन्दा करते हैं । यही तो महान् दुःखकी बात हैं कि इस स्थितिमें सांसारिक व्यवहार सञ्चालनमें बडी गडबडी हो रही है । ऐसा वह अपने अन्तःकरणमें सोचती हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्माद् दयस्व भगवन् ! प्रकृतिं शिवां तां
प्रेक्षस्व देव ! रमयस्व च कामतप्ताम् ।
उत्पादय त्वमिह पुत्रममोघवीर्यं
यन्नायकत्वमुपसृत्य शुभं भवेन्नः ॥

इसलिए भी वह शिवा आपकी प्रकृतिरूपकी देवी है । उनके ऊपर दया कीजिये, साथ ही कामतप्त उनमें सुदृष्टि डाल उनके साथ विहार कीजिये और उनके माध्यमसे एक ऐसा पुत्र उत्पन्न कीजिये, जिसके नायकत्वका अनुसरण कर हम सभीका निरन्तर कल्याण हो ।

श्रुत्वा मित्रवरोक्तिमार्तिविधुरामात्मप्रियां तामपि
कामार्तामनुभूय तान् परिकरान् संलक्ष्य दीनांस्तथा ।
नेत्राब्जे विनिमील्य चन्द्रनयनं चोन्मील्य दूरस्थितां
गौरीमीक्षितुकाम एष सहसा प्रक्षिप्तवान् स्वं प्रभुः ॥

अपने मित्रवर (कुबेरजी) की ऐसी आन्तरिक पीडा भरी उक्ति सुनकर और अपनी प्रिया उन गिरिजाको भी कामदेवसे सतायी हुई अनुभव कर साथ ही अपने परिजनोंको भी वैसे ही दीन-हीन लक्ष्य कर अपने दोनों नेत्र-कमल मूंदे ही मूंदे चन्द्रमय नेत्रको कुछ उघाड थोडी ही दूरीमें संस्थित देवी गौरीको स्वयं देखनेकी इच्छासे सर्वसमर्थ उन प्रभुने अपनी आत्माको एकाएक उसी स्थान पर पहुंचाया जहाँ देवी रहती थी ।

इति चतुर्थसर्गे द्वितीया लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृतीया लीला

प्रियावियोगादतिखिन्नमानसो
गुप्तं तयाऽऽगत्य गुहान्तरं श्रितः ।
प्रियङ्करःशङ्कर एष ईश्वरः
शृण्वन्नयासां गदितान्यशोभत ।।

अपनी प्रिया गौरीके वियोगसे अत्यन्त खिन्न हृदयके एवं सुगुप्तरूपसे यहां (गौरीनिवास-गुहामें) आकर उसके एक कोनेमें छिपे प्रियङ्कर भगवान् तथा ईश्वर शङ्कर अब इन औरतोंके वार्तालापको सुनते हुए सुशोभित हो उठे ।

इतो विषण्णां स्मरदग्धमानसां
प्रियां सखीं स्वां गिरिराजबालिकाम् ।
आश्वासयन्ती स्वहृदेव सा जया
प्रभोः स्थितिं ज्ञातवती व्यभाषत ।।

इधर कामदेवसे विदग्धहृदयकी एवं खिन्न-चित्तकी अपनी प्रियासखी गिरिराज-पुत्रीको आश्वासन देती हुई सखी जया हृदयसे भगवान शङ्करकी उपस्थिति जान उनसे ऐसे कहने लगी ।

गीतिः

अयि गिरिवरतनये प्रियसखि !
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ? (ध्रुवपदम्)

अयी मेरी प्यारी गिरिराजपुत्रि ? तुम इस विषयमें व्यर्थ ही क्यों खिन्न हो रही हो ? चिन्ता करनेकी कोई बात नहीं है । (ध्रुवपद)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रियमनुसरमाधिहरं सखि ! शङ्करममुमेकवरम्
त्वत्प्रियमेष करिष्यति लघु हृद्गतदर्पं दलय त्वम् ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

इस मानसिक चिन्ताको विनष्ट करनेमें समर्थ अपने प्रिय उन्हीं भगवान् शङ्करका अनुसरण करो । वे ही तो एकमात्र वर (सर्वश्रेष्ठ) हैं । वे ही प्रभु अब बहुत जल्दी ही तुह्मारा प्रिय कर देनेवाले हैं ।इस स्थितिमें सुनो ए देवि ! तुम अपने हृदयके इस स्त्रीत्वाभिमान (स्त्रीहठ) को छोड दो ।

स्वहितं स्मर विस्मर भूतं यदभूदहितं ह्यनुभूतम्
विगुणो न शिवः कुहको वा सगुणं तं स्मर रमणं स्वम् ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

सबसे पहले तुम अपने हितकी याद करो । भूत (जो हुआ) को भूल जाओ जिसको तुमने अहितके रूपमें अनुभूत किया है । इतना याद करती रहो कि वे प्रभु न तो विगुणी हैं न मायावी ही । अब तुम उनको सगुणी और अपना रमण समझो ।

त्वत्प्रियमाचरणेऽत्र शिवे ! सर्वसमर्थःस्वहितार्थः
निर्गुणवद् दृश्यत एष स्वात्मरतो भूतदयार्थः ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

अरी शिवे ! अपने हितको ध्यानमें चढाये हुए वे प्रभु तुह्मारी अभिलाषा पूरी करनेमें हर तरहसे समर्थ हैं । ऐसे तो देखनेमें निर्गुण जैसे दीख पडते हैं तो भी सारे प्राणियोंमें दया करना ही उनका लक्ष्य है । परन्तु इस स्थितिमें भी वे प्रभु आत्मानन्दमें ही मग्न रहते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुरि शेतेऽसौ प्रकृतिकृतायां पुरुषोऽयं मायालीनः
निर्गुण इत्थं भवति तदा छायास्विव तद्गुणहीनः ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

सुनो ए मेरी सखि ! प्रकृति (सांख्यशास्त्रीय-पराशक्ति) द्वारा निर्मित पुरी (देह) में सोनेवाले ये पुरुष वे ही हैं, जो उसीकी मायामें लीन हैं । परन्तु ऐसा होने पर भी वे ही तव निर्गुण प्राकृतिक गुणों (सत्व,रज,तम इन तीनों) से हीन हो जाते हैं, ठीक छाया जैसे ।

नाऽस्ति शिवे ! (ऽ) स्मिन् कुहकत्वं सति प्रकाशेऽन्धंतमः क्व
स्वत उद्भूते स्वात्मनि भण रागौघे तद्रागं क्व ?
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

जगतोंका कल्याण करनेवाले उन भगवानमें कुहकत्व (मायावित्वा) है ही नहीं । जरा समझो तो प्रकाशकी विद्यमानतामें अन्धकारकी क्या हस्ती ? । अपनी आत्मामें आपसे आप अनुराग-बाहुल्य उभर आने पर वह वैराग्य (अनुरागहीनता) कैसे टिक सकता है ?

बीजाधायकमेनमुमे ! कारणमाद्यं जगतोऽस्य
प्रकृतिद्वितिरिह विगुणं हा ! कथयसि कलहान्तरिता त्वम् ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

सुनो अरी उमे ! दृश्य-श्रूयमाण इस जगत्का आदिकारण और बीजवपन करनेवाले उन प्रभुको तुम प्रकृतिद्विति (वीर्याधानस्थल होकर) और स्वयं कलहान्तरिता (झगडालू नायिका) बन विगुणी हैं, कहती हो । यही तो दुःखकी बात है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुदृढनितम्बिनि ! बिल्वकुचौ प्रविसंमर्द्य कराभ्यां सः
त्वन्मुखमुन्नाम्याञ्जलिना पास्यत्यधरसुधां सरसः ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

सुनो ए सुदृढ नितम्बवाली ! वे प्रभु तुह्मारे इन बेल जितने बडे-बडे स्तनोंका अपने दोनों हाथोंसे यथेच्छ मर्दन कर अपनी अंजलीसे तुह्मारे मुख-मण्डलको उठाकर स्वयं रसिक बन होठोंका अमृत-पान करेंगे ।

तदिदं मूढत्वमुमे ! त्वं संप्रजहि ह्यभिमानं च लघु
अभिसर शान्ताऽशान्ता सखि ! रागरतो राजति स विभुः ।
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

ऐसी स्थितिमें अरी उमे ! अब तुम अपना मूढत्व बिलकूल छोड दो । साथ ही यह स्त्रीत्वाभिमान भी जाय । सखि ! क्यों इस तरह अशान्त हो रही हो । बिलकूल शान्त होकर अब उन प्रभुके समक्ष पहुंच जाओ । सुनो ! वे प्रभु स्वयं अनुरागयुक्त हो तुह्मारे प्रतीक्षामें बैठे हैं ।

व्यापक ईश्वर एष शिवे ! त्वत्पदपतनेऽनुनयार्थम्
आगत एव भवेदिह वा त्यज मोहममुं स्मर तम् ।
अयि गिरिवरतनये प्रियसखि !
परिखिद्यस इह किमहो ! त्वम् ?

दूसरी एक बात और सुनो शिवे ! तुह्मारे वे प्रभु सर्वव्यापक ईश्वर हैं । इस स्थितिमें हो सकता है तुह्मारे पाव पडने एवं अनुनय-विनय करने कहीं यहां भी आ पहुंचे न हो । अब अपने इस मोहको छोड दो और उन्हींकी याद करो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रिया वयस्या गिरिराजपुत्र्या
जया तथोक्त्वा विरराम यत्र सा ।
तत्रैव तद्वाक्यसुधार्द्रचित्तो
महेश्वरो गुप्तगतिर्हसन् स्थितः ।।

देवी गौरीकी प्रिय सखी जया इतना कहकर जहाँ चूप हुई वहीं उसकी वाक्-सुधासे आर्द्रचित्त बने महेश्वर जो वहीं छिपे तौरपर रह-रहे थे मुस्कुराते रहे ।

इति चतुर्थसर्गे तृतीया लीला

चतुर्थी लीला

प्रेम्णा तथानिगदितामितिहासवृत्तां
श्रेयस्करीमपि गिरं शमदां जयायाः ।
श्रीशङ्करे गतमना अपि वृद्धदर्पात्
नाऽसौ तथाऽऽद्रियत रूपगुणाभिमानात् ।।

पूर्वघटित घटनाओंसे सम्बद्ध एवं प्रेमपूर्वक कही गयी सखी जयाकी शान्तिदायिनी तथा हितकारिणी वैसी वाणीको सुन कर देवी गौरीने भगवान् शङ्करमें क्गितमन होने पर भी गर्व बढनेसे और रूप गुणोंके घमण्डवश उतना आदर नहीं दिया ।

भ्रूविभ्रमेण कुटिलेन समीक्ष्य तत्तां
तद्वाक्यतो मृडमिहाऽऽगतमाकलय्य ।
उद्दिश्य तं प्रियमथाऽस्य हृदि स्थिता सा
गौरी व्यभाषत गलत्हृदयार्थगीत्या ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मात् कुछ टेढे हुए भ्रूविलासोंसे सखी-जयाको देखकर एवं उसीके कथनसे स्वयं भगवान् शङ्करको यहां (अपने कमरेमें) आये जान उन्हीं प्रियको उद्देश्य कर उनके हृदयमें रह रही देवी गौरी स्वयं गलित हृदयसे सार्थक-गीतिमें इस तरह कहने लगी ।

गीतिः

शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम् (ध्रुवपदम्)

अरी सखी ! सुन तो, उन मायावी-शिव से तो मैं मारी ही गई, तब, जब कि विवाहके प्रथम दिनमें-ही मैं उनसे मिली । (ध्रुवपद)

तदधिष्ठितगिरिवरगह्वरमासीत्सुविततमभितः सरसिजरससिक्तम्
अतिरमणीयं हरनयनप्रभया परिजनकृतसुशिशिरवस्तुविभक्तम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

हुआ क्या कि, आगे सुन ! उन भगवान् द्वारा अधिष्ठित हिमालयकी वह कन्दरा (गुहा) बहुत ही विस्तृत थी । उसके चारों ओर कमल-पुष्पोंके रस (इत्र) सुसिञ्चित थे । उस पर भी वह उनके श्रीनयनोंकी प्रभासे अत्यन्त रमणीय थी, जब कि उनके अपने परिजनों (प्रमथादिगणों) से ठण्डी - ठण्डी वस्तुओंद्वारा अलग-अलग रूपमें सजायी गई थी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनन्तरमहमभवं भवतीभिः सदयं हरचरणप्रापितदेहा
विजने प्रोज्ज्वलकान्तिं भसिताङ्गं सदपश्यमिह स्थितमेककमेतम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम् ॥

तदनन्तर मैं तुम सखियोंद्वारा मेरे ऊपर स्नेहकर उन प्रभुके श्रीचरणोंमें पहुँचायी गई थी । गुहाके अन्दर घुसने पर मैंने उस एकान्त स्थलमें अकेले बैठे और सारे अङ्ग-प्रत्यङ्गोंपर भस्म रमे एवं अत्यन्त उज्ज्वलकान्तिके उन प्रभुको देखा ।

सुरुचिरमृदुजङ्घायुगलसुशोभितमनुपमकोमलचरणप्रभयाढ्यम्
पीनोन्नतसुन्दरबाहुमनोज्ञं सुविततवक्षसमसमोज्ज्वलदेहम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम् ॥

सुन्दर एवं अत्यन्त कोमल जङ्घायुगलसे सुशोभित तथा अनुपम श्री चरणोंकी आभासे सुसम्पन्न परिपुष्ट एवं उन्नत सुकोमल-सुन्दर बाहुओंसे विभूषित विशाल वक्षःस्थल तथा अतुल्य देहके (उन प्रभुको देखा) ।

जलनिधिकल्मषसंस्थितिनीलगलं रविशशिदहनाश्रितमीलितनयनम्
स्वशिरःस्थकपर्दनिवेशितगङ्गं हिमकिरणकलोज्ज्वलमुच्चसदङ्गम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम् ॥

कालकूटविषकी स्थितिसे नीलगलेके एवं सूर्य-चन्द्र अग्निके आधारभूत तीनों नेत्र मूँदे, जटाजूटमें स्वर्गङ्गाको छिपाये, शिरःस्थ चन्द्रकलासे समुज्ज्वल बने सर्वोत्तम अङ्गवाले (उन प्रभुको देखा) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दहरस्थितब्रह्मण आधिहरस्य ध्याननिमग्नं संधृतस्थाणुत्वम्
श्रुतिवचनादृतमीश्वरमात्मनि तं सगुणं वाऽगुणमिति चाकलयन्तम्
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

मानसिक चिन्ता-नाशक अपने दहराकाशमें संस्थित परब्रह्मका ध्यानमें लीन अत एव स्थाणुत्व (ठूंठपन) अपनाये एवं वेदवाक्योंद्वारा समादृत ईश्वरको अपनी आत्मामें ही "वह सगुण है वा निर्गुण" ऐसा विचार करते हुए (उन प्रभुको देखा) ।

तदनु तयोरुभयोः स्थितिकृत्ये ते सखि ! मम दृष्टिपथं विगतेऽत्र यदा
प्रिय आत्मन आश्रयभूतो भगवान् दृढमालिङ्गित एव मयाऽपि तदा ।
शृणुसखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

अरी सखि ! उसके बाद अपनी कृत्य-बुद्धिसे मारी गई मैं वैसे जगदीश्वरको देख एकान्तमें उन प्रभुके सामने बैठी-बैठी उनके श्रीमुखकमलका रस पीती रही ।

इत्थं सखि ! बहु समयो मम विगतस्तं पश्यन्त्याः स्थाणुसदृशमतुलम्
तस्याऽमितकान्त्युज्ज्वलरूपं तन्मन्मन आशु जहाराऽत्र विरक्तम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

इस तरह सखि ! बिलकूल स्थाणु (ठूंठ) जैसे बने उन प्रभुको देखते-देखते मेरा वहां बहुत समय बीत गया । अन्तमें ऐसे पतिदेवसे रतिक्रीडामें विरक्त हुए मेरे मनको अमित-कान्तिसे समुज्ज्वल उन प्रभुका रूप एकाएक खींच बैठा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्मरगुरुणाऽहं तु विनाप्युपदेशं शिक्षितवृत्ता रतिकेलिकलायाम्
निपुणाऽभवमहममृतपाने सहसा तं पीतवती च यथेच्छम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

तदनन्तर सुनो तो सखि ! कामदेवजी मुझे उपदेश दिये विना ही स्वयं मेरे गुरु बन बैठे । उन्होंने ही मुझे रतिक्रीडाओंकी कलामें उपर्युक्त व्यवहार सिखलाया । तब मैं उनके अधरामृत-पान करनेमें बड़ी ही निपुण बन गई और एकाएक यथेच्छ उनका अधरामृत पान करती रही ।

विषममये समये मनसि तदा मे प्रादुरभूदविसह्या स्मरविकृतिः
रोमाञ्चितसकलाङ्गा समभूवं स्वेदसरःस्नातेव हता मम धीः ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

इस आकस्मिक अनूंठे समयमें मेरे मनमें असह्य काम-विकार उत्पन्न हुआ । तब मैं उस समय अङ्ग-प्रत्यङ्ग रोमाञ्चित हो गई । इधर मेरी बुद्धि भी पसीनेके तालावमें नहाई जैसी हो गई ।

प्रबलतममदनमदवेगाविष्टा किं किं कृतवत्यहमत्र न जाने
अलमलमिह भो ! किं कथयामि जये ! कटिबन्धो विश्रंशित इति
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

मेरी प्रिय सखि जये ! तब बेजोड़के काम-मदसे आविष्ट हुई मैं वहां कितने देर तक क्या-क्या करती रही, कुछ नहीं जान पाई । हां ! इतना जानती हूं कि उस समय मेरा कटिबन्ध (साडीका गांठ) आपसे आप खिसका । बस ! बस !! सखि ! इतना ही कहना पर्याप्त है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनु मदीयो हतमर्यादोऽयं देहोऽप्यहहा ! स्मरशत्रोरङ्कम्
अधिवसति स्म स्वेप्सितमिह कुर्वन् सुचिरं क्रीडन् सुखदेऽत्र तदङ्गे ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

तत्पश्चात् मर्यादाविहीन यह मेरा शरीर कामवैरी उन प्रभुके अङ्क (गोद) में जा बैठा और वहाँ बहुत देरतक मनमानी करता रहा। क्या कहूँ सखि ! उनका प्रत्येक अङ्ग बहुत ही सुखदायी था ।

मम दृष्टिरियं सहसा समयेऽस्मिञ्छिरसि निविष्टां सरितं दृष्टवती
मूर्तिमतीं तां स्मितवदनां रमणीं तद्गतभावां ससुखं विहरन्तीम् ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

ठीक इसी समय मेरी दृष्टि उनके सिरपर संस्थित गङ्गाके ऊपर पड गई । वह भी उस समय मूर्तिमती होकर मुस्करा रही थी और उन प्रभुके साथ रमण (विहार) करनेकी इच्छासे वहीं पर सुखपूर्वक विहार कर रही थी और उन्हीं प्रभुपर अपने हृदयके सारे भावोंको लगाये हुए थी ।

पुनरित एकान्या चन्द्रकलास्या तेन धृता स्वशिरसि नित्यप्रिया सा
व्याप्य शरीरं विहरन्तीव मया तत्र विदृष्टा तत्पदगतरागा ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

फिर दूसरी ओर वे प्रभु जिसको नित्यप्रिया कहते थे और अपने सिरपर चढाये हुए थे, वह दूसरी चन्द्रकला नामकी थी । उन्हींके श्री चरणोंमें अपना अनुराग भर-भर कर उन्हीं प्रभुके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शरीर पर आ-नख-शिख व्याप्त हो विहार कर रही थी । खूब मैने देखी ।

तदनु मया सखि ! कृत्यधिया हतया ह्यवलोकित एष तथाविध ईशः
निभृतं पुरतोऽस्य स्थितया विजने पीतश्च रसस्तन्मुखसुमनस्यः ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

तदनन्तर सखि ! उन दोनोंकी स्थिति और कृत्य जब मेरे नजरके सामने आये तब क्या कहूँ री जये ! मैं भी ईर्ष्यावश हो अपने प्रिय एवं परम आश्रयभूत भगवान् भूतनाथका गाढालिङ्गन कर ही तो बैठी ।

उभयोस्तन्वोरैक्यं गतयोर्हीत्थं पतिपत्न्योर्योगादाशु
तस्य विभोस्तनुतो निःसृत आत्मा रमते स्म प्रियासु सरिच्चन्द्रकलासु ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

इस तरह हम दोनोंका शरीर एक होते ही तत्कालमें उन प्रभुके श्री-विग्रहसे उनकी आत्मा निकल गयी और उन्हीं दोनों (गङ्गा और चन्द्रकला) में ही रमने लगी (अर्थात् क्रीडा करने लगी) ।

अनया स्थित्योपेक्षितवृत्त्या हतया स्वस्थितकामकलाभिः
स मया बहुधा परिरम्भित आरान्नागान्मद्वशमिह हतवृत्तोऽपि ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

इस प्रकारकी उन प्रभुकी मेरे प्रति दिखाई गयी उपेक्षित-वृत्तिसे मारी गयी मुझद्वारा अपनेमें संस्थित कामकलाओंके माध्यमसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वे प्रभु फिर अनेक प्रकारसे अङ्कमाल किये गये, परन्तु इस तरह हतवृत्त कराये जाने पर भी मेरे वश नहीं आये ।

खिन्नाऽभवमहमनया स्थित्या सखि ! तत आगममिह लघु तस्योत्सङ्गम् त्यक्त्वा तं च तथोक्त्वा विगुणस्त्वं कुहकस्त्वं नीरस एवाऽसीति ।
शृणु सखि ! कुहकेन शिवेन हताऽहम्
परिणयदिन एव तथामिलिताऽहम्.

अन्तमें सखि ! ऐसी स्थितिसे तो मैं ऊब ही गई । तब मैंने उनका अङ्क (गोद) छोड ही दिया और वहांसे उन प्रभुको "तुम विगुणी हो, मायावी हो और बिलकूल नीरस हो" ऐसा कहती हुई इधर आ गयी ।

सोढं सोढं स्मरकष्टमशेषं स्मारं स्मारं प्रियवरमखिलेशम्
इत्थं विगता मम बहवो मासाः कथमथ सख्यौ ! श्रेयः स्याद् भणतम्
साऽहं विहतेत्थं प्रियकुहकेन
परिणयदिन एव तथामिलितेन

इस तरह कामदेवसे उत्पन्न इन सारे कष्टोंको सह-सह कर उन अखिलेश्वर अपने प्रिय प्रभुका स्मरण कर इस ढंगसे मेरे बहुत महीने बीत गये । इस स्थितिमें कहो तो मेरी प्रिय सखियों ! कैसे मेरा कल्याण होगा ?

श्रुतं वयस्या ! भवतीभिरीदृशं
ममेतिवृत्तं घटितं पुरा यथा ।
तस्मादसौ निर्गुण ईश्वरोऽपि सन्
विरक्तवृत्तिः कुहकश्च तादृशः ।।

मेरी सखियों ! तुम दोनोंने जैसा पहले घटा था मेरा इतिवृत्त सुन ही लिया । मैं तो समझती और कहती हूं कि वे प्रभु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वसमर्थ ईश्वर होने पर भी बिलकूल निर्गुण हैं, मायावी हैं और उनकी इन्द्रिय-वृत्तियां भी विरक्त बन चुकी हैं ।

सख्यः ! प्राप्स्यथ किं तथाविधममुं ज्ञात्वाऽपि तत्संगमं
प्रापय्याऽपि च मां तथाऽऽत्मनि रतं स्थाणुं यथैकान्तिनम् ।
इत्थंभूतगुणोऽस्त्यसावसमदृग् भूतप्रियो मत्पति-
र्जाताऽहं विधुरेव हा (!) स्य पदयोः सप्तर्षिभिः प्रापिता ।।

सखियों ! अब कहो कि वैसे निर्गुणी और विरक्त वृत्तिके उन प्रभुको जान-बूझकर भी उनके सान्निध्यमें मुझे पहुंचा कर तुम क्या पा सकोगी ? वास्तवमें कहें तो वे प्रभु बिलकूल एकान्त-प्रिय हैं और अपनी आत्मामें ही लीन हैं । अतएव स्वयं स्थाणु (भगवान्का एकरस या ठूंठ) हैं । असमदृष्टि (तीन आंखों) के वे भूतों (प्राणिमात्रों) के पति हैं और ऐसे ही संस्तुत-गुण वाले हैं । जो हैं, हैं तो मेरे पतिदेव ही । परन्तु दुःखकी बात यही हुई कि सप्तर्षियोंद्वारा उनके श्रीचरणोंमें पहुंचायी गई मैं हाय रे ! अब विधुरा (पति विनाकी शोकाकुल स्त्री) जैसी ही बनी हूं ।

इत्थं चिराय संरुद्धं हार्दमुद्गारमादितः ।
स्वसखीषु वमित्वेव स्मरार्ता विरराम सा ।।

काम-ज्वालासे पीडित हुई देवी गौरी इस तरह चिरकालसे अवरुद्ध हार्दिक उद्गारोंको अपनी सखियोंके समक्ष उगल कर चूप रही ।

इति चतुर्थसर्गे चतुर्थी लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चमः सर्गः

प्रथमा लीला

शान्तं स्यान्मन एकधैव भगवन् ! स्यान्निर्व्यथं तत्पुनः
संलग्नं भवताद्गुणेषु लसतात् तत्प्राकृतेष्वत्र च ।
नित्यं संसरतीह विश्वमखिलं जीवास्तदन्तर्गता
भ्राम्यन्त्यत्र भवांस्तु तद्गुणगणाद् भिन्नोऽस्ति हा ! निर्गुणः ।।

मेरे मालिक ! जगदीश्वर भगवन् ! यह आपका मन अब एक ही बार बिलकूल शान्त हो जाय । फिर उसमें व्यथा-पीडाकी बातें आ ही न सकें और वह भी इस संसारमें प्राकृतिक गुणोंमें संलग्न हो, उन्हीं में विलास करने लगे । प्रभो ! यह सारा विश्व ही निरन्तर संसरणशील है और सारे जीव भी उसीके अन्तर्गत हैं एवं सतत उसीमें घूम रहे हैं । परन्तु हे प्रभो ! अब आप तो उन प्राकृतिक-गुणोंसे बिलकूल अलग हुए हैं । यही तो दुःख है कि वास्तवमें आप निर्गुणी ही हैं (कैसे व्यवहार चले ?)

नन्द्याख्योऽस्मि वृषः प्रियोऽस्मि वितते पृष्ठे भवन्तं वहं-
स्त्रैलोक्यं परितो भ्रमामि भवतः स्वेच्छानुसारं प्रभो ! ।
यावज्जीवनमाशुतोष ! भवतामाज्ञा मया पालिता
तस्मादद्य निवेदयामि, भवतात् पूर्णा मदिच्छैकिका ।।

हे नाथ ! जरा सुनिये तो, यह मैं वही आपका प्रिय नन्दी नामका वृष (सांढ) हूँ जो मैं आपको अपनी पीठपर चढाकर त्रैलोक्यके चारों ओर घूमता रहता हूँ, वह भी आप ही के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इच्छानुसार । इस तरह ऐ मेरे ठाकुर प्रभो ! मैंने अपने जीवनभर आपकी आज्ञाका पालन किया । इसलिए भी मेरा हक है कि सुनिए आशुतोष नाथ ! आज वही मैं निवेदन कर रहा हूँ कि मेरी एक यह इच्छा पूर्ण हो ।

सोऽहं गच्छामि वेगाद्धिमगिरतनयां प्रेयसीं स्वामिनोऽद्य
पृष्ठे संस्थाप्य गौरीमहमिह भगवन् प्रापयिष्यामि शीघ्रम् ।
येन स्यातां भवन्तौ समधिगतसुखौ रागिणौ पुत्रहेतो-
रादर्शौ लोकधर्मेऽपि च तदनुमतिं प्रार्थये तत्र गन्तुम् ।।

यह मैं अब यहांसे बडे वेगसे जाता हूं और गिरिराज हिमालयकी सुपुत्री मेरे मालिक आपकी प्रिया देवी गौरीको अपनी पीठ पर चढाकर अभी-अभी यहाँ ले आ पहुँचाता हूँ, जिससे आप दोनों (पति-पत्नी) अपने-अपनमें सुदृढ प्रेम करते हुए पुत्र-प्राप्तिके लिये सुख-प्राप्त किये हों और लोकधर्म (ग्राम्यसुख) निभाते हुए आदर्श हों । तस्मात् हे प्रभो ! वहां जानेके लिए मुझे शुभाज्ञा दीजिए । यह मेरी प्रार्थना है ।

एवं संश्राव्य हार्दं स्वं वृषध्वजमसौ वृषः ।
गिरिगह्वरमायातः शिवा यत्र विराजते ।।

इस तरह वृषराज नन्दीने वृषध्वज उन प्रभुको ऐसी अपनी इच्छा सुनाकर वहांसे सीधे हिमालयकी गुहाकी ओर प्रस्थान किया, जहां देवी शिवा विराजमान थीं ।

वक्ष्यमाणगतिं गीतिं प्रगायन् स्वं शिरोऽपि सः ।
धून्वंल्लाङ्गूलमुद्यम्य तुष्टावेत्थं परेश्वरीम् ।।

तब वह नन्दी नीचे कही जाने वाली रीति-स्थितिकी गीत गाकर एवं अपने सिर हिला-हिलाकर लाङ्गूल (पूंछ) उठाता हुआ परमेश्वरी देवी दुर्गाकी स्तुति करने लगा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गीतिः

वस वस भगवति ! ककुदि मम त्वम्
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम् (ध्रुवपदम्)

अरी ओ भगवती मां ! जरा जल्दी करो, आकर मेर ककुद (कूवड या स्कन्धेका उभार) पर बैठ जाओ और रति (प्रेम, दाम्पत्य-क्रीडा) के एकमात्र स्थान भगवान् शङ्करके श्रीचरणोंकी ओर चलो । (ध्रुवपद)

भवजननिवहैः कर्मसु लग्नैरनियमभग्नैर्धनजनमग्नैः
तदितरसुजनैर्ध्याननिमग्नैरनिशं विधिवद्धृदयधृतेऽस्मिन् ।
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम्
वस वस भगवति ! ककुदि मम त्वम्.

सुनो मां ! मेरे मालिकके श्रीचरण अपने-अपने काम-धन्धोमें लगे एवं नियम पालनसे भग्न हुए तथा धन-जनोंमें मग्न रहनेवाले सांसारिक जनसमूहोंद्वारा और ऐसे लोगोंसे भिन्न ध्यानी-ज्ञानी महात्माओंद्वारा भी निरन्तर अपने हृदयमें संस्थापित है । ऐसे -

प्रभुरिह राजति सुरयुवतीभिः सफलं सेवित उन्नतधीभिः
स्मरजविकारैर्हतगुणवित्तः सीदति तूर्णीं त्वद्गतचित्तः ।
वस वस भगवति ! ककुदि मम त्वम्
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम्.

रतिमान् हरचरणोंकी ओर चलो । आकर मेरे कूवड पर बैठ जाओ । सुनो मां ! वहां मेरे प्रभु उन्नत बुद्धिवाली सुरबालाओंद्वारा सफलताके साथ सेवित हो सुशोभित हो रहे हैं । परन्तु इतना होने पर भी कामदेवके माध्यमद्वारा उत्पन्न विकारोंसे उनका सर्वोच्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सद्‌गुणरूप धन विनष्ट हो चुका है । ज्यादा क्या कहूं मां ! वे प्रभु तुम ही में चित्त लगाये मन ही मन दुःखित हो रहे हैं ।

सगुणो भगवान् स्मरति स शान्तं प्रकृतिं त्वामविरतमेकमनाः
त्वद्‌गुणरूपैरत्र प्रसन्नस्तत्र विहर्तुं चेच्छत्यधुना ।
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम्
वस वस भगवति ! कक्कुदि मम त्वम्.

और सुनो मां ! वे मेरे मालिक वैसे निर्गुणी नहीं हैं (जैसा तुम सोचती हो) वे हैं तो साक्षात् षडैश्वर्य-सम्पन्न सद्‌गुणी पुरुष ही । इसीसे प्रकृति-रूप तुमको निरन्तर एक मनसे स्मरण करते रहते हैं और तुह्मारे रूप और गुणोंसे बहुत ही प्रसन्न हो कर ही तुह्मारे साथ विहार करना चाहते हैं ।

त्रिभुवनसारं जगदतिभारं सुममिव सारं मन्वानोऽस्य
राजसि वितते हृदि सुखदे त्वं प्राप्स्यसि तत्सुखमसदृशमेवम् ।
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम्
वस वस भगवति ! कक्कुदि मम त्वम्.

देवी मां ! त्रिभुवनका सार-रूप अत्यन्त भारवाला इस जगत् (ब्रह्माण्ड) को मानो फूल जैसे सारका समझने वाले उन प्रभुके सुविस्तृत एवं अतिशय सुखदायी वक्षःस्थलपर समझती हो मां ! चमक उठोगी, तब मेरे साथ वहां जानेका सुख पा लोगी ।

स्वप्रियरमणेन शिवेन शिवे ! सह गिरिसानुनि रममाणा त्वम्
प्राप्स्यसि सकलं सुकृतस्य फलं वस वस तस्मान्मम कक्कुदि त्वम् ।
चल चल रतिमति हरचरणे त्वम्
वस वस भगवति ! कक्कुदि मम त्वम्.

अरी ओ शिवे मां ! अपने प्रिय रमण एवं भगवान् शिवके साथ पहाडोंके विचले भागमें रतिक्रीडामें संलग्न तुम उस समय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपने सारे सत्कृत्योंका फल पाओगी । इस लिए भी आओ बैठ जाओ मेरे कूबड पर ।

इत्थं व्याहरतः प्रियं निगदतः प्रभ्वोः सुखं ध्यायतो
नेत्रे स्वे विनिमील्य सौस्थितवतस्तद्वाक्यमध्यं तदा ।
सिंहोऽस्याः प्रियवाहनो गिरिगुहान्निष्क्रम्य वेगादहो
स्वं रूपं भयदं प्रगृह्य सहसाऽतिष्ठद् वृषस्याऽग्रतः ।।

ऐसा कहने एवं प्रिय निवेदन करनेवाले तथा अपने स्वामी-स्वामिनीका परम-सुखकी ओर ध्यान देनेवाले स्वयं उसीमें मगन होकर दोनों आँखें मूदकर बैठनेवाले उस वृषराजके उन वाक्योंके पूर्ण होनेके पहले ही देवी दुर्गाका प्रिय-वाहन सिंह एकाएक गिरि-गुहासे निकलकर भयानक रूप धरकर उस सांढके सामने खडा हो गया ।

चल चल गिरिजे ! त्वं प्राकृतैः सद्गुणैः स्वै-
रधिगतरतितत्त्वं तं तथाकारय त्वम् ।
इति वदति वृषेऽस्मिन् नेत्रमुन्मील्य दृष्टो
मृगपतिरवदत्तं "गच्छ तत्राऽभयस्त्वम्"।।

अरी गिरिजे मां ! अपने प्राकृतिक सद्गुणोंसे उन अपने पतिदेवको उपर्युक्त ढंगसे रतितत्त्वका सुख प्राप्त कराओ । ऐसा कहनेवाले उस सांढके आंखे खोलने पर देखा गया उस सिंहने उससे ऐसे कहा - अरे ओ सांढ ! भाग ! यहांसे, तुह्मारा भला वहीं है ।

इति पञ्चमसर्गे प्रथमा लीला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीया लीला

**अथ विजयाऽत्र वयस्या कलहान्तरितां गिरिवरजां स्वसखीम्
स्मरशरतापविदग्धां हतमानां सुगिरा वदति स्म ।**

अब वहां सखी विजया अपने प्रियसे रूठकर अलग हुई हिमालयकी सुपुत्री एवं अपनी सखी देवी गौरीको जो विशेषतः कामके शरोंसे दग्धप्राय: थी और अभिमान भी कुछ कुछ खिसकी हुई थी, ऐसे मीठे वचनोंमें कहने लगी ।

गीतिः

**अभिसर सुखदं प्रियरमणं त्वम्
प्रियसखि भगवति ! शृणु वचनं त्वम् (ध्रुवपदम्)**

अरी प्रियसखि ! भगवति ! मेरा कहना सुनो ! अतिशय सुखदायी अपने प्रिय-रमण भगवान् शिवकी ओर चलो । (ध्रुवपद)

**अभिमानिनि सखि ! सिद्यस एवं विजने तिष्ठसि रोसि सगर्वम्
प्रकृतं स्वहितं विस्मरसि त्वं स्वानपि खिन्ना पीडयसीत्थम् ।
अभिसर सरसं प्रियरमणं त्वम्
प्रियसखि ! पालय मम वचनं त्वम्.**

अरी अभिमान करनेवाली सखि ! ऐसे एकान्त स्थानमें बैठ रही हो, इधर गर्व (हठ) से रो भी रही हो और प्रकृत अपने हित विसुर रही हो एवं स्वयं खिन्न हो और स्वजनोंको भी इस तरह खिन्न (पीडित) बना रही हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बडे रसिक अपने प्रिय रमण भगवान् शङ्करकी ओर चलो। प्रिय सखि! मेरा कहना मान जाओ।

त्वद्गुणनिवहान् स्मारं स्मारं सुमुखि! त्वां स्मरति प्रिय एणः
एणा त्वं विलपसि स्वान्तर्हृदि कथयन्त्यगुणो मायाव्येषः।
अभिसर कान्तं प्रियरमणं त्वम्
नाऽसौ तादृक् शृणु वचनं त्वम्.

अरी मेरी सुमुखि सखि! इधर तुह्मारे प्रिय वे प्रभु निरन्तर तुह्मारे सद्गुणोंका स्मरण कर तुह्मारी भी याद कर रहे हैं और इधर तुम हो कि मन ही मन विलाप कर रही हो और कह रही हो कि "वे मेरे प्रभु निर्गुणी हैं, मायावी हैं"।

अपने प्रिय रमणकी ओर चलो। उन प्रभुको जैसा समझ रही हो वे कदापि वैसे नहीं है।

ससुरासुरमुनिमानवसंघैः सेवित आत्मनि दर्शितरूपः
ससुखं स्वेच्छासदृशे रूपैर्जगति क्रीडति सोऽयमरूपः।
अभिसर सुखदं प्रियरमणं त्वम्
प्रियसखि! पालय मम वचनं त्वम्.

सुर-असुर-मुनि-मानवोंके संघोंद्वारा वे प्रभु सदा ही सेवित हैं। आत्मामें ही अपना स्वरूप दर्शाते हैं। हाँ! मै मानती हूं कि वे यदा कदा रूपविहीन भी हो जाते हैं तो भी सुनो ए गौरि! जगतमें अपनी इच्छानुसार धरे गये रूपोंसे क्रीडा करते रहते हैं।

ऐसी स्थितिमें मेरा कहना मानो। सुखदायी प्रिय रमणकी ओर चलो।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निर्गुण एवं राजति शम्भुर्न हि मायाव्यसमोऽत्र परं सः
कथ्यत एभिर्बहुभिर्विज्ञैः स्थाणुः शङ्कर ईश्वर एकः ।
अभिसर सत्यं प्रियपतिमीशम्
भगवति ! तथ्यं शृणु वचनं त्वम्.

इस तरह निर्गुण बने भगवान् शङ्कर जगत भर दीप्त होते रहते हैं । मायावी तो हैं ही नहीं । हाँ ! एक बात जरूर है इन चौदहों भुवनमें उनके बराबरीका कोई भी नहीं है । वे ही प्रभु अनेक विद्वज्जनद्वारा अनेकों नामोंसे पुकारे जाते हैं । कोई स्थाणु कहता है तो कोई शङ्कर और कोई ईश्वर ।

ऐसे त्रिकालाबाधित सत्यरूप अपने प्रिय पतिदेवकी ओर चलो । अरी भगवति ! यह मेरा तथ्य वचन मान जाओ ।

आर्तान् स्वजनान्महतोऽपि भयात् त्रायत एकोऽस्या अपि प्रकृतेः
ब्रह्म तदेकं जगति विराजत् कृत्यं स्मर सगुणे ! विश्वहिते ।
अभिसर कान्तं प्रियरमणं त्वम्
पालय मानिनि ! मम वचनं त्वम्.

वे ही एक परमेश्वर अपने आर्तजनोंको यमराजके महान् भयसे रक्षा करते हैं । और तो क्या सुनो ए गुणोंकी स्थान बनी देवीजी ! जगत्संचालिका प्रकृतिसे भी बचा लेते हैं । तस्मात् जगतमें वे ही एकमात्र ब्रह्म हैं और सर्वत्र उद्दीप्त हो रहे हैं । अब संसारियोंके कल्याणार्थ क्या करना है ? तुम जानो या तुह्मारा काम जाने ।

इसलिए भी अपने कान्त प्रिय रमणकी ओर चलो । अरी अभिमानिनि ! मेरा कहना मान जाओ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुरुचिरजघने ! विलपति देवो विजने तिष्ठन् स्मरति त्वां सः
अनुशयतप्तस्त्वद्गतरागः कथयति हा धिक् ! जातः सागाः ।
पालय तस्मान्मम वचनं त्वम्
अभिसर कान्तं प्रियरमणं त्वम्.

अरी सुन्दरजघनवाली ! एकान्तमें बैठे-बैठे तुझे याद करते हुए वे देवाधिदेव प्रभु विलाप कर रहे हैं । उनमें अब पश्चात्ताप भर चुका है और तुममें अनुराग बढ रहा है । वे प्रभु मन ही मन कहते हैं कि धिक्कार है ! व्यर्थमें मैं उस देवीके प्रति अपराधी बन गया ।

इसलिए भी तुम मेरा कहना मान जाओ और अपने कान्त प्रिय-रमणकी ओर चलो ।

त्वत्कृत ईशः कीदृक् खिन्नः पश्य तदेनं ध्यायं ध्यायम्
भगवत्यसि या भगवन्तं तं त्वं हि समर्था हृदि संरोद्धुम् ।
अभिसर कान्तं हरमीशाख्यम्
पालय हितकृन्मम वचनं त्वम्.

देखो देवि ! तुम्हारे लिए वे प्रभु कितने खिन्न हैं ? इस बातको तुम जरा ध्यानसे देखो तो, तुम स्वयं भगवती हो । ऐसी स्थितिमें तुम्हारे प्रिय उन भगवानको अपने हृदयमें रोक रखनेमें केवल तुम्ही तो समर्थ हो ।

तस्मात् ईश नामके उन कान्त हर प्रभुकी ओर चली चलो, कल्याणकारक मेरे इन वाक्योंको मान जाओ ।

सुकृतिः प्रकृतिर्गिरिजा देवी शक्तिमतामिह शक्तिः सेयम्
मायैवैषा ब्रह्मण आद्या स्निह्यति मामिह तद्बन्ध्योऽहम् ।
पालय भामिनि ! मम हितवाक्यम्
ह्यभिसर कान्तं स्मर विभुमीशम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवी गिरिजा बहुत ही कुशल (रचनानिपुण) प्रकृति है और शक्तिमानोंकी शक्ति भी वही है । और तो क्या साक्षात् पर ब्रह्मकी आद्या योगमाया भी वही है । ऐसी होने पर भी वह देवी मुझपर निरन्तर स्नेह देती रहती है । इसलिए भी मैं धन्य हूं । ऐसा सोचते हैं ।

अरी मानिनि ! मेरे इन हित-वाक्योंको मान जाओ और सर्वव्यापक उन अपने कान्त ईश्वरकी याद करो ।

प्रतिपलमित्थं ध्यायति देवस्त्वद्गतचेता विरहक्लिन्नः
त्वामिह सगुणां स्मरति सरूपां कलहान्तरितामपि खिन्नः ।
पालय बाले ! मम वचनं त्वम्
ह्यभिसर कान्तं विधुभाले ! स्वम्.

सुनो ए गौरी ! इस तरह तुह्मारे वियोगसे सर्वाङ्ग क्लिन्न हुए वे प्रभु तुममें ही चित्त लगाकर प्रतिपल तुह्मारा ही ध्यान कर रहे हैं । यद्यपि तुम उनसे रूठ (झगड कर) आई हो तो भी तुह्मारे प्रिय बहुत ही खिन्न होते हुए भी तुमको सर्वोच्च रूप और गुणोंसे युक्त समझ कर तुह्मारा स्मरण कर रहे हैं ।

इसलिए भी तुम मेरा कहना मान जाओ । अरी चन्द्रकला अपने सिर पर रखने वाली सखि ! अपने प्रियका अनुसरण करो ।

शचीप्रधानाः सुरसुन्दर्यो धनपतिपत्न्या सममन्याभिः
प्रियसंगमने नेतुमुमे ! त्वां परय पुरस्तादायातास्ताः ।
अभिसर कान्तं प्रियगिरिशास्यम्
कामिनि ! पालय मम वचनं त्वम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उमे ! उधर देखो ! इन्द्राणी आदि सुरोंकी सुन्दरियां देवी कुबेरजीकी पत्नी और अन्य स्त्रियोंके साथ तुम्हें अपने प्रिय (भगवान शिव) से मिलाने हेतु सामनेसे आ रही हैं ।

इस लिए भी अपने प्रिय गिरीश नामके कान्तकी ओर चली चलो । स्वयं कामिनी तो हो ही । अतः मेरा कहना मान जाओ ।

तत्यज मोहं कलहमयोग्यं परिहर मत्सरमाधिकरं तम्
भज सखि ! देवं कविकृतसेवं शङ्करमीश्वरमेकवरं त्वम् ।
उदितं भवतान्नोऽपि च भाग्यम्
पालय शीघ्रं तन्मम वाक्यम्.

तस्मात् अयोग्य कलहके साथ इस दुराग्रहको छोड दो और मात्सर्य (गुणोंमें दोष दृष्टि रखना) को हटा दो । इससे तो केवल मानसिक चिन्ता बढती है । अरी मेरी प्रियसखि ! बडे-बडे महाकवियोंद्वारा सेवित उन शङ्कर भगवान्की सेवा करो जो एकमात्र सर्वोत्तम हैं और ईश्वर भी ।

सुनो ! इससे हमारा भाग्य भी चमक उठेगा । अतः शीघ्र ही तुम मेरे इन वाक्योंका पालन करो ।

इत्थं विजयया प्रेम्णा वदन्त्या स्वहितं शिवा ।
आत्मकृत्यं सदर्पं तन्मन्वाना शिथिलाऽभवत् ।।

इस तरह सखी विजयाद्वारा प्रेमपूर्वक हित-वाक्य कही गई देवी शिवा अपने वैसे कृत्य (आचरण) को केवल स्त्रीत्वाभिमान भरा मानकर शिथिल हो गई ।

इति पञ्चमसर्गे द्वितीया लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षष्ठः सर्गः

प्रथमा लीला

देवीं प्रसाद्य नुतिभिः सकलाभिरस्याः
कृत्यैः समस्तजगतां नियमप्रवृत्तैः ।
प्रेम्णा पदाब्जनिरतां स्मरतापतप्तां
तामानयाम इह देहि विभो ! शुभाज्ञाम् ।।

हे विभो ! सारी स्तुतियोंसे एवं जगतके कल्याणार्थ प्रेमसे नियमपूर्वक किये गये सत्कर्मोंसे प्रसन्न बनाकर काम-तापसे उत्तप्त देवी गौरीको आपके श्रीचरणोंमे संलग्न कराकर हम यहाँ ले आयेंगीं । इसके लिए आज्ञा दीजिए ।

स्थाणुत्वरहितं स्थाणुं प्रियाविरहितं तथा ।
संश्राव्य सुरबालास्ताराययुर्गिरिजान्तिकम् ।।

स्थाणुत्व (ठूंठपन) से रहित प्रिया-वियोगी उन प्रभुको उपर्युक्त बातें सुनाकर ये सुरबालायें देवी गिरिजाके समक्ष आ गयीं ।

तत्र तां तोषयामासुर्भामिनीं मानिनीमपि ।
कामिनीं कारयामासुः संभूयेत्थं वरस्त्रियः ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वहाँ आ कर क्रोधयुक्त एवं अतिशय मानवती देवी गौरीके उन सुलक्षणा देव-बालाओंने एक मुंह हो कामिनी (भगवान् शङ्करके प्रति अनुराग बढी) बनाके ही छोडा ।

गीतिः

जय गिरिजे ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः (ध्रुवपदम्)

देवि गिरिजे ! आपकी जय हो । आप ही तो जगतकी श्री (शोभा, ऐश्वर्य आदि) हो । तस्मात् अब सारे संसारसे भय चिन्ता आदि हट जाय । (ध्रुवपद)

सकलचराचरविषयविवर्धनविहरणकृत्यरता श्रीः
तव जयतादिह, भवताच्च शिवे ! गिरिशरता जगतां धीः ।
जय सुमते ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

सारे चर-अचर प्राणियोंके विषयोंके परिबर्धन हेतु लीलाओंमि-लगी हुई आप ही तो वह श्री हो । देवि ! अब उसीकी जय हो । जगतके प्राणियोंकी सद्बुद्धि भी भगवान शङ्करमें संलग्न हो ।

सुमते देवि ! आप ही जगतकी श्री हो । अब सारे संसारसे भय चिन्ता आदि हट जाय ।

परिवर्धय तां श्रियमपि गिरिशपदाब्जरतां कुरु धन्याम्
अपहर खेदं स भवेन्मुदितस्त्वामुपलभ्याऽनन्याम् ।
दृढजघने ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गिरिजे ! आप उसी श्रीको बढाती जाय और भगवान् शङ्करके श्री चरणोंमें संलग्न करा कर धन्य बनाती जाय । देवि ! सबसे पहले अपनेमें रह रही इस खिन्नताको मिटा दो, जिससे वे प्रभु आप जैसी अनन्य-प्रिया पत्नीको पाकर प्रसन्न हो उठे ।

सुदृढ जघनकी देवि ! आप ही तो जगतकी श्री हो । अतः तुरत इस जगतसे भय चिन्ता आदि हटे ।

वयमिह परिकरवर्गास्त्वां गिरिशरतामनुरुन्धामः
भवतीं प्रकृतिं कृतिषु कृतीं तच्छृणु प्रकृतां गिरमपि नः ।
जय गिरिजे ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

भगवान गिरीशमें निरन्तर संलग्न बुद्धिकी आपसे हम आपके परिवार वर्ग अनुरोध करता है कि आप ही वह पराप्रकृति हो और अपनी कृतियों (रचनाओं) में तल्लीन हो । तस्मात् हमारी इस प्रकृत वाणीको सुन लीजिये ।

देवि गिरिजे ! आप ही जगतकी श्री हो । अतः सारे संसारसे जरा जल्दी ही भय चिन्ता आदि हटे ।

प्रियवरदेवशिवस्य विभोः सुकथाऽप्यास्तामतिदूरे
प्रकृतिस्त्वं तद्गुणनिवहैर्भवसि पृथक् वेत्थमधीरे ! ।
जय सुभगे ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

सर्वव्यापक एवं प्रियतम भगवान् शिवकी बात दूर रहे । अरी अधीरे देवि ! आप स्वयं प्रकृति हो । तस्मात् तुम अपने गुणोंसे ही बंधी हो । देवि ! इस स्थितिमें क्या तुम उन (पुरुष) से कैसे पृथक् हो सकोगी ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अरी सुभगे देवि ! तुम ही जगतकी श्री हो तस्मात् जगतसे जरा जल्दी ही भय-चिन्ता आदि हटे ।

पित्रोराज्ञामनधिगताऽप्यहहा ! पूर्वं सुतनुस्त्वम्
कृतवत्यसमं तप उग्रं प्राप्तवती तत्फलमीशम् ।
शृणु सुकुचे ! त्वं हि जगच्छ्रीः
शान्ता स्यादिह जगतां भीः .

सर्वाङ्गसुन्दरि उमे ! अपनी मां-बापसे आज्ञा प्राप्त किये विना ही तुम पहले अनुपम एवं अत्युग्र तपस्या कर चुकी हो । उसीके फलमें ऐसे परमेश्वर प्रभुको प्राप्त किये हुई हो ।

सुकुचे ! तुम ही तो जगतकी श्री हो । अब सांसारिक भय चिन्ता आदि शान्त हो ।

उपलभ्य पतिं स्वगतिं तं पशुपतिमथ भूतपतिं त्वम्
अरतिं वितनोषि वृथैवं कुरु तत्र रतिं रतिदां त्वम् ।
अपसरताल्लघु जगतां भी-
स्त्वत्प्रियपदयोर्लगताद्धीः .

अपनी आत्माके परम गतिके भूतपति तथा परमगति उन जगदीश्वरको अपने पतिके रूपमें पाकर भी तुम व्यर्थ ही उनपर अरति (प्रेमहीनता) दिखा रही हो । अब उनपर रति (दाम्पत्यसुख) देनेवाला प्रेम बढाओ ।

जगत्का भय-चिन्ता आदि हटे और हमारी बुद्धि भी तुह्मारे प्रियके पदोंमे लगी रहे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स हि वाञ्छत्यधुनैव त्वां स्वाधीनधवां द्रष्टुमुमे !
भव रतिदा सुखिनी च त्वं चल सुभगे ! प्रियसंगमने ।
अपसरताल्लघु जगतां भीः
शृणु सुमुखि ! त्वं हि जगच्छ्रीः .

देवि उमे ! वे प्रभु तुम्हे आज ही स्वाधीनधवा (पतिको अपने वशमें रखनेवाली) देखना चाहते हैं । अतः स्वयं सुख प्राप्त कर उनको रति देने वाली बन जाओ । इसलिए भी सुभगे देवि ! उनसे मिलने चलो ।

सुमुखि ! अब संसारसे जरा जल्दी ही भय चिन्ता आदि हटे । आप ही जगतकी श्री हो ।

मदनकलानिपुणाऽसि त्वं यौवनमदमत्ता सुकुचे !
तमिमौ बिल्वकुचौ दर्शय चल रतिदे ! तस्य समीपे ।
हर-हर कोपं त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

सुन्दर स्तनोंवाली गौरि ! कामकलामें तुम बहुत ही निपुण हो और इधर यौवन-मदसे मत्त भी हो । अतः रति देने वाली तुम वैसे ही बने उन प्रभुके सामीप्यमें चलो और वहीं उनको अपने इन बेल जितने बडे कडे स्तनोंको दिखाओ ।

अब हर भगवान्का कामजन्य ताप शान्त करा दो । देवि ! तुम ही तो जगतकी श्री हो (अतः जरा जल्दी ही जगतका भय आदि हटे ।

तदनु सुखेन शिवेन समं विहर च विजने चैत्ररथे
नन्दनमुपसर रमय च तं याहि शिवे ! स शिवो रमते ।
जय गिरिजे ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसके बाद तो क्या कहना ? भगवान् शङ्करके साथ चैत्ररथ आदि विजन उपवनोंमें यथेच्छ विहार करो । देवोंका उद्यान नन्दन पहुँचो और वहीं उन प्रभुको रमण कराओ । देवि शिवे ! वे प्रभु अवश्य तुह्मारे साथ रमण करेंगे ।

देवि गिरिजे ! तुम ही तो जगतकी श्री हो, तुह्मारी जय हो । अब जरा जल्दी ही जगतका भय आदि हट जाय ।

उपलभ्यत आद्ये ! ससुखं रतिसाधनमखिलं यत्र
निभृतं रममाणा त्वमुमे ! प्राप्स्यसि चात्मसुखं तत्र ।
अपसरताल्लघु जगतां भीः
शृणु सुमुखि ! त्वं हि जगच्छ्रीः ॥

देवि आद्ये ! (महामाये) जहां-जहां रति क्रीडाके सारे साधन अनायास ही प्राप्त होते हैं उन-उन स्थानोंमें अपने प्रियके साथ क्रीडा करने वाली तुम अरी उमे ! कामजन्य आत्मतृप्ति कर सकोगी ।

सुमुखि देवि ! आप ही तो जगतकी श्री हो । अब जरा जल्दी ही जगतका भय आदि हटे ।

त्वत्कृत ईशो मृड-भगवान् विलपति हृदि सानुशयश्च
स्थाणुर्भूतोऽहमहो ! तामकरवमार्तां व्यथितां च ।
जय गिरिजे ! त्वं हि जगच्छ्री-
स्त्वत्प्रियपदयोर्लगताद्धीः ॥

सर्वसुखदायी भगवान् ईश्वर होने पर भी मन ही मन पश्चात्तापसे ग्रसित हो विलाप कर रहे हैं और कहते है कि "मैं उस समय वास्तवमें स्थाणु (ठूंठ) ही बना था । अतः दुःखकी बात है कि मैंने उस देवीको आर्त और व्यथित बनाके ही छोड़ा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गिरिजे ! तुह्मारी जय हो । तुम ही जगतकी श्री हो । तस्मात् हमारी बुद्धि भी तुह्मारे प्रियके चरणोमें लगी रहे ।

अयशस्करमाग्रहमेतं संत्यज भगवत्यधुना स्वम्
सफलः स्याद्भौतिकपिण्डो भुक्त्वा भोगान् भवगास्तान् ।
जय सुकुचे ! त्वं हि जगच्छ्री-
रपसरताल्लघु जगतां भीः .

भगवति ! यह तुह्मारा हठ बहुत ही अकीर्तिकर है, जिससे बदनामी होगी, इसे छोड ही दो । सुनिये देविजी ! यह भौतिक पिण्ड (शरीर) भी सांसारिक भोगोंको भोग कर सफल हो जाय ।

अरी सुन्दरस्तनवाली ! आप ही जगतकी श्री हो । अब जरा जल्दी ही संसारसे भय चिन्ता आदि हट जाय ।

वयमद्य नयामस्त्वां त्वत्प्रियपदतलमात्महितम्
तत्राऽनुमतिं यच्छ शिवे ! त्यज लघु रुषमभिमानं त्वम् ।
चल सुधिये ! त्वं हि जगच्छ्री-
स्त्वत्प्रियपदयोर्लगताद्धीः .

सुनिये तो देवीजी ! हम आपको अभी-अभी आत्मसुख देनेमें समर्थ आपके प्रिय भगवान्के सान्निध्यमें ले जायेंगीं । अब इसमें आप अपनी अनुमति दें । इधर क्रोधके साथ-साथ तुरत अभिमान भी छोड दें ।

सद्बुद्धिमति देवि ! आप ही तो जगतकी श्री हो । हमारी बुद्धि भी आपके प्रियके श्रीचरणोंमें लगी रहे । अब चलिये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ताभिस्तथानिगदितां गिरमात्मनीनां
शान्तं निशम्य गिरिराजसुता सुधाक्ताम् ।
तस्मिन् प्रसन्नहृदया गलिताभिमाना
प्रेम्णा तदुत्सुकमना अथ ता अगादीत् ।।

उपर्युक्त सुरबालाओंद्वारा कही गई आत्मकल्याण-कारिणी एवं सुधा जैसी वाणीको शान्त हृदयसे सुनकर उनमें कहे गये विषयसे प्रसन्न हुई देवी गिरिराज-सुता आप से आप अभिमान (स्त्रीहठ) से गलित हो तथा प्रेमपूर्वक भगवान् के प्रति उत्सुकमनकी बन उनसे ऐसे कहने लगी ।

सख्यः प्रिया युवतयो भवतीभिरेवं
कृत्वा कृपां मयि यदुक्तमभीष्टकृत् तत् ।
शृण्वन्तु चाऽत्र सुचिरेण धृता मदीच्छा
पूर्णा भवत्विह तथाप्रियमाचरन्तु ।।

मेरी प्रिय सखी सुरबालाओं ! तुम लोगोंने इस ढंगसे मेरे ऊपर कृपा कर जो बातें कहीं, वे सब मेरे लिए बहुत ही प्रिय हैं । अब इस विषयमें चिरकालसे अपनेमें संचित कर रखी गई मेरी एक सदिच्छा है, वह पूर्ण हो । अब तुम सब उसी ढंगसे पूर्ण कर मेरा प्रिय करो ।

साऽहं गच्छामि नूनं प्रियचरणमभि स्वामिनं विश्ववन्द्यं
हावैर्भावैस्तदन्यैः समधिगतसुखं कारयिष्यामि शीघ्रम् ।
किन्तु स्यादित्थमस्मिन् मदनमदवशश्चेदसौ स्वैर्गणैस्ते-
रायान्मन्मार्गमध्यं शुभमिति कथयन् स्वागतं कर्तुमारात् ।।

देवियों ! यह मैं अवश्य ही अब प्रिय-चरणकी ओर चलूंगी, वह मेरे स्वामी विश्वके भी वन्द्य हैं । वैसे उन प्रभुको अब मैं शीघ्र ही अपने हाव-भावोंसे संप्राप्त काम-सुख कराऊंगी । परन्तु- इस विषयमें ऐसा होना आवश्यक है कि अगर वे प्रभु कामदेवके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वशमें आ ही गये हों तो अपने प्रिय प्रमथगणोंके साथ मेरा स्वागत करनेके लिए, शुभ हो ! शुभागमन हो, इत्यादि कहते हुए मेरे अभिसारके रास्तेके बीचोबीच आ जाय ।

देव्या निगदितं स्वेष्टं तन्निशम्य प्रहर्षिताः ।
निवृत्ताः सुरबालास्तास्तत्प्रबन्धं समाचरन् ।।

देवी गौरीद्वारा कहे गये ऐसे अपने अभीष्ट वाक्योंको सुनकर वे सुरबालायें गद्गद हो उठीं और वहांसे लौटकर उस प्रण (शर्त) को पूर्ण कराने हेतु सुप्रबन्ध करानेमें जुड गयी ।

इति षष्ठसर्गे प्रथमा लीला

द्वितीया लीला

स्वागतं ! स्वागतं ! श्रीमतां स्वागता
यद्भवन्तो वयं स्वागतं ब्रूमहे ।
प्राप्य यद्दर्शनं दुर्लभं सोऽवदद्
धन्यमात्मानमद्येव मन्यामहे ।।

स्वागत है, स्वागत है ! श्रीमन्त आप लोगोंका जो आगमन हुआ, इसके लिए स्वागत है । भगवान् शङ्कर कहते गये - आप लोगोंका यह दुर्लभ दर्शन पाकर आज हम अपनेको धन्य मानते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तर्षीञ्जगति प्रतीक्ष्यचरणांस्तानग्रतः संस्थितान्
सस्नेहं प्रसमीक्ष्य भिष्टवचसा संभाष्य वृद्धादरान् ।
किं कुर्मो वयमत्र तत्रभवतामाज्ञां प्रतीक्ष्यामहे
तं प्रत्यूचुरिदं वदन्तमृषयो भक्त्या गलन्मानसाः ।।

अपने सामने खडे सारे जगतके पूज्य चरण उन सप्तर्षियोंको स्नेहपूर्वक देखकर आप से आप श्रद्धा (आदर) बडे उन लोगोंसे ऐसे मीठे वचनसे वार्तालाप कर "अब हम आगमनके विषयमें क्या करें ? हम तो आप लोगोंकी आज्ञाकी प्रतीक्षा करते हैं" । ऐसा कहनेवाले भगवान् शङ्करको भक्तिसे गद्गद हृदय बने उन सप्तर्षियोंने ऐसे कहा ।

शान्तं कष्टमभूदुमेश ! जगतां, यद्विश्ववन्द्यो भवान्
हीत्थं व्याहरति स्वयं हितकरो भूत्वा समेषां प्रियः ।
गौरी त्वद्गतमानसा प्रियपदेष्वागन्तुकामा निजं
मात्सर्यं प्रजहादतः प्रचलतात्तत्स्वागतार्थी पुरः ।।

उमेश प्रभो ! संसारका कष्ट शान्त हुआ जब कि विश्ववन्द्य आप, जो स्वयं समस्त संसारके प्रिय हैं और कल्याण कर देते हैं, ऐसा कह रहे हैं । जरा ध्यान देकर सुननेकी कृपा हो । देवी गौरी आपमें अपना हृदय लगायी हुई है । और इन प्रियचरणोंमे उपस्थित होने की इच्छासे मात्सर्य (गुणोंमे दोषदृष्टि) छोड चुकी है । इस लिए भगवन् ! उन देवीका स्वागत करनेके हेतु कुछ आगे बढनेकी कृपा हो । बस !

धृत्वा शुभाज्ञां शिरसा मुनीनां
तत्राऽवदद् देव इमांस्तदेव ।
गच्छन्तु पूज्या ऋषयः पुरस्ताद्
भवामि पश्चादहमेवमस्तु ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उन मुनियोंकी ऐसी शुभाज्ञाको सिर चढाकर अब भगवान् शङ्करने तत्कालमें उनसे ऐसा कहा - सप्तर्षियों ! पूज्य आपलोग आगे बढें । मै आपलोगों के पीछे-पीछे आऊंगा ।

गणाः प्रिया मे प्रमथा यथेच्छं
ह्यायान्तु शान्तं स्वजनान् प्रगृह्य ।
वृषं समारुह्य हरो वरोऽहं
कुवेर-मित्रेण समं प्रयामि ।।

मेरे प्रिय प्रमथगण अपने परिवारोंको लिये शान्त हो इच्छानुसार आयें । वर (दुल्हा अथवा सर्वोच्च) कहाने वाला हर मैं नन्दी (सांढ) पर सवार हो अपने मित्र (कुवेरजी) के साथ-साथ आऊंगा ।

मध्ये मार्गं तथा गच्छन्छचीभिः सममीश्वरीम् ।
समायान्तीं निरीक्ष्यैवं स्वागतं व्याजहार सः ।।

इस तरह आगे बढ जाने पर मार्गके बीचोबीच इन्द्राणियोंके साथ देवी जगदीश्वरी गौरीको आती हुई देख स्वयं शङ्कर भगवान् इस तरह स्वागत बोल उठे ।

गीतिः

शुभमागमनं तव भवतात् (ध्रुवपदम्)

देवि ! आपका आगमन शुभ हो । (ध्रुवपद)

सकलचराचररूपे स्वे दीव्यसि शक्त्या सगुणे ! त्वम्
शुभमागमनं तव भवतादिति वदति त्वां विगुणोऽयम् ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तीनों गुण साथकी देवि ! इन सारे चर-अचर प्राणियोंके रूपमें अपनी ही शक्तिसे तुम स्वयं देदीप्यमान हो रही हो। तुह्मारा आगमन शुभ हो ! यह विगुण (गुणहीन अथवा सर्वोच्च गुणका) व्यक्ति आपको ऐसा कहता है।

आपका आगमन शुभ हो।

भगवति ! शक्तिस्तव मन्ये विश्वं परितो व्याप्नोति
त्रिभुवनमेधत इत्थमुमे ! प्रेयः श्रेयस्याप्नोति ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

षडैश्वर्य-सम्पन्न देवि ! आपकी शक्ति विश्वको चारोंओरसे व्याप्तकर रही है। अतएव त्रिभुवन सर्वोत्कृष्ट हो रहा है। इसीसे तो प्रेय और श्रेय दोनों वस्तु प्राप्त करता है।

आपका आगमन शुभ हो।

परमिह शङ्के तव दृष्टिः कलुषतरा विदुषां विषये
या किल पश्यति कुहकान् हा ! रममाणांस्त्वदितरविषये ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

परन्तु एक जगह मुझे शङ्का लग रही है कि आपकी दृष्टि विद्वानोंके बारेमें जरा मलिन दीख पडती है। क्यों कि तुह्मारे अपने विषय (प्राकृतिक) से परे विहार (रमण) करते हुए व्यक्तियोंको भी कुहक (बिलकूल मायावी) मात्र देखती है।

आपका आगमन शुभ हो।

कस्त्वां शक्नोति विजेतुं भूतैः पञ्चभिरिद्धगुणाम्
व्याप्तां भुवनत्रय इत्थं वारिषु तैलमिवार्थधनाम् ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवि ! तुम स्वयं अपने पञ्च-महाभूतोंसे अपने गुणोंको बढाई हुई हो । इस स्थितिमें कौन ऐसा पुरुष है जो तुम्हे जीत सकेगा ? फिर तुम पानीमें तेलके ठीक तीनों लोकोंमे इस तरह व्याप्त हुई हो कि जहां स्वार्थ ही स्वार्थ है ।

आपका आगमन शुभ हो ।

नामनि रूपे च तवाऽहं हृदयेनैवं मुग्धो जातः
स्थाणुरिवाऽऽसं देवि ! तदा तव नयनपथेष्वायातः ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

विशेष उमे ! मै तुम्हारे नाम और रूपोंमें हृदयसे ही मुग्ध हो रहा था और उस समय भी वैसा ही था जब तुम्हारे दृष्टिपथमें आया था, बिलकूल स्थाणु (ठूंठ) ही बना था ।

आपका आगमन शुभ हो ।

विमुखायां त्वयि गतवत्यां विहतसमाधिरिह व्यथया
समधिगताधिरहं गिरिजेऽचिन्तयमित्थं विहतो हा !
शुभमागमनं तव भवतात्.

गिरिराजकुमारी ! जब तुम विमुख होकर लौटी ठीक उसी समय मेरी स्थाणुता (समाधि) टूटी । तब तो क्या कहूं ? देवि ! तुम्हारी वियोगकी व्यथासे मेरी मानसिक चिन्ता भी बढती गई । तब मैं सोचने लगा कि "हाय रे अब तो मैं मर ही गया ।

आपका आगमन शुभ हो ।

इति मम वृत्तं त्वमुमे ! स्मर विस्मर तच्च मदाचरितम्
स्वप्न इव प्रिययोर्भवति व्यवहारोऽपि शिवे ! स्मर तम् ।
शुभमागमनं तव भवतात्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवि उमे ! ऐसे मेरे चरित्रके ऊपर जरा ध्यान दो । मैने उस समय जो किया उसको भूल जाओ । शिवे ! पति-पत्नीका व्यवहार स्वप्न-सदृश होता है । इस बातका स्मरण करो ।

आपका आगमन शुभ हो ।

अथ तादृशमपराधिनमिह मामाश्रयहीनं विगुणम्
साश्रयमिह कारय सगुणं विहर दयस्व च माये ! त्वम्
शुभमागमनं तव भवतात्.

अरी महामाये ! मैं आश्रयहीन और विगुण (गुणोंसे रहित अथवा विशिष्ट गुणोंका) हूं और पूर्वोक्त स्थितिमें तुह्मारे प्रति अपराधी भी हूं । अब मेरी प्रार्थना है कि मुझे तुम आश्रय दो और सगुण बनाओ एवं कृपापूर्वक मेरे साथ विहार करो ।

आपका आगमन शुभ हो ।

अवधूताङ्को विहतगुणो बहुनाममयीं रूपवतीम्
पुरुषोऽयं वस्तुमिहाङ्के प्रार्थयते प्रकृतिं भवतीम् ।
स्वीकृतिरेषा तव जयतात्.

तीनों गुणोंसे परेका वर्णाश्रम धर्मत्यागियोंके चिन्ह वाला यह पुरुष अब वह नाम और रूपोंवाली देवी प्रकृति आपसे आकर अङ्क (गोद) पर बैठनेके लिए प्रार्थना करता है ।

देवि ! आपकी इस स्वीकृतिकी जय हो ।

एवं समुक्ता वृषभध्वजेन
गौरी प्रसन्ना वृषमारुरोह ।
क्रीडार्थमेतौ स्वगुहां प्रविष्टौ
दृष्ट्वाऽस्तुवंस्ते मुनयः कृतज्ञाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपने ध्वज (झण्डे) में वृष (सांढ) रखनेवाले भगवान् शङ्करद्वारा ऐसे कही गई देवी गौरी बहुत ही खुश हुई और उसी सांढपर चढ गई। तब क्रीडाके लिए एकान्त गुहामें प्रवेश कर रहे उन दोनों (गौरी-गिरीश) को देखकर कृतज्ञ मुनियोंने इस तरह दोनोंकी स्तुति की ।

इति षष्ठसर्गे द्वितीया लीला

तृतीया लीला

इत्थं तां प्रकृतिं कृतीं स्वकृतिभिः सम्पूर्णकृत्यां शिवां
क्रीडार्थं पुरुषेण सार्धममुना प्रेम्णा वृषे संस्थिताम् ।
दृष्ट्वाऽऽर्या ऋषयः प्रसन्नहृदया मायां स्वतो ब्रह्मणि
संलीनामिव तुष्टुवुः सह सुरैर्दत्वा शुभामाशिषम् ।।

इस तरह अपनी रचनाओंमें कुशल शिक्षा-दीक्षा प्राप्त प्रकृति देवी शिवाको अपने पुरुषके साथ क्रीडाके लिए तयार हो सांढपर बैठी हुई देखकर वे पूज्य सप्तर्षि बहुत ही गद्गद हृदय हो उठे । उनको उस समय ऐसा लगा कि "महामाया परब्रह्ममें आपसे आप लीन हुई हो" तब अन्य देवोंके साथ शुभाशीर्वाद देकर इस प्रकार स्तुति करने लगे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गीतिः

इत्थं जयतादेष विहारः (ध्रुवपदम्)

हे देवाधिदेवों ! आपलोगोंका विहार इस तरह सर्वोत्कृष्ट हो । (ध्रुवपद)

युवयोः प्रभ्वोरेष विहारः सुखदो भवतात्संगमसारः
अपसरतात् कलुषं जगतोऽस्य भवतात्परिणामो हितदोऽस्य ।
इत्थं जयतादेष विहारः .

सर्व सामर्थ्यशाली आप दोनोंका यह विहार, जिसमें परस्परका मिलन ही सार है, सुखदायी हो । इसीसे इस जगत्का कलुष हट जाये और इसका परिणाम लोक-कल्याणकारी हो ।

इस तरह यह विहार सर्वोत्तम हो ।

तव कृत्यं जयताज्जगति शिवे! प्रियता भवताद् वरदेऽत्र शिवे
फलतात् तव सुभगत्वं च भवे सुदृढं रमतां हृदयं च भवे ।
इत्थं जयतादेष विहारः .

देवि शिवे ! जगतमें आपका कृत्य बढता रहे और अभीष्ट वस्तु देनेवाले भगवान् शङ्करमें आपकी प्रियता बढती रहे । संसारमें आपका सुभगत्व चमक उठे और भगवान् भवमें आपका हृदय भी दृढतापूर्वक रमण करता रहे ।

इस तरह आपका यह विहार सर्वोत्तम हो ।

तनयोऽङ्के युवयोर्लसताद् यः सुरसेनानीर्भवतादिह सः
युवयोः प्रभ्वोरेष विहारः सुखदो भूयात् संगमसारः ।
इत्थं जयतादेष विहारः .

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आप दोनोंके शुभ अङ्क (गोद) पर सुपुत्र विलास करे । वह भी पीछे जाकर सुर-सैन्योंका नायक बने । सर्वसामर्थ्यशाली आप दोनोंका, जिसका सार मिलनमें ही है जगतोंके लिए सुखदायी हो ।

इस तरह यह विहार सर्वोत्कृष्ट हो ।

सप्तर्षयस्ते प्रिययुग्ममित्थं
संस्तुत्य याता स्वहितप्रदेशान् ।
केचित् स्थिता द्वारि गुहागृहस्य
नराश्च नार्य्यः प्रियसेविकास्ताः ॥

अब वे सप्तर्षिगण इन दोनों (पतिपत्नियों) की स्तुति कर अपने लिए हितकर प्रदेशकी ओर चल दिए । कतिपय नर-नारियां जो उन दोनोंके सेवक तथा सेविकायें थीं उस गुहा-गृहके द्वारदेशमें ही रहीं ।

इति षष्ठसर्गे तृतीया लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तमः सर्गः

प्रथमा लीला

कैलाससानुषु गुहा विशदाः समृद्धा
आसन् सुदीर्घवपुषश्च तथाल्पकायाः ।
तास्वेकगह्वरमसत्यजनैरगम्यं
चासीत् समस्तभवनोद्भववस्तुरम्यम् ।।

कैलासगिरिके मध्यभागमें लम्बी-लम्बी एवं अल्पकायकी साफ-सुधरी अनेक गुहायें थीं । उन्हींमेंसे एक ऐसा गह्वर (गुहा) था जहाँ असत्य-व्यवहारी जा ही नहीं सकता था । और इसमें यह विशेषता थी कि वह सारे भवनोंमें उद्भूत वस्तुओंसे बहुत रमणीय था ।

तस्मिन् स्थितः पशुपतिर्भगवान् पशूनां
श्रेयस्तनोति तपसा प्रियकृत् प्रियाणाम् ।
यत्र प्रभुं मृडमुपासत एत्य लोका
द्वारं श्रिताः सुमनसोऽपि भवन्त्यशोकाः ।।

इसी गुफामें बैठकर प्राणी मात्रके प्रिय करने वाले भगवान् पशुपति अपनी तपस्यासे पशुओंका (सारे संसारके जीव मात्र पशु कहलाते हैं) श्रेय विस्तार करते हैं और अपने प्रियों (भक्तों) का प्रिय कर देते हैं । यहीं आकर इसी गह्वरके द्वारदेश पर बैठे-बैठे बडे-बडे समर्थ लोगोंकी तो बात ही क्या देव आदि भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इन सर्वसुखदायी प्रभुकी उपासना कर अशोक (शोकविहीन) हो जाते थे ।

तद्द्वारमध्यमवतीर्य वृषात् स देवो
देव्या समं मुनि-जनानुमतिं गृहीत्वा ।
मित्रं कुवेरमथ तान् स्वगणान् विसृज्य
स्वात्मप्रियस्थलमुपागमदेष सोमः ।।

उसी गुहाद्वारके मध्यभागमें सांढकी पीठसे देवी-गिरिजाके साथ उतर कर अब वे मुनिजनोंसे अनुमति लेकर मित्र कुवेर और अपने गणों (प्रमथादि) को भी छुट्टी देकर देवी उमाके साथ-साथ अपने प्रिय उसी स्थल पर आ पहुँचे ।

तत्राऽपश्यदसौ प्रभुः स्वदहरं योगान्मनो धारयन्
संसक्तं मलिनं गुणैः प्रकृतिजैर्व्याप्तं च रक्तं तथा ।
तच्छुध्यर्थमुपायमस्मरदयं लोहेन लोहं यथा
तान् संसेव्य, विनाश्य शक्तिभिरिमान् भूयो भविष्यामि तत् ।।

यहां आकर सर्वप्रथम उन प्रभुने योगशक्तिसे मनको संयत कर अपने दहराकाशको देखा, जो प्राकृतिक गुणोंसे बहुत ही मलिन हो चुका था और उन्हींमें संसक्त एवं अनुरक्त तथा उन्हींमें व्याप्त भी था । ऐसी स्थितिमें उसकी शुद्धिके लिए एक ऐसे उपायका स्मरण किया कि जैसे लोहेसे लोहा विनष्ट हो जाता है ठीक वैसे ही उन प्राकृतिक गुणोंका सेवन कर अन्तमें अपनी इच्छा-शक्तिसे उन सबका नाश कर मैं फिर वही अविकारी ब्रह्म बनूंगा ।

एवं विचार्य भगवान् गीतिं गायन्नधस्तनाम् ।
देवीं प्रसादयामास जानुभ्यां धरणीं श्रितः ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri
ऐसा सोच कर भगवान् शङ्कर निम्नाङ्कित गीत गाते हुए घुटनोंसे पृथ्वी टेक कर देवी गौरीको प्रसन्न बनाने लगे ।

गीतिः

प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस इत्थं कृतिभिस्त्वम् (ध्रुवपदम्)

अपने प्रिय जनोंको सुख पहुंचानेवाली देवि उमे ! तुम धन्य हो, सर्वोच्च हो । जो तुम अपने ऐसे कृत्योंसे इसी प्रकार सर्वोत्कृष्ट (विजयिनी) हो रही हो। (ध्रुवपद)

निजजनपरिपालिनि ! दुर्गतिनाशिनि ! भगवति ! दुर्गा त्वम्
अपराधिनमवलोकय मामपि निगदति तव पदगोऽयम् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

अरी भगवति ! तुम ही अपने जनोंकी परिपालिका हो और उनकी दुर्गतियाँ विनष्ट कर देती हो तो भी दुर्गा (कष्टपूर्वक पायी जा सकने वाली) हो । इसलिए तुह्मारा पाव पडा यह शङ्कर मुझ अपराधीकी ओर भी देखो, ऐसा कहता है ।

चल सुखशयनमुमे ! कोमलकिशलयततिपूर्णमिहेष्टम्
विहर मया सह रममाणा सुखमनुभव रतिजमभीष्टम् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

अब सुनो उमे ! कोमल-कोमल पुष्पोंके पत्तोंसे पूर्ण अपना अभीष्ट शयनकी ओर चलो और मेरे साथ विहार करो । इस तरह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्रीडा करने वाली तुम रतिसे उत्पन्न होने वाले सुखको जो तुह्मारा अतिशय इष्ट (प्रिय) है, अनुभव करो ।

अनुचितमाचरितं हि मयाऽपि तवाऽऽगमनं न ज्ञातम्
परमत्र कथं तव विशदं विज्ञानमनर्थं सञ्जातम् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

मुझे खेद है देवि ! मैंने उस समय बहुत ही अनुचित किया कि तुह्मारा आगमन जान ही नहीं सका । अब मैं यहां कहता हूं कि "उस समय तुह्मारा वह विशद (निर्मल) ज्ञान क्यों ऐसा अनर्थकारी हुआ अर्थात् स्थितिबोध नहीं करा सका ?

व्यथयति मामिह गिरिजे ! हा ! तव कृत्यं चेतदनर्हम्
मम जागरणेऽकृतयत्नाऽगच्छः सफलाऽपि किमर्थम् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

देवि गिरिजे ! मुझे यहां यह एक बात अत्यन्त पीडित बना रही है कि तुह्मारा कृत्य सर्वोच्च होने पर भी यानी मुझे जगानेमें सफल होते हुए भी उसमें कुछ प्रयत्न किये विना ही तुम क्यों ऐसे लौट आयी ?

इत्थं कष्टमसह्यमपि पतितमावाभ्यां सोढम्
अत्र च कारणमाद्यं त्वं कथय निरुत्तराऽसि कथं त्वम् ?
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

इस प्रकार हम दोनों ने उपस्थित उस कष्टको असह्य होने पर भी सह लिया । देवीजी ! इसमें सोचता हूँ कि मुख्य कारण तुम ही हो । कहो, क्यों चुप हो तुम ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आस्तामेतत्, पुनरुक्तं नभवेदनुशयवत्यसि चेत्
अनुसर मां भगवति ! यावः सुभगे ! रन्तुमिहेच्छसि चेत् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

अच्छा । छोड दें इन बातोंको पुनरुक्त न हो । अब तुमको यदि इस विषयमें कुछ पश्चात्ताप हुआ है तो अरी भगवति ! मेरा अनुसरण करो । सुभगे देवि ! रमण (रतिक्रीडा) करनेकी इच्छा है तो आगे बढो, चलो ।

उभयोः कृत्यं भवति रतो समदः स्मर एधत एषः
यत आनन्दो रतिज उभाभ्यामनुभूयत आत्मनि सः ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

सुनो ! रति-क्रीडामें पति-पत्नी दोनोंका कृत्य (कार्य) होता है, तभी मदमत्त कामकी वृद्धि होती है, जिससे उत्पन्न आनन्द दोनोंद्वारा अपनी आत्मामें अनुभव किया जाता है ।

स्थाणुरयं तु हतेन्द्रियवृत्तिरित्यपवादं प्राप्तः
तमपमार्ष्टुमिहेश्वरी ! प्रयते भूत्वा त्वत्प्रिय आप्तः
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस्व इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

अरी ईश्वरी ! "यह (शङ्कर) केवल स्थाणु (ठूंठ) ही है एवं अपनी सारी इन्द्रिय-वृत्तियाँ विनष्ट कर चुका है" ऐसा अपवाद जो मुझे लगा है, अब मैं उसको तुह्मारा घनिष्ट प्रिय बन कर मिटाना चाहता हूं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपगतमानां प्राणसमानां प्रार्थयते गिरिशोऽयम्
त्वमपि च गिरिशा भव गिरिजे ! ऽनुनयति त्वां पदगोऽयम् ।
प्रियसुखद उमे ! धन्या त्वम्
विजयस इत्थं कृतिभिस्त्वम्.

सुनो तो गिरिजे ! यह गिरीश स्त्रीत्वाभिमान छूटी अपने प्राण जैसी तुमसे प्रार्थना करता है कि अब तुम भी गिरिशा बन जाओ । इस तरह तुह्मारा पाव पडा यह तुमसे ऐसा अनुनय-विनय करता है ।

इत्थं प्रेम्णा चरणपतनैर्हावभावैश्च तैस्तै-
र्देवो देवीं मधुरवचसा तोषयामास यत्र ।
दृष्ट्वा सेत्थं वरहरममुं द्राग् विनम्रा कराभ्यां
व्युत्थाप्यैवं तमनुचलिता गाढमालिङ्ग्य तत्र ।।

इस प्रकार देवाधिदेव भगवान् शङ्करने प्रेम-पूर्वकके मीठे मीठे वचनोंसे और दर्शाये गये उन-उन हाव-भावोंसे जगदीश्वरी देवीको जब प्रसन्न बनाया तब अपने प्रिय वर-हरको स्वयं झुककर दोनों हाथोंसे उठाकर गाढालिङ्गन करती हुई देवी गौरी भगवान् शङ्करके पीछे-पीछे चली ।

इति सप्तमसर्गे प्रथमा लीला

द्वितीया लीला

आलिङ्ग्यैव तथा देवं निवेश्य शयनोपरि ।
गायं गायमिमां गीतिं मुदाऽऽह परमेश्वरी ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसी ढंगसे देवाधिदेव अपने प्रिय पतिदेवको आलिङ्गन करती हुई परमेश्वरी गौरी आगे बढी और उपयुक्त शय्यापर भगवानको रखकर नीचेकी गीतियां गा-गाकर इस तरह कहने लगी ।

गीतिः

जय शिव ! शङ्कर ! धन्यस्त्वम्
विहर मयैवं प्रियया त्वम् (ध्रुवपदम्)

हे लोक कल्याण करनेवाले स्वयं कल्याणमय भगवन् ! आप धन्य हैं अब आप मुझ प्रियाके साथ इसी तरह यथेच्छ विहार करें । (ध्रुवपद)

अघहर ! परमेश्वर ! वरकर ! जय जय शङ्कर ! धन्यस्त्वम्
जगतां कुरु कुशलं त्वं विहर मया सममद्य यथेष्टम् ।
जय शिव ! शङ्कर ! धन्यस्त्वम्
विहर मयैवं प्रियया त्वम्.

हे लोकोंके पाप नाशक ! हे परमेश्वर ! हे वर हाथमें-लेनेवाले शङ्कर प्रभो ! आप धन्य हैं । आपकी जय हो ! जय हो ! जगतका कल्याण कीजिये । अब आप मुझ प्रियाके साथ आज यथेच्छ विहार कीजिये ।

तत्र तदा भवता धृतमपि युक्तं तत्तव स्थाणुत्वम्
जयति प्रकृतेः परमीश्वर ! निर्गुणमेवाऽस्य महत्वम् ।
जय शिव ! शङ्कर ! धन्यस्त्वम्
विहर मयैवं प्रियया त्वम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे लोक-कल्याणकारी - भगवान् शिव ! आपने उस समय वहां लिया हुआ वह स्थाणुत्व भी बहुत ही उपयुक्त था । हे ईश्वर । प्रकृतिसे परेका निर्गुणत्व ही इसका महत्व है । उसीकी जय हो ।

इति निगदन्त्यस्य कपोलयुगं स्वाञ्जलिनाऽऽधाय मुदा
मुखमुन्नाम्याऽधररसपानं कृतवत्याप सुखं सा ।
जय शिव ! शङ्कर ! धन्यस्त्वम्
विहर सुखं हर ! सशिवस्त्वम्.

उपर्युक्त ध्रुवपद वाक्य गाती हुई देवी-गौरीने भगवान् शङ्करके दोनों कपोलों (गालों) को अपनी हथेली पर रख मुहको कुछ उठा कर बडी खुशीसे उनका अधर-रस पान किया । तभी उनको कुछ सुख प्राप्त हुआ ।

हे लोक कल्याणकारी भगवान् शिव ! आप धन्य हैं । आपकी जय हो । हे दुःखहारिन् प्रभो ! देवी शिवाके साथ अब आप सुखपूर्वक विहार कीजिये ।

भगवानपि गिरिजाया विम्बौष्ठरसामृतपानात्
भृशमुन्मत्तोऽभूदहहा ! स्मरशत्रोरपि वशमागात् ।
जय गिरिजाप्रिय ! धन्यस्त्वम्
विहर सुखं हर ! शिवया त्वम्.

षडैश्वर्य सम्पन्न वे प्रभु भी अब देवी गिरिजाके विम्बोपम अधर-रसामृत पानसे बिलकूल उन्मत्त जैसे हो गये । यही तो गजबकी बात हुई कि कामदेवके परम शत्रु भगवान् शङ्कर भी अपने शत्रु उसीके वशमें आ गये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनु शिवामपि रमणीं विश्लेषितकट्यम्बरबन्धाम्
विनिवेश्यैव शुभाङ्के रमयामास तथा स्मरतप्ताम् ।
जय सगुणागुण ! धन्यस्त्वम्
विहर सुखं हर ! सशिवस्त्वम्.

तद्नन्तर वे प्रभु भी विहार करनेमें चतुर अत एव कटिप्रदेशके वस्त्रबन्धन (साडीका गांठ) खिसकी एवं कामद्वारा सतायी गई उन देवी शिवाको अपने अङ्क (गोद) में रखकर स्वयं रमण करने लगे ।

परिरम्भणमस्य तथाऽऽप्य तथाविगलत्स्मरतापा
उदरेण समीकृतकुचयुग्माऽशोभत सा धृतशीर्षा ।
विहर सुखं शिव ! शिवया त्वम्
प्राकृतजन इव धन्यस्त्वम्.

भगवानका ऐसा दृढालिङ्गन पा कर बडे मजेसे कामका ताप कुछ कम हुई और भगवान् द्वारा सिर पकडी हुई वह देवी अपने पेटके बराबरीमे कुच-युगल आई हुई हो अत्यन्त शोभित हो उठी ।

हे प्रभो ! शिव ! साधारण जन जैसे बने आप धन्य हैं । देवी शिवाके साथ अब आप सुखपूर्वक क्रीडा करें ।

हिमगिरिजाकरबन्धनबद्धो भगवान् स मृडोऽपि तदा
मायाबद्धं ब्रह्म यथाऽभूत् प्रकृतिरतः पुरुषो वा ।
जय लीलाधन ! धन्यस्त्वम्
विहर तया सह ससुखं त्वम्.

हिमालयकी सुपुत्रीके कर-कमलोंके बन्धनमें आबद्ध लोकसुखदायी भगवान् भी अब ठीक मायासे आबद्ध ब्रह्म बने, अथवा यों कहें कि प्रकृतिमें लीन पुरुष (जीव) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रिभुवनभृच्छ्रुतिरक्षणकृत् परिजनकिल्बिषहृत् सोऽयम्
प्रकृतिगुणेष्वगुणोऽपि तथा प्रिययाऽरमतैवम् ।
जय लीलामय ! धन्यस्त्वम्
विहर विभो ! हर कष्टं त्वम्.

त्रिभुवनोंके धर्ता, श्रुति (वेद) के रक्षणकर्ता और अपने जनोंके मालिन्य-हर्ता एवं स्वयं निर्गुण ये प्रभु प्रकृतिके गुणोंमें अपनी प्रिया देवीके साथ इस तरह रमण (क्रीडा) करते रहे ।

विविधं नाम च रूपं त्यक्त्वाऽम्बुनिधिं विगताः सरितः
तिष्ठन्त्येकत्र यथा तावास्तामेकीभूय तथा ।
जय विगुणब्रुव ! धन्यस्त्वम्
विहरसि शिवया स शिवस्त्वम्.

अपनेको विगुण (निर्गुण अथवा विशिष्ट गुणोंका) कहनेवाले हे प्रभो ! आप भी बडे धन्य हैं । जय हो, जय हो नाथ ! जो आप ऐसे शिव होकर ऐसी शिवाके साथ विहार कर रहे हैं ।

इत्थं विहरंल्लीलामध्यं तल्लीनोऽसौ सरसः
स्वां स्थितिमपि विस्मृतवान् मोहित उमयाऽऽलिङ्गित एषः ।
जय प्राकृत इव मुग्धस्त्वम्
विहर विभो ! हर कष्टं त्वम्.

रसिकराज शङ्कर प्रभु इस तरह विहार करते-करते लीलाके बीचोबीच तल्लीन हो गये, जब कि देवी उमाने गाढालिङ्गन किया तब तो वे और भी मोहित हुए और अपनी उपर्युक्त स्थिति भी भूल गये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थाणुः सत्यं स्थाणुरभूत् पुनरप्यत्र तथाविवशः
क्रीडामृग इव वशगो भौतिकपिण्डानन्दं लब्धः ।
विहर विभो ! स्त्रीवशगस्त्वम्
अनुभव भौतिकभोगांस्त्वम्.

भगवान् स्थाणु (सांसारिक विषय-वस्तुओंसे निरपेक्ष) अब यहीं आकर वास्तविक स्थाणु (ठूंठ) ही बने, जैसे रति-जन्य क्षणिक शारीरिक सुख पाने पर साधारण पुरुष स्त्रीके वशमें आ क्रीडामृग (पालतू पशु) बन जाता है ।

हे सर्वव्यापक प्रभो ! आप खास स्त्रीके वशमें पडे हैं । अतः इसी ढंगसे विहार करें और पाञ्चभौतिक भोगोंका सुख अनुभव करें ।

चुम्बन्त्यस्याऽधरमिष्टं प्रियममुमालिङ्गन्ती सा
चिक्रीडोरसि राजन्ती रतिविपरीतासनसंस्था ।
विहर शिवेन शिवे ! ससुखं त्वम्
प्रापय सौख्यं रतिजं तम्.

इधर देवी गिरिजा अपने प्रिय-प्रभुको आलिङ्गन करती हुई और उनके सुमिष्ट अधरोंका चुम्बन लेती हुई रतिके विपरीत आसन पर बैठ कर उनके वक्षःस्थल पर खेलती हुई और भी सुशोभित हो उठी ।

देवी शिवे ! इसी ढंगसे प्रभु शिवके साथ सुखपूर्वक विहार करती रहो । साथ ही रतिक्रीडासे उत्पन्न होनेवाले सुखका अनुभव कराओ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तादृशमस्वस्थममुं शव इव संस्थं सञ्ज्ञाशेषम्
दृष्ट्वा स्वस्थेयमखेलत् तद्देहेनाऽत्र यथेच्छम् ।
अनुभव भोगान् स्मरजांस्त्वम्
धन्या धन्या रतिदे ! त्वम्.

ऐसी स्थितिमें उपर्युक्त ढंगसे चेतनामात्र शेष हो शव जैसे अस्वस्थ बने प्रभुको देखकर स्वयं स्वस्थ बनी वह देवी यहां आकर फिर उन प्रभुके शरीरसे यथेच्छ क्रीडा करने लगी ।

रतिदायिनी देवि ! तुम धन्यातिधन्य हो । कामदेवद्वारा उत्पन्न भोगोंको यथेच्छ अनुभव करो ।

तदनु गते बहुसमये सषोडशीं विद्यां पञ्चदशीम्
जप्त्वाऽऽवेश्य तया कुशलाऽकार्षीच्छवमपि शिवमेनम् ।
श्रीविद्ये ! त्वं जयसीत्थम्
प्रियरमणं स्वं रमय त्वम्.

इस तरह बहुत समय बीत जानेपर षोडशी-सहितकी पञ्चदशी (श्रीविद्याका महामन्त्र) का जापकर उसीसे निपुण बनी उन देवीने उन शव बने भगवान् शङ्करको शिव बना डाला ।

देवि श्रीविद्ये ! इसी ढंगसे तो तुम विश्वविजयिनी बनी हो । अब अपने प्रिय रमण भगवान शङ्करको रमण कराती रहो ।

यदनु पुना रमणं कृत्वा स्वोष्ठसुधाप्लावितकायम्
संमार्जन्त्यस्य कपर्दं चकमेऽथ च रतिमेवेयम् ।
इत्थं विहराऽत्र सुखं त्वम्
प्रियरतिदायिनि ! धन्या त्वम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसके बाद अपने प्रिय रमणको अधरोंकी सुधासे फिर आप्लावित कर उनके जटाजूटोंको सहलाती हुई वह देवी पुनः रतिकी ही कामना करने लगी ।

देवि ! तुम अब भी यहां सुखपूर्वक विहार करो । अपने प्रियको रति देनेवाली तुम धन्य हो ।

कामकलाभिः सर्वविधाभिः प्रभुणैवं संक्रीड्य
किञ्चित् तृप्ता शान्तिमिता भणति च चिबुकं परिगृह्य ।
ऋषि-वात्स्यायनगीता त्वम्
जय कामकलाभिज्ञे ! त्वम्.

सभी प्रकारकी काम-कलाओंसे प्रभुके साथ इस तरह क्रीडा कर किञ्चित् तृप्त हुई और शान्ति-प्राप्त देवीने प्रभुके चिबुक (चिहुंडे) को पकड कर फिर इस तरह कहा ।

महर्षि वात्स्यायन द्वारा महत्त्व गायी गयी एवं सारी कामकलाकी ज्ञाता देवि ! तुम धन्य हो ।

वरद-प्रिय ! भण भण मह्यं केयं राजति तव शिरसि
कथमेषाऽलभत स्थानं खेलस्यमुया किं रहसि ?
इतराऽसङ्गे भीता त्वम्
रमय पतिं स्मरसुखदं तम्.

इप्सित वस्तु देनेवाले मेरे प्रिय ! अब मुझे यहां यह बताओ कि तुह्मारे सिर पर यह कौन विराजमान हो रही है ? इसने कैसे वहां स्थान पाया ? एकान्तमें चुपके-चुपके क्या उसीसे तो खेलते नहीं हो ?

देवि ! तुम अन्य स्त्रियोंके आसङ्गसे डरी हुई हो (घबडाओ मत) काम-सुख देनेवाले अपने पतिदेवको यथेच्छ रमण कराओ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुनरित एषा वपुष कुटिला शिरसि च राजति तन्वी
प्रोज्ज्वलरूपा दीव्यति किं वा रमसे विजनेऽत्र तयाऽपि ।
सापत्न्यरुषा ज्वलिता त्वम्
हृष्टाऽप्यतिधृष्टा हि त्वम्.

और सुनो प्रिय ! फिर इधर शरीरसे जरा कुटिला और देखेनमें जरा पतली परन्तु बहुत ही उज्ज्वल-रूपकी वह कौन है ? जो इस तरह तुम्हारे सिर पर चमक रही है । क्या इसके साथ भी एकान्तमें रमण करते तो नहीं हो ? बताओ ?

देवि ! तुम सौतके प्रतिके क्रोधसे जल रही हो, जो तुम प्रसन्न होने पर भी ऐसी ढीठ बन रही हो ।

मिलनमये प्रथमे समये मम दृष्टिपथं विगते ते
स्ववशीकर्तुं त्वां भगवन् ! कृतयत्ने निरते स्वहिते ।
दृढरतिरक्ता जयसि त्वम्
सापत्न्यरुषा ज्वलिता त्वम्.

मिलनकी प्रथम वेलामें मेरी दृष्टिमें आयी वे दोनों अरे ओ भगवन् ! तुमको अपने वशमें करनेके अपने हितके कार्यमें निरन्तर लगी हुई देखी गई थीं, वे दोनों कौन थीं ।

सुदृढ रतिक्रीडामें अनुरक्त तुम इसी तरह विजयिनी हो, क्यों कि तुन सौतके क्रोधसे जल रही हो ।

प्रिययैवं स्पृष्ट उमेशो वागवरुद्ध आह शिवाम्
उभयोः प्रिययोर्देवि ! कथाऽस्ति स्पृहणीयाऽत्र जगत्याम् ।
हर ! हर तस्याः स्मरतापम्
जगतः स्याच्छान्तं पापम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपनी प्रिय देवी शिवा द्वारा इस प्रकार पूछे गये भगवान् उमेश कुछ बोल ही नहीं सके। पीछे कहने लगे-देवी! इस जगतमें इन दोनोंकी बातें जरा लम्बी हैं और प्रशंसनीय हैं।

हे भगवन्! हर! देवीका यह कामजन्य विकार (ताप) नष्ट कीजिये, जिससे जगतका पाप भी शान्त हो।

सति समये प्रियगिरिजे! त्वां कथयिष्याम्यहमविशेषम्
स्वयमुत्थाप्य तथोक्त्वा तामनयद् गिरिगह्वरमध्यम्।
हर! हर तस्याः स्मरतापम्
जगतः स्याच्छान्तं पापम्.

अरी मेरी प्रिय गिरिजे! समय आने पर मैं तुमको शेष रखे विना सारी बातें कहूंगा। इतना कहकर स्वयं देवीको उठाकर वे प्रभु गिरिगुहाके मध्यभागमें ले आये।

हे प्रभो हर! देवीका यह कामत्ताप विनष्ट कर दीजिये, जिससे जगतका पाप भी शान्त हो।

इति सप्तमसर्गे द्वितीया लीला

तृतीया लीला

गौरि! त्वं सा प्रकृतिरचला या गुणैः स्वैरमोघै-
र्विश्वं सृष्ट्वा विहरसि शिवे! भूतमात्राभिराभिः।
जीवास्तेऽस्मिंस्त्वदनुसरकाः कर्मसंस्कारजन्यान्
भुक्त्वा भोगानकृतसुकृता विश्वमेतद् भ्रमन्ति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवि गौरि ! तुम अचल (अव्याकृत) आद्या प्रकृति हो । जो तुम अपने इन अव्यर्थ गुणों (सत्व, रजः और तमः) से इस विश्वकी सृष्टि कर उन भूतों (पृथ्वी, अप् तेज, वायु, आकाश) की मात्रा (शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध) ओंसे विहार करती हो । तुह्मारे पीछे लगनेवाले सारे संसारी जीव सुकृत किये विना ही अपने-अपने कर्मोंके संस्कारोंसे उत्पन्न भोगोंको भोग कर इस संसार-चक्रमें घूमते हैं ।

साऽद्या हेतुस्त्वमसि पुरुषान् भ्रामयस्यत्र तांस्तान्
तेषां मध्येऽहमपि पुरुषस्त्वद्वशस्तद् भ्रमामि ।
युक्तं चैतत् परमहमुमे ! त्वद्गुणैस्तैरलक्ष्यो
भिन्नोऽभूवं स्वरतिरसमो निर्गुणो निर्व्यपेक्षः ।।

उमे ! इसमें तुम खुद आद्या हो, मुख्य कारण हो और पुरुषोंको (जीवोंको) विश्वभ्रमण कराती हो । घूमनेवाले उन पुरुषोंमें मैं भी वह तुह्मारे वशका हो विश्व घूम रहा हूं । यह ठीक भी है । परन्तु देवि ! सुनो तो, तुह्मारे उन गुणोंसे अलक्ष्य (अर्थात् अस्पृश्य) हुआ मैं उन सबोंसे बिलकूल भिन्न हूँ, और अपनी आत्मासे ही रति (प्रेम) प्राप्त किये हूं । अतः उसमे (सादृश्य विहीन) और गुणहीन हूं । इस लिए भी अपेक्षारहित (लेने-देनेसे परेका) हूं ।

तत्त्वं चैतद्विलसति शिवे ! ब्रह्म तत्सच्चिदाख्यं
स्मारं स्मारं स्वहृदि बहुधा तन्मयोऽहं भ्रमामि ।
श्रीविद्यां तां शुभशशिकलोद्भासितां मूर्ध्नि धृत्वा
शक्त्यैतस्या अधिगतसुखो निर्व्ययस्तां स्मरामि ।।

और सुनो शिवे ! इसमें यह तत्त्व ही सर्वोच्च है - सच्चिदानन्द नामक उस परब्रह्मको अपने दहराकाश (अन्तर्हृदय) में संस्मरण करता हुआ मैं विशेष कर तन्मय (ब्रह्ममय) होकर विश्व भ्रमण करता हूं । पूर्ण-शशिकी कला (सोलहवीं) से प्रोज्ज्वल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बनी श्रीविद्याको अपने सिर पर रखकर उसीके शक्तिसे परमसुख प्राप्त कर निर्व्यथ हो (सांसारिक तापोंसे अनछूआ) अन्योंसे पृथक् बन उन्हीं परादेवीका स्मरण करता हूं।

तापं पापं हरति जगतां कल्मषं कालजन्यं
गङ्गा सेयं पुरुषमपि तं कारयत्येव धन्यम् ।
तत्तां तुष्टः स्वशिरसि वहाम्यत्र चैतद्रहस्यं
प्रोद्घाट्येवं कथितमिह ते, माऽन्यथा संस्मर त्वम् ॥

यह देवी गङ्गा सारे जगत्की काल-जन्य मलिनताके साथ-साथ पाप और तापोंको भी विनष्ट कर देती है और इन सबोंसे सम्बद्ध पुरुषोंको भी अन्तमें धन्य बना देती है। इसलिए मैं विशेषतः इसके ऊपर प्रसन्न हो अपने सिरपर रखता हूं। इसमें यही रहस्य है, जिसको मैने तुह्मारे समक्ष स्पष्टरूपसे रख दिया है। अब तुम अन्यथा न समझो।

एवमुक्त्वा शिवो देवो लावण्योद्भासिताननाम् ।
समालिङ्ग्य पुनर्गाढं तां चुचुम्ब स्मरोन्मदाम् ॥

इतना कह कर देवाधिदेव भगवान् शङ्करने लावण्यसे प्रोज्ज्वल मुखकी एवं कामसे विह्वल बनी देवी गौरीका गाढा लिङ्गनकर फिर चुम्बन किया।

उद्भूतां ब्रह्मणः कायान्मायां छायामिवाऽव्ययाम् ।
प्रकृतिं पुरुषोऽपश्यत् रन्तुमिच्छुरिह प्रभुः शिवाम् ॥

तब वे प्रभु रमण (रतिक्रीडा) करनेकी इच्छासे परब्रह्मकी (स्वयं अपनी) शरीरसे उत्पन्न स्थिर (अविनाशी) छाया जैसी मायाको अथवा आद्या प्रकृतिको पुरुष जैसे हो देवी शिवाको देखने लगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रेम्णा गायन्निमां गीतिं मर्दयंस्तत्कुचावपि ।
देवीं प्राकृतवद्देवो रमयामास तद्वशः ॥

प्रेमसे निम्नाङ्कित गीति गाते एवं देवीके स्तनोंका मर्दन करते हुए स्वयं पत्नीके वश हो साधारण मनुष्य जैसे बने देवाधिदेव भगवान् देवी गौरीके साथ रमण करने लगे ।

गीतिः

विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम् (ध्रुवपदम्)

भगवान् शिव और शिवाकी यह जोडी अब यहाँ इस तरह विहार करने लगी । (ध्रुवपद)

अथ सपरागमुमामुखमवलोक्य रविप्रभफुल्लमिवाब्जम्
सपद-मृड एष ममार्ज पुना रमणार्थमपसार्य्य कराब्जम् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

अब पुष्प-परागोंसे भरे सूर्यकी किरणोंसे खिले कमलोंके सदृश देवी उमाके मुखमण्डलको काम-मद चढे भगवान् शङ्करने अपने कर-कमलोंसे रतिक्रीडा करने की इच्छासे पोंछ डाला ।

गिरिवरतनये भगवति ! कथय रिरंसा वर्धत आत्मनि किम्
अयि मदनेन वशीकृतहृदये ! भण संप्रति मां,रमसे किम् ?
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

अरी गिरिराजकुमारी भगवति ! तुम्हारी अपनी आत्मामें फिर क्रीडा करनेकी इच्छा बढ रही है क्या ? कामदेवद्वारा हृदय वशमें लिई हुई देवी जी ! मुझे अभी तुरत बताओ तो, क्या रतिक्रीडा करोगी ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुकृतं फलितं हि ममैतत् कुचयुगलं बिल्वमिवानद्धम्
निगदन्निति स ततो विभुरपसारयदम्बरमपि वक्षस्थम् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

देवि ! मेरे सुकृतों (सत्कर्मों) का क्या कहना ? यह तुम्हारा सर्वोत्तम कुचयुगल परिपक्व बेल जैसा है और मेरे सामने है, ऐसा कहते हुए उन प्रभुने वक्षः (स्तनमण्डल) के वस्त्रको हटा ही तो दिया ।

सुहृद्गम्भीरो नाभिरयं भाति भवोद्भावकगर्त इव
भगवन्नाभ्याया कृतिरिव सकमलनाललतां सृजतीव ॥
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

वाह ! गिरिजे ! यह तुम्हारा सुन्दर और कुछ गहरा नाभि भी संसारका उद्भावक (जनक) गर्त (गाड्ढा) जैसा है और उसी के ठीक सुशोभित है । मानो भगवन्नाभाकी रचना जैसा कमल सहित नाल (दण्ड) ही सृष्ट कर रहा है ।

तव जघनस्थलमेतदुमे ! मन्मथमन्दिरमतिरमणीयम्
रसिकानां मत्सदृशानां हरति मनोऽपि वृथाऽतिरमणीयम् ॥
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

उमे देवि ! तुम्हारा यह जघनस्थल भी अत्यन्त सुन्दर है । क्यों न हो कामदेवका मन्दिर (निवास) जो है । मुझ जैसे रसिक (कामुक) व्यक्तियोंका मन व्यर्थ ही बडे न कैसे (बुरी तरह) हर लेता है ।

सुविपुलमेखलिका विलसति निर्मलमनघं तन्व नितम्बम्
यत्र निरीक्षन्त उदारदृशो दर्पण इव निजमुखबिम्बम् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इधर अतीव विस्तीर्ण यह तुह्मारा निर्मल एवं दोषरहित नितम्ब प्रदेश सुशोभित है, जिसपर उदार-हृदय पुरुष भी आइनेमें ठीक अपना मुखमण्डल देखा करते है ।

ऊरूद्वयमिदमनघममेयं लसति यावदध उपरिष्ठात्
कदलीतरुरिव राजति करभकरमिव कर्कशमपि च समन्तात् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

उधर यह तुह्मारा ऊरूयुगल अनुमान करनेमें भी मुस्किल है (अतीव सुन्दर है) अतः वह भी ऊपरसे नीचे तक जगमगाता है । मानो केलेका स्तम्भ है और कुछ कर्कश होने पर भी हाथी के शावकका सूंड जैसा ही दिखाई पडता है ।

किमिदं ? तव नखमणयोऽपि हरन्ति मनः सुजनानाम्
प्रकृतिगुणैस्तैरस्पृश्ये ब्रह्मणि निभृतं रममाणानाम् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

यह कैसी गजबकी बात है - देविजी ! तुह्मारे ये नखके मणि भी जो विशेषतः प्रकृतिके गुणोंसे अपृश्य परब्रह्ममें ऐकान्तिक रूपसे रमण करनेवाले सुजनोंके मनको भी स्वतः हर लेते हैं ।

एवं प्राकृततत्त्वं निगदंस्तन्मायाब्रह्मरहस्यम्
काव्यस्यात्मा नायक एष विभुस्तत्र व्यरंसीत् सरहस्यम् ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

इस तरह प्राकृतिक तत्त्वोंके साथ माया और ब्रह्मका रहस्य खोलकर बतानेवाले इस काव्यके आत्मस्वरूप नायक भगवान् शङ्कर रहस्य-गर्भकं ढंगसे अब चूप हो गये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदनु नितम्बेऽस्या विपुलतमे निजनखचिन्हं रचयन् सः
मृदुकमलमुखाधररसमस्या पिबति स्म हरो मदनवशः ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

तदनन्तर मदनके वशमें आये भगवान् देवी-गौरीके सुविशाल नितम्ब-प्रदेश पर अपने नखों (नाखूनों) का चिन्हकी रचना कर सुकोमल मुखकमलके अधर-रसका पान करने लगे ।

इत्थं बहुकालं विहरन् खेलन् गिरिजाङ्गेषु सकलेषु
लीलायां तत्राऽतृप्तोऽभूद् वन्हिरिवेन्धनशकलेषु ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

इस तरह चिरकालपर्यन्त गिरिजाके प्रत्येक अङ्गोंसे क्रीडा करते हुए जगदीश्वर वे प्रभु अपनी वैसी लीलामें वैसे ही अतृप्त हुए, जैसे अग्निदेव इन्धनोंकी राशिमें खेलनेमें अतृप्त रहते हैं ।

पीत्वौष्ठासवमत्तोऽसौ मत्ता तद्वद् गिरिजा चोभौ
अतिरतिलीलोन्मादवशादिहाऽभवतामैक्यं विगतौ ।
विहरति शिवयोर्युग्ममिहेत्थम्.

अधर-रस-पानसे जैसे भगवान् उन्मत्त हुए उन्हींके ठीक मदमत्त हुई देवी गिरिजा ये दोनों (काव्यनायक-नायिका) बहुत बार की गई रति-लीलाके आनन्दवश अब यहां आकर बिलकूल एक हुए ।

सैषाऽऽनन्दस्य पराकाष्ठाऽऽनन्दो वै स इति रसिकास्ते
नहि साम्यावस्थेयं सांख्या वेदान्तिनोऽपि निगदन्ति ।
इत्थमखेलच्छिवयोर्युग्मम्.

यही तो आनन्दकी पराकाष्ठा है । रसिक पुरुष इसी अवस्थाको "आनन्दो वै सः" इस उपनिषद् वाक्यसे उल्लेख करते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं और सांख्यादृष्टिवाले "नहीं वह नहीं है, यह तो विशुद्ध साम्यावस्था (प्रकृति पुरुषकी एकताकी अवस्था) है, कहते हैं। एवञ्च वेदान्ती इसीको जीव और ब्रह्मकी ऐक्यावस्था मानते हैं।

एतस्यामेव वेलायां वर्षामेघस्वनोर्जिता ।
वक्ष्यमाणप्रकाराऽसौ व्यगुञ्जद् व्योमवागिह ॥

पूर्वोक्त ढंगसे इस शिवा-शिवकी जोडी खेलती रही। ठीक इसी समय (जब कि काव्यनायक और नायिका एक हो रहे थे) वर्षाके मेघ-गर्जनकी आवाजके ठीक निम्नाङ्कित ढंगकी आकाशवाणी गूंज उठी।

इति सप्तमसर्गे तृतीया लीला

चतुर्थी लीला

देव्याः समस्तभुवनोद्भव कारणायाः
शक्त्या स्वयैव परिवर्धितसद्गुणायाः ।
गर्भं गतं भगवतो जयतीह वीर्यं
देवाधिपं सुतमिदं जनयिष्यते द्राक् ॥

चौदह भुवनोंकी उत्पत्तिके कारण एवं अपनी शक्तिसे सद्गुणोंका परिबर्धन करनेवाली देवी-गौरीका गर्भ-गत भगवान् गिरीशका सद्वीर्य संसारमें सर्वश्रेष्ठ है, विजयी है। वही अब भावी देवसैन्योंका अधिपति (सेनापति) सुपुत्रकी जरा जल्दी ही उत्पत्ति करेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वागेषा व्यरमच्छिवाशिवयुगं संश्राव्य मिष्टं वच-
स्तद् व्युत्थाप्य तथैव मग्नहृदयं भग्नं विधायाऽय तत् ।
तस्यास्तद्वचनेन लज्जितमुखौ संयोज्य तौ स्वे मुखे
भूयश्चाऽत्र चुचुम्बतुः स्मरवशौ प्रेम्णैव मग्नौ सुखे ।।

देवाधिदेव शिव और महादेवी 'शिवाको ऐसे मीठे वचन सुनाकर एवं उस ढंगसे एकताको प्राप्त हो सानन्द बैठी उनकी जोडीको जगाकर वह आकाशवाणी रुक गई । अब उसकी वैसी उक्तिसे कुछ लज्जित मुंहके उन दोनोंने अपने मुंहको अपने-अपनेमें जोडकर प्रेमाधिक्यसे अपनेमें संप्राप्त सुखमें मग्न हो उस रतिक्रीडामें भग्न होते हुए भी कामदेवके वशमें आ फिर चुम्बन किया ।

एतस्मिन्नन्तरे देवी व्युत्थिता मदनासनात् ।
कटिं शाटिकयाऽऽवेष्ट्य गिरिशं तमभाषत ।।

इसी बीच देवी गौरी रतिक्रीडाके आसनसे उठ बैठी और साडीसे अपने कटिप्रदेशको ढांप कर भगवान् गिरीशसे ऐसे कहने लगी ।

गीतिः

संशोधय मामिह लघु भगवान् ! (ध्रुवपदम्)

भगवन् ! अब आप मुझे यहां जरा जल्दी ही संशोधन (स्नानादि) कराइए । (ध्रुवपद)

गिरिगह्वरनिर्मितभव्यतमेषु सुविशदवारिषु चाऽत्र सरःसु
नय मां प्रथमं स्नपय विभो! कारय बर्म्म सुगन्धि सुखं भोः !
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे विभो ! गिरिकी गुहाओंमें बनाये गये पवित्रतम एवं यहांके निर्मल जलोंके तालावोंमें मुझे ले जाकर सर्वप्रथम स्नान कराइए । साथ ही यह मेरा शरीर भी आसानीसे सुगन्धयुक्त हो ।

अथ रुचिरं कारय मम पदयोर्युगमप्येतदलक्तरसेन
सुमनोहरमेव भवेत् प्रियवर ! तदपि मणिमयनूपुरयुगलेन ।
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

मेरे प्रियवर ! तब मेरे इन पावोंको अलक्त (मेंहदी) के रससे रंगकर सुन्दर बनाइए । उनमें भी मणिमण्डित नूपुर (पायजेब) लगे हों और अत्यन्त मनोहर हों ।

तदनु शाटिकया सममत्र नितम्बे स्थापय कट्यम्बरमपि तत्
परिशोभय मेखलया मणिमय्या यदनुभवेत्तव सुमनोहृत् ।
संशोधय मामिह लघु भगवान् !

उसके बाद सुनिये प्रभो ! मेरे इस नितम्ब (चूतड) में साडीके साथ कटिबस्त्र (पेटीकोट) भी पहनाइए और उसको भी मणिमय मेखला (करधनी) से सुशोभित कराइये, जिसको देखते ही आपका हृदय मुग्ध हो जाय ।

स्तनयुगयोर्मम चूचुकमभितो रचय मकरिकापत्रविशेषम्
मृगमदमहितं चन्दनलेपनमपि चित्रय पुरहर ! सविशेषम् ।
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

और सुनिये नाथ ! मेरे इन दोनों स्तनोंके चूचुक (स्तनकी घुण्डी) के चारों ओर मकरिका-पत्र विशेष रच दीजिये । त्रिपुर-संहारक प्रिय ! विशेषकर कस्तूरीका सुवास-सने श्रीखण्डका लेपन भी हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुनरत्र कपोलयुगं प्रियवर ! मम चित्रय मृगमदमिश्रिततिलकैः
सफलय शिव ! निजकामुकजीवनमपि हृदयञ्च तदुद्भवभविकैः
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

हे प्रियवर ! इधर मेरे कपोल-युगमें जगह-जगह पर मृगमद-मिश्रित तिलक चित्रित कीजिये । इस तरह आप अपने कामुक जीवनको सफल बनाइए । इस कर्मसे उत्पन्न कल्याण-विशेषसे हृदय भी धन्य हो जाय ।

कामकलाप्रिय मत्प्रिय ! शृणु मे राजति वेणीयं त्रिगुणफला
अथ तामपि संस्कुरु पश्य च यस्यां शोभत इन्दुकला ।
संशोधय मामिह लघु भगवान् !

कामकलाप्रिय मेरे प्यारे प्रभो ! जरा सुनिये तो त्रिगुणोंके छलसे यह मेरी वेणी सुशोभित है । अब इसका भी संस्कार कीजिये, जिस पर इन्दुकला शोभित है । तब इसको भी देखिये ।

स्थापय तां तां परितो मालां मन्दारसुमै रुचिरं ग्रथिताम्
कामुकवर ! तदनु त्वं भो ! मामवलोकय लावण्यसमृद्धाम् ।
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

मेरे प्यारे कामुकवर नाथ ! तदनन्तर उस वेणीके चारों ओर मन्दार पुष्पोंकी सुन्दर ढंगसे गूंथी हुई मालायें रख दीजिये तब लावण्यसे खुली हुई मुझे देखिए ।

प्राप्स्यसि कर्मण एतस्य फलं वेतनरूपेण यथेच्छसि तत्
तदिह मयाऽभिहितं सम्पादय सर्वं प्रभवेच्छ्रेयोजनकं यत् ।
संशोधय मामिह लघु भगवन् !

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इन सब कामोंका फल वेतन (पारिश्रमिक) रूपमें जो मागिएगा सो पाइएगा । तस्मात् मेरे कहे अनुरूप सारी बातोंका सम्पादन कीजिये । वह भी खास कर कल्याण-जनक हो ।

स्वात्मप्रियं वच उमोक्तममोघमेवं
विश्रुत्य देववर एष तदुक्तिमग्नः ।
तत्तच्चकार हृदयेन भृशं कृतज्ञः
कामीव हन्त ! सकलेन्द्रियवृत्तिभग्नः ।।

अपने लिये अत्यन्त प्रिय एवं अपरिहार्य देवी उमाद्वारा कही गई ऐसी बातें सुनकर देवाधिदेव भगवान् शङ्कर उनकी उक्तिसे मग्न होकर तथा हृदयसे ही कृतज्ञ बन सारी इन्द्रियोंकी वृत्तिसे भग्न हुआ साधारण कामी-पुरुषके ठीक उन-उन कामोंको देवीके कथनानुसार करते गये ।

अन्ते तामखिलेश्वरीं भगवतीं मायां यथा ब्रह्मणः
सांख्यानां प्रकृतिं तथैव पुरुषव्यासक्तमात्राभिव ।
गौरीमेष गिरीश उज्ज्वलभगां कामेश्वरीं तान्त्रिकाः
सन्ध्यायन्ति यथा तथैव विहरन् भूयश्चुचुम्बाऽत्र सः ।।

अन्तमें परब्रह्मकी माया जैसी जगदीश्वरी गौरीको देख पुरुषमें ही अपनी मायाओंसे आसक्त हुई सांख्य (शास्त्र) की प्रकृति जैसी देखकर एवं षडैश्वर्योंसे सुसमृद्ध तथा प्रोज्ज्वल बनी कामेश्वरीको जैसे तान्त्रिक लोक ध्यान करते हैं, ठीक उसी तरह देवीके सर्वाङ्गोंमें ध्यान लगाये उन प्रभुने फिर यहां उनके मुखमण्डलको चुम्बन किया ।

इति सप्तमसर्गे चतुर्थी लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टमः सर्गः

प्रथमा लीला

निष्क्रामन्तीं स्वजनकगुरोर्गह्वरान्मेनकाया
गर्भाद् यद्वद्भ्रमणहृदयां स्वप्रियेणानुयाताम् ।
देवीं दृष्ट्वा त्रिनयनवधूं सौरतम्लानकान्तिं
द्वारस्थास्ते परिकरगणास्तुष्टुवुस्तां प्रणम्य ॥

अपनी मां मेनकाके गर्भसे जैसे अपने जनक-हिमालयके गह्वर (गुहा) से निकलने वाली एवं भ्रमण करनेकी इच्छा लिए हुए अपने प्रिय (शङ्कर) से अनुगमन की हुई उन तीन आंखोंवाले प्रभुकी प्रियापत्नी इन गौरी-देवीको रतिक्रीडासे कुछ प्रोज्ज्वलता खिसकी देख उस गुहाद्वारमें बैठे उनके परिजन विनम्रतापूर्वक नमस्कार कर ऐसे उनकी स्तुति करने लगे ।

धन्या त्वं हि परेश्वरी जय शिवे ! देवस्य वीर्यं त्वया
गर्भे धारितमित्थमेव शुभदे ! त्रायस्व नोऽप्युद्धर ।
मित्रञ्चाऽस्मि निवेदयामि भवतीं यानं मनोगं मम
प्रेम्णाऽऽरुह्य विनोदय स्वहृदयं भ्रान्त्वा जगत्प्रेयसा ॥

हे परेश्वरि शिवे ! आप धन्य है । आपकी जय हो । हे लोक-कल्याणकारिणि ! आपने भगवान् शङ्करका वीर्य अपने गर्भमें धारण किया है । देवि ! हमारी रक्षा कीजिये, साथ ही उद्धार भी हो । मै आपका मित्र कुबेर हूं । इसलिए निवेदन करता हूं कि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह मेरा यान (पुष्पक विमान) इच्छानुसार चलता है । अब आप इसपर सवार हो अपने प्रिय पतिदेवके साथ विश्व भ्रमण कर अपना दिल बहलाइए ।

इत्थं वैश्रवणेन नम्रवचसा विश्रुत्य सद्व्याहृतं
दृष्ट्वा पुष्पकयानमग्रत इदं चानाय्य संस्थापितम् ।
देवी सोत्सुकमानसा समभवत् स्त्रीणां स्वभावोऽप्यसौ
दुर्वारः खलु, सा रराज बहुधा सस्नेहमीक्षयेव तम् ।।

इस प्रकार विश्रवा मुनिके सुपुत्र कुवेरद्वारा विनम्र वचनोंसे अच्छी तरह कहा सुनकर तथा उस पुष्पक विमानको भी सामने ले आकर रखा देख देवी गौरी उत्सुकमनकी हो गई । ठीक भी तो है ! स्त्रियोंका स्वभाव ही ऐसा होता है, जिसको रोका नहीं जा सकता । ऐसी स्थितिमें उन अपने मित्र कुवेरको देवी गौरी स्नेहपूर्वक देखती हुई शोभित हो उठी ।

आरोहन्तु भवन्त आशुवरदस्याऽस्य प्रियाः सेवका
मत्सख्यावुभये जयाविजयकेऽप्यागच्छतं स्नेहतः ।
गच्छामो वयमद्य विश्वमभितस्तत्प्राकृतं वैभवं
सन्द्रष्टुं तदमुष्य सत्यमहसाऽऽनन्देन चाप्यायितम् ।।

आशुतोष हो शीघ्र ही वर देनेवाले इन प्रभुके प्रिय सेवक सबसे पहले इस यान पर चढें । तब मेरी दोनों प्रियसखी (जया विजया) भी स्नेहपूर्वक मेरे साथ आयें । आज हम सब प्राकृतिक वैभव देखनेके लिए विश्वके चारों ओर चलें । विशेषतः जो मेरे इन प्रभुके विशुद्ध सत्यतेजसे समृद्ध है और आनन्दसे आप्लावित है ।

तथोक्त्वा तान्निवेश्याऽत्र सशिवा सा तदारुहत् ।
यानं प्रदक्षिणीकृत्य प्रभ्वोराज्ञानुवर्तिनम् ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इतना कहकर उन सबको उसीमें रखकर देवी शिवा भगवान शिवके साथ उस यानकी प्रदक्षिणा कर उसीमें घुस गईं, जो यह विमान अपने स्वामी बननेवालोंका आज्ञाकारी था ।

प्रिययोर्युग्ममन्तःस्थं ह्यन्तरिक्षावगाहिनम् ।
दृष्ट्वा तद्भावमालक्ष्य दैवीयं गीर्व्यजृम्भत ।।

अब शिवा-शिवकी उस जोडीको अपने भीतर रख अन्तरिक्षमें अवगाहन करनेवाले इस विमानको देखकर एवं उसके भावोंको लक्ष्यकर एकाएक निम्नाङ्कित ऐसी आकाशवाणी गूंज उठी ।

गीतिः

आगच्छतमिह भगवन्तौ !
हृदयविनोदे रुचिमन्तौ ।। (ध्रुवपदम्)

दिल बहलानेमें रुचि रखनेवाले षडैश्वर्य सम्पन्न आप दोनों (शिव और शिवा) इधर आ जायें । (ध्रुवपद)

नन्दनवनमिह राजति भवहृदि संस्थितमतिरमणीयम् ।
तरुततिभिर्व्रततिभिरिद्धं क्षुपनिवहैरतिकमनीयम् ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ

इधर नन्दन वन (देवताओंकी क्रीडास्थली) है, जो विश्वके हृदयस्थलमें संस्थित है और अत्यन्त रमणीय है । फिर यह वृक्षके कतारोंसे लताओंसे समृद्ध एवं छोटे-छोटे पौधोंसे भी अति कमनीय (सुहावना) है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुष्पितसकलकलेवरमतिशोभितमानसशिरसभारम् ।
विटपिभिरात्महितैर्विशदवनश्रीपरिदर्शितसारम् ॥
आगच्छतमिह भगवन्तौ

अपना प्रत्येक अङ्ग-प्रत्यङ्ग खिले होनेसे नखसे ले कर शिखा पर्य्यन्तके भारसे यह और भी सुशोभित है । अपने हितोंमें संलग्न वृक्षोंद्वारा अतीव सुन्दर वनश्रीके माध्यमसे ही यह अपना महत्त्व दिखा रहा है ।

व्रततिभिरपि परहितकृद्भिरुदारतयार्पितनिजदेहम् ।
दीपितलघुपरुचिभिश्च सुदर्शितवस्तु यथाऽत्र सुगेहम् ॥
आगच्छतमिह भगवन्तौ

फिर यह दूसरोंके हित चाहनेवाली लताओंद्वारा उदारपूर्वक अपना शरीर अर्पित करता है । निरन्तर प्रोज्ज्वलित छोटे-छोटे सञ्जीवनी बूटी आदिके पौधोंकी जगमगाती हुई रोशनीसे घरकी वस्तुओंके ठीक यहांकी सारी चीजें दिखलाता है ।

सकलसुरैर्मुनिभिश्च सुशोभितमतिमधुरस्वरगानम् ।
विलसति पक्षिभिरपि रतिकेलिपरैरभिसेवितमानम् ॥
आगच्छतमिह भगवन्तौ

यह फिर सारे देव और मुनियोंसे सुशोभित है और यहीं अति मधुर स्वरोंसे गान होता है । रतिक्रीडामें संलग्न यहांके सारे पक्षी भी अभिमानी हैं । ऐसा ही स्थान है यह ।

कृतसुकृतैः सुरलोकनिवासिभिरात्मनि संधृतसत्त्वम् ।
ब्रह्मविचिन्तनविशदीकृतहृदयस्थिततद्गततत्त्वम् ॥
आगच्छतमिह भगवन्तौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह नन्दन वन सत्कर्म करनेवाले सुरलोक निवासियोंद्वारा अपनी आत्मासे ही विलसित परमात्मतत्त्वगत सत्व धारण किया गया है और परब्रह्मके चिन्तनसे सुनिर्मल बनाये गये हृदयमें संस्थित ब्रह्मगत-तत्त्वसे विभूषित है ।

प्रकृतिपूरुषसृष्टजगत् क्षणिकं नहि नहि विश्वसनीयम् ।
इतिमतमाकलयन्तं विबुधाश्रितमथ विश्वसनीयम् ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ

प्रकृति और पुरुषद्वारा सृष्ट यह जगत् क्षणिक है । कदापि विश्वसनीय नहीं है । "नहीं यह नहीं हो सकता, अवश्य विश्वसनीय है" । ऐसे मतका अपने अपनेमें विचार करनेवाले विबुधों देवताओं और विद्वानोंद्वारा यह उपवन आश्रित है ।

मायाब्रह्मसमन्वयरचितं जगदिति चाकलयन्तम् ।
क्वचिदिह विपरीतं मुनिबहुलं बहुमतमाकलयन्तम् ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ

"यह जगत् माया और ब्रह्मके समन्वयसे रचित है" ऐसा मत भी अभिव्यक्त किया जाता है । यहां फिर कहीं-कहीं मुनियोंके बाहुल्यसे "बिलकूल उन सबका विपरीत है" ऐसे बहुमतोंका आकलन किया जता है ।

नहि नहि किञ्चिदिहास्ति विहाय शिवाशिवयोः प्रिययुग्मम् ।
बहुमायमिदं जगदखिलं परिहाय रतिं तदुपास्यम् ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ

ये सब बातें नहीं, यहां कुछ भी नहीं है । भगवान् शिव और शिवाकी जोडीको छोडकर और सभी वस्तुयें असत्य हैं । दृश्य एवं श्रूयमाण यह जगत् ही बहुमायिक है । इस लिए इस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परकी सारी रति (प्रीति) छोडकर केवल उन्हीं दोनोंकी उपासना करनी चाहिए ।

नन्दनवनमिदमतुलं भगवन्ताविह यानं ह्यवतार्य्य ।
कृतसंस्तुतिमुपश्रुत्य सुखं प्रविहरतां हितमवधार्य्य ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ !

हे षडैश्वर्य सम्पन्न दोनों प्रभुओं ! यह नन्दनवन तुलना-रहित है । तस्मात् अब आप दोनों इस विमानको यहीं उतारकर हम अपने जनोंद्वारा गायी गई स्तुति सुनते हुए अपने हितकी ओर ध्यान देकर सुखपूर्वक यहीं विहार करें ।

गिरिजेश विभो ! शृणु तव भक्तवरैर्विनिवेदितमेतत् ।
भवति शिवाया दोहदपूर्तिरिहैव दृढा शुभकृद् यत् ।।
आगच्छतमिह भगवन्तौ !

देवी गिरिजाके प्राणेश प्रभो ! आपके भक्तोंसे निवेदित यह वाक्य सुनें । देवी शिवाकी दोहद (गर्भावस्थामें स्त्रियोंमें बढनेवाली इच्छा) की पूर्ति भी आसानीसे यहीं होगी, जो शुभकारी है ।

दृष्ट्वा सुरेन्द्रभवनाङ्गनसंस्थितं तत्
क्रीडावनं तदभितस्थितदेववृन्दम् ।
तद्यौवतञ्च मदनज्ज्वरसंविमूढं
संलक्ष्य देवयुगलं मुदमाप गूढम् ।।

देवेन्द्र-भवनके आँगन (चौक) का वह नन्दनवन (क्रीडोद्यान) एवं उसके चारों ओर रह-रहे देवसमूह तथा उनकी युवतियां विशेष कामज्वरसे विह्वल थीं । उन सबको बहुत ही नजदीकसे देखकर वह प्रभुओंकी जोडी भीतर ही भीतर प्रसन्न हो उठी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्रत्यभक्तनिवहान् स्वगतार्थलक्ष्यान्
विज्ञाय संयमरतान् विबुधान् मुनींश्च ।
प्रक्षिप्य तेषु सदयां स्वदृशं शिवा सा
यानं प्रचोदयदथाऽग्रत एव गन्तुम् ॥

वहांके भक्तजन एवं संयमनिरत मुनिगण तथा देवोंको परमात्म-प्राप्तिका लक्ष्य लिए समझकर उन सबके ऊपर अपनी दया-दृष्टि फेंक देवी-शिवाने अब अपने यानको आगे बढनेकी प्रेरणा दी ।

ज्ञात्वेङ्गितं यानमवार्यवेगं
चचाल विश्वभ्रमणार्थमेवम् ।
गत्वोपरिष्टाच्छिशुमारचक्रम्
प्रदक्षिणीकृत्य रराज तत्र ॥

देवीका इशारा पाकर अप्रतिहत-गतिका वह यान विश्वभ्रमणके लिए इस प्रकार आगे बढा । पहले तो वह ऊपर शिशुमार चक्र की ओर गया और वहां उसकी प्रदक्षिणा कर कुछ समय तक वह वहीं विराजमान होता रहा ।

तस्मिन् निविष्टा भुवनेशवन्द्या
ध्रुवादयोऽन्ये तपसाऽभिनन्द्याः ।
तज्जोतिषाऽऽकृष्टहृदः स्वकृत्यं
विस्मृत्य तद्युग्ममिह प्रणेमुः ॥

वहीं पर बैठे चौदह भुवनोंके स्वामियोंद्वारा वन्द्य ध्रुव आदि महापुरुषों और अन्य अपनी तपस्यासे अभिवन्दनीय महात्माओंने उन महाप्रभुओंके तेजसे आकृष्ट हो अपने कृत्योंको भी भूलकर उनकी जोडीको नमस्कार किया ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri
नक्षत्रवर्गांश्च नवग्रहांस्तान्
तदुच्चचक्रभ्रमणाभिसक्तान् ।
स्नेहार्द्रदृष्ट्याप्रसमीक्ष्य तूष्णीं ।
शिवाशिवौ जग्मतुरग्र एवम् ॥

उस शिशुमार चक्रके भ्रमणमें संलग्न नक्षत्रों एवं नवग्रहोंको स्नेहभरी दृष्टिसे देखते हुए वे दोनों चूपचाप आगे बढते गये ।

तथोपरिष्टाद्विगतं विशालं
तद्यानमाविष्कृतवेगवीर्यम् ।
तत्रत्यलोकांश्च जनान् स्थितिञ्च
संदर्शयत्तौ समुदौ चकार ॥

इसी ढंगसे अपने वेग एवं वीर्यका प्रदर्शन करता हुआ वह विशाल विमान उसी ढंगसे और ऊपर बढता गया । उन-उन लोकोंके जनोंको एवं इधर-उधरकी स्थितिको अपने स्वामियोंको दिखाता हुआ वह उन दोनोंको प्रसन्न बना बैठा ।

ततो निवृत्तं सहसा धराया
अधः स्थितान् सप्तमहाप्रभावान् ।
लोकान् प्रदर्श्यैव सुखेन तांस्तान्
रराज पूर्वस्थलमेत्य भूयः ॥

अब वह यान वहांसे लौटकर एकाएक पृथ्वीतलसे नीचेके महाप्रभावशाली लोकों (अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल एवं पाताल) को दिखाकर फिर अपने पूर्वस्थल पर आकर विराजमान हुआ ।

विमानादवतार्य्याऽसौ भगवान् स्वप्रियां शिवाम् ।
अपृच्छदद्य किं कुर्य्यां प्रियं तव प्रिये ! वद ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब भगवान शङ्करने अपनी प्रिया देवी शिवाको उस विमानसे उतार कर "प्रिये ! अब मैं तुह्मारा और क्या प्रिय करूँ" ? ऐसे कहा ।

तदैव साऽब्रवीदित्थं सलज्जं प्रसवोन्मुखी ।
प्रियमालम्ब्य शीघ्रं भो ! अरिष्टं प्रापयाऽद्य माम् ।।

तभी आसन्न प्रसवावस्थाकी देवी गौरीने कुछ लज्जित हो भगवानका सहारा ले उनसे ऐसे कहा - प्रभो ! अब मुझे आप जरा जल्दी ही अरिष्ट (सूतिका गृह) पहुँचाइए ।

तत्सूतिकागृहमिमामनयत् स देवो
देवीं निभाल्य गुरुगर्भभरालसन्तीम् ।
यत्र स्थिता प्रियसखी विजया जया च
ह्यास्तां तदागमनमार्गमवेक्ष्य सज्जे ।।

देवीका ऐसा कहना सुनने पर और उनको गुरुतर गर्भ-भारसे कुछ झुकी देख भगवान् शङ्कर उनको सूतिका गृहकी ओर ले चले । जहाँ उनकी प्रिय सखी जया और विजया गौरीका आगमनका मार्ग देखकर तयार हो बैठी थीं ।

इति अष्टमसर्गे प्रथमा लीला

सर्गसमाप्तिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नवमः सर्गः

प्रथमा लीला

ऊषोदयः समजनि प्रखरं तमस्तन्
नष्टं यदाऽऽगतवती रविणा समं सा ।
तत्संगमेन दिवसःसमजायत प्राक्
माङ्गल्यमेवमभवत् क्षणतोऽत्र पश्चात् ।।

अब ऊषा (पौ फटनेकी बेला) का उदय हुआ । जब वह भगवान् सूर्यके साथ-साथ सामने आयी । तभी गाढान्धकार नष्ट हुआ । भगवान सूर्य और ऊषाके इस संगमसे सर्वप्रथम दिनकी उत्पत्ति हुई । क्षणभर बाद अब यहां इसतरह मङ्गल ही मङ्गल हुआ ।

सा कालशक्तिरतुला बुबुधे शिवाया
मध्योदरस्थमसमं मह आर्तिनाशि ।
पुत्रत्वमत्र परिगृह्य षडाननैः स्वं
संभूय जातमिति वीर्यबलैः समृद्धम् ।

अनुपम कालशक्ति अब जान गई कि देवी गौरीका गर्भस्थ सांसारिक पीडा नाशक वह समताविहीन तेज उन दोनोंका पुत्रत्व ग्रहण कर "कुमार" 'षडानन नाम से वीर्य और बलोंसे समृद्ध होकर उत्पन्न हुआ है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ते तारकान्धकमुखाः कुविचारपुष्टा
दुष्टा अनेन रणमूर्धनि देवनेत्रा ।
एष्यन्ति नाशमिति सार्थकशब्दवृत्या
देव्या गिराऽथ शुभगानमिदं जगौ सा ।।

भावी देवसेनापति इस बालकसे रणक्षेत्रमें कुविचारोंसे पुष्ट हुए वे तारक-अन्धक आदि दुष्ट असुर अवश्य विनष्ट हो जायेंगे ऐसे अर्थपूर्ण शब्द-वृत्तिसे वह कालशक्ति अब दैवी वाणीमें निम्नाङ्कित शुभगान गाने लगी ।

गीतिः

मङ्गलं ! मङ्गलं जातमेतन्महत्
कार्तिकेयस्य तज्जन्म सद्धेतुमत् ।
साधवः सज्जना दुष्टसंतापिता-
स्ते सुराश्चाऽत्र गायन्तु तन्मङ्गलम् ।।
जयति शिवाशिवयोर्मह एतत् (ध्रुवपदम्)

यही सर्वोत्तम मङ्गल ही मङ्गल हुआ कि भगवान कार्तिकेय (स्कन्द) का जन्म जो अच्छे कारणोंसे सम्पन्न है, हो चुका है । दुष्टोंसे पीडित साधु सन्त सज्जन एवं अन्य वे सारे देवगण भी अब शान्तिसे मङ्गल-गान करें ।

भगवान् शिव और शिवाका यह पुत्ररूप तेज सर्वोच्च है । (ध्रुवपद)

सकलचराचरमयविश्वगातं भयमुल्वणमाधिकृदेवम् ।
प्रतिपलमासुरभावविवृद्धं विनशनकारणमनुपमवीर्यम् ।।
जयति शिवाशिवयोर्मह एतत्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निरन्तर मानसिक चिन्ताजनक, सारे चर-अचर प्राणिमात्रोंसे व्याप्त विश्वका अत्यन्त उग्र इस भयको जो आसुरीशक्तिसे प्रतिपल बढ रहा है, विनाशका कारण एवं अनुपम वीर्यशाली है यह -

ऋषिमुनिभिः सकलसुरैरपि शान्तिपरैः परमात्मनि दृढसंस्थैः ।
अभियाचितमार्तहृदा सुधिया प्रतिफलितं स्वतः एतदिहोच्चैः ।।
जयति शिवाशिवयोर्मह एतत्

निरन्तर शक्तिमें मग्न एवं परमात्मामें सुदृढ स्थितिके सारे ऋषि-मुनियों तथा देवोंद्वारा सद्बुद्धिसे आर्तहृदय लेकर प्रार्थना करने पर अतर्कित ढंगसे स्वतः प्रकट हुआ यह -

निजभक्तवरैर्धनपतिभिश्च सखीभिरिह प्रियसुजनैश्च समम् ।
कृतसेवमहर्निशमात्मधिया प्रकटितमनयोः शुभवीर्यधनम् ।।
जयति शिवाशिवयोर्मह एतत्

अपने भक्तों एवं धनपति आदि मित्रों प्रिय-सन्तों-सुजनोंद्वारा अपनी आत्माके कल्याणके लिए आर्तहृदयसे रातो दिन सेवन किया गया । अतएव प्रकट हुआ गौरी-गिरीशका शुभवीर्य रूप धन यह -

सुखशान्तिदमनिशं हितकृत् सकलेषु सुरेषु सुधीषु सदैवम् ।
अभिजातमलौकिकवीर्यबलाढ्यं शिशुरूपमिहोज्वलमेवम् ।।
जयति शिवाशिवयोर्मह एतत्

सारे सुरोंमे सुधियोंमें निरन्तर सुख-शान्ति पहुंचानेवाला नित्य सत्य एवं कल्याणकारक तथा अलौकिक वीर्य-बलोंसे सुसमृद्ध उज्ज्वल शिशुरूपमें इस धरातलमें उत्पन्न यह सर्वोच्च है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तन्मङ्गलं विविधमस्य कृते सुधीभिः
कर्त्तव्यमात्महितमीक्ष्य शुभक्रियाभिः ।
तद्वारमध्यमुपसृत्य विराजतेऽद्य
देवः शिवोऽपि भवतामभिनन्दनार्थम् ।।

तस्मात् इस बालकके लिए सुधी-जनोंद्वारा शुभक्रियाओं से अपने हितके ऊपर ध्यान देकर हर एक प्रकारका मङ्गलाचरण करना चाहिए । इधर स्वयं देवाधिदेव भगवान शङ्कर आपलोगोंका अभिनन्दन करने हेतु अभी-अभी उस सूतिकागृहके द्वारके बीचोबीच आ खडे हुए हैं ।

इति नवमसर्गे प्रथमा लीला

द्वितीया लीला

तद्गानध्वनिरेष उच्चगतिको विश्वं समग्रं भ्रमन्
तत्रत्यं जनमानसं प्रतिपलं सच्छ्रद्धयोल्लासयन् ।
तत्राऽऽगन्तुमथो चकार बहुधा तद्दर्शने सत्वरान्
स्वेष्टध्यानपरान् महामुनिगणान् संत्यक्तसर्वक्रियान् ।।

अन्तमें ऐसी उस कालशक्तिकी गीतकी आबाज बडी उच्च गतिसे सारा विश्व भ्रमण करती एवं वहांकी जनताके हृदयको पल-पल पर श्रद्धासे उल्लसित बनाती हुई उसने वहां आ पहुंचनेके लिए अपने अभीष्ट देवके ध्यानमें लगे महा-मुनियोंको भी सारी क्रियायें छुटे और अनेक प्रकारसे सत्वर (हडबडी से युक्त) बना डाला ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मात्ते समुपागताः परिकरानादाय नानाविधान्
सत्यान् वाक्यमयोपहारनिचयान् सत्याशिषा वर्धितान् ।
यत्राऽऽसन् परमार्थचिन्तनपराः सप्तर्षयः सज्जना
मित्राण्यस्य विभोः कुवेरसहिता भूतादयस्तद्गणाः ॥

तस्मात् वे सारे के सारे परिजनोंके साथ अपने शुभाशीर्वादों-से समृद्ध सद्वाक्यमय नाना प्रकारके उपहार (नजराने) ले-ले कर वहां उपस्थित हुए । उनमें विशेष परमात्म-चिन्तनमें लगे रहनेवाले सप्तर्षि ही प्रमुख थे और सज्जन थे । साथ ही उन सर्वव्यापक प्रभुके कुवेर जैसे मित्र थे और भूत-प्रेत आदि उनके गण थे ।

ऊर्वश्यादय आगताः स्थिरधियो माङ्गल्यसंवर्धिकाः
स्वर्वेश्या अपि चित्तरञ्जनविधौ ख्यातारच तद्भञ्जने ।
देवीं तां स्वसखीं कुवेरहृदयां हस्ते गृहीत्वा मुदा
सेन्द्राणी समुपस्थिता नवशिशुं बर्धापनार्थं तदा ॥

अपने कर्तव्यमें स्थिर बुद्धिकी, मङ्गल बढानेवाली ऊर्वशी आदि स्वर्गकी वेश्यायें भी आ गयीं जो विशेषतः दूसरोंका दिल बहलानेमें और उसको तोडनेमें भी सुप्रसिद्ध थीं, अपनी प्रियसखी कुवेरकी पत्नीका हाथ पकडकर बहुत ही प्रसन्न हो देवी इन्द्राणी नवजात शिशुको बर्धापनार्थ स्वयं उपस्थित हुई ।

तत्राऽऽगताः प्रमथकारच गणाः प्रियास्ते
दृष्ट्वा प्रभुं प्रथममेनमिह प्रणम्य ।
शान्तं प्रदर्श्य निजरूपगुणांस्तदोच्चै-
र्भावेन मङ्गलपरेण भृशं विरेजुः ॥

अब वहां प्रभुके प्रिय प्रमथ आदि गण भी आ पहुंचे और अपने स्वामी उन प्रभुको देखते ही सर्वप्रथम उन्होंने प्रणाम किया । वादमें अपने रूप और गुणोंको दिखा-दिखाकर बडी शान्तिसे, मङ्गलजनक उच्च भावोंसे सुशोभित हो उठे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ता मेनकादय उमां सधवां सपुत्रां
संस्मृत्य तद्‌गतधिया मनसाऽभिवाद्य ॥
संभूय नृत्यकलया स्वशरीरसारं
निर्दश्यं तत्र ननृतुर्हृतकष्टभारम् ॥

अब वहां मेनका आदि स्ववेंश्यायें सौभाग्यशालिनी पति-पुत्रवती देवी उमाको उनकी ओर लगी सद्‌बुद्धिसे मन ही मन अभिनन्दन समर्पण कर अपने-अपनेमें मिल-जुल-कर शारीरिक कष्ट समझे विना अपने शरीरके सार वस्तु (नितम्ब आदि) को दिखा-दिखाकर नाचने लगीं ।

सप्तर्षयो विहतमानमदाः परार्थाः
स्वं पूर्वकृत्यमवलोक्य तथाप्रपूर्णम् ।
शान्तं विहस्य भवदुःखहरं हरं तं
प्रेम्णाऽभिवाद्य जगुरन्त इमां प्रगीतिम् ॥

इधर मान और मद विनाके एवं परार्थोंमें ही अपना स्वार्थ समझनेवाले उन सप्तर्षियोंने अपनेद्वारा पहले किये गये उस सत्कर्मको इस ढंगसे परिपूर्ण हुआ देखकर एवं बडी शान्तिसे मुस्कुराते हुए विश्वजनोंके दुःखनाशक उन प्रभुको श्रद्धा-भक्तिपूर्वक अभिवादन समर्पण कर अन्तमें निम्नाङ्कित गीतिको गाया ।

गीतिः

किल्विषमपसारय भोः !
जय जय शिव ! शङ्कर ! भो (ध्रुवपदम्)

हे अशरण शरण भगवन् ! विश्वके पापोंको हटाइए । हे कल्याणकारी शिव ! आपकी जय हो, जय हो ! । (ध्रुवपद)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जय जय शिव ! शङ्कर ! दुरितं हर शम्भो !
स्वजनार्तिविनाशक ! हर ! कलुषं भोः !
किल्विषमपसारय भोः !

आप सांसारिक जनोंके हृदयोंमे विराजमान हैं और आप ही उनका कल्याण करनेवाले हैं । अतः आपकी निरन्तर जय हो । विश्वके दुरितों (पापों) को विनष्ट कर दें । हे स्वजनोंकी पीडायें हर देनेवाले हर ! उनके मालिन्यको हटा दें ।

जय जय गिरिजाप्रिय ! सकलेप्सितपद ! भोः !
सुरमुनिजनमानसवासिन् ! कुरु शं भोः !
जय जय शिव ! शङ्कर भोः !

हे गिरिजाप्रिय नाथ ! हे सारी जनताद्वारा इप्सित-पद प्रभो ! सुर-मुनि एवं जनमानसोंमें निवास करने वाले भगवन् ! कल्याण कर दीजिये ।

आप शिव-शङ्कर प्रभुकी जय हो ।

अखिलसुरासुरनुतपद ! हतमद ! शम्भो !
प्रियजनहृदयाम्बुजषड्पद ! देव ! विभो !
किल्विषमपसारय भोः !

सारे सुर-असुरोंद्वारा नमन किये गये पदवाले प्रभो ! हे अभिमानरहित शम्भो ! अपने प्रियजनोंके हृदयकमलोंमें रमनेवाले भ्रमर प्रभो ! हे देवाधिदेव विभो !

विश्वके पापोंको हटाइए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रुतनिजजनयाचन ! दुष्कृतनाशन ! भोः !
स्वजनहितङ्कर ! सुकृतङ्कर ! भोः !
जय जय शिव ! शङ्कर भोः !

अपने जनोंकी याचना सुननेवाले नाथ ! हे दुष्कृतनाशक ! हे स्वजनोंके कल्याण करनेवाले प्रभो ! हे सुकृत करनेवाले विभो !

आप शिव-शङ्कर प्रभुकी जय हो ।

जय देव ! दयाधन ! कृतसुरकार्य ! विभो !
अतिवीर्यबलान्वित सुतजनकेश्वर ! भो !
किल्बिषमपसारय भोः !
जय जय शिव ! शङ्कर भोः !

हे देव ! हे दयाधन ! हे सुरकार्य कर देनेवाले सर्वव्यापक प्रभो ! हे अत्यन्त वीर्य-बलोंसे सम्पन्न पुत्रका जनक विभो !

विश्वके पापोंको हटाइए, शिव-शङ्कर प्रभो ! आपकी जय हो, जय हो ।

वयं कृतार्थाः स्म तथानुकम्पया
व्यश्रावि नोऽभ्यर्थनमीश ! यत्त्वया ।
तदस्तु सत्यं ! सुरसैन्यरक्षकः
सुतो भवेत् संयति दैत्यनाशकः ।।

हे जगदीश गिरीश प्रभो ! आपद्वारा इस ढंगसे अनुकम्पा किये गये हम सब अत्यन्त कृतज्ञ हैं, जो आपने हमारी अभ्यर्थनायें सुनीं । अब वही सत्य हो, यह आप दोनोंका पुत्र सुर-सैन्यका संरक्षक हो और रणक्षेत्रमें दुष्टों-दैत्योंका नाशक हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं देववरेश्वर ! त्रिभुवने देव्या समं प्रौढया
प्रेम्णा संरममाणया विहरता भक्तप्रियेण त्वया ।
कार्यं विश्वजनीनमात्मसुखदं सत्कर्म, लीलाश्च ताः
संदर्श्या, भवताज्जगत्प्रगतिमच्छान्तं मनः स्याच्च नः ॥

हे देववरोंके भी परमेश्वर प्रभो ! इस त्रैलोक्यमें आपके साथ रमण करनेकी चाह रखने वाली प्रौढा देवी-शिवाके साथ अब आप जो अपने भक्तोंके प्रिय हैं, भविष्यमें भी इसी तरह आत्म-सुखदायी एवं सांसारिक प्राणियोंकें लिए निरन्तर कल्याणकारक सत्कर्म करते रहें । विशेषतः नाथ ! यह दृश्य-श्रूयमाण जगत प्रगतिशाली हो, साथ ही हमारा मन भी शान्त हो ।

इति नवमसर्गे द्वितीया लीला

काव्य-समाप्तिः

29283

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रियतम वस्तुएं

कामं भवेऽत्र बहवः सुभगास्तभावा
भावा भवन्तु ममतु द्वितमं स्पृहायै ।
शब्दार्थपाकरुचिरा कविराजगीर्वा
गीर्वाणसिन्धुधरभक्तिरभङ्गुरा वा ॥

अर्थः- इस संसारमें भले ही चन्द्रमुखी, चन्द्रिका, चन्दन-वन आदि अनेक सुमनोहर पदार्थ भरे पडे हों, परन्तु मुझे केवल शब्द और अर्थके परिपाकसे रमणीय कविराजकी वाणी और दूसरी गङ्गाधर भगवान् शङ्करकी निश्चल भक्ति, ये दो ही वस्तुएँ प्रियतम लगती हैं ।

महाकवि जगद्धर भट्ट

२०४५/३/१०

दूरभाषसंख्या (फोन नंबर) ४१५६८२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गीर्वाणवाण्यां लेखकेनामुना विलिखितानि

ग्रन्थरत्नानीमानि

☆

1) प्रस्तुतं गौरी-गिरीशम्, गीतिमहाकाव्यम्, हिन्दीभाषायामनूदितम्
2) श्रीकृष्ण चरितामृतम्, महाकाव्यम्, महाकाव्यम्, ,,
3) अस्यैव द्वितीयो भागः, तादृशमेव (अप्रकाशितम्) ,,
4) नाचिकेतसम्, कठोपनिषदाधारितम् (प्रकाशितम्) ,,
5) श्रीरामविलापः सुप्रसिद्धम्, खण्डकाव्यम् । (प्रकाशितम्)
6) ययातिचरितम् (अप्रकाशितम् महाकाव्यम्, ,,
7) वृत्रवधम् यथार्थनाम ,, ,, ,,
8) सम्पातिसन्देशः खण्डकाव्यम् ,, ,,
9) मनोयानम् यथार्थनाम ,,
10) नेपालेश्वरगौरवम्, अभिनीतपूर्वं यथार्थनाम नाटकम्, प्रकाशितम्
11) सत्स्तुतिकुसुमाञ्जलिः विविधदेवदेवीनां सत्स्तुतिरूपः (अप्रकाशितः)
12) पूर्णाहुतिः, । यौधिष्ठिरराजसूययज्ञाधारितम् नाटकम् ,,
13) महामोहः यथार्थनामा ,, ,, ,, ,, ,, ,,
14) श्रीकृष्ण-पद्यसंग्रहः ,, ,, ,, ,, ,, ,,
15) श्रीकृष्ण-गद्यसंग्रहः
16) अन्यसूक्तक-गद्य-पद्यादि

हिन्दीमें -

"गलि-विधिषोंकी रूप-रेखाएं" नामक सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं सान्दर्भिक इतिवृत्तात्मक ग्रन्थ, बिहार सरकार राजभाषा विभागसे ताम्रपत्रके साथ राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त ।

प्रकाशितानमेतेषां ग्रन्थरत्नानां प्राप्तिस्थानम्

लेखकस्यैव निवासस्थलम्
"काव्यप्रासादः"
टङ्गल-गहिरीधारा
काठमाण्डू २, नेपाल

दूरभाषसंख्या (फोन नंबर) ४१५६८२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu